सूर्योदय 6:39 सूर्यास्त 5:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 22.0 अधि |
| धर्मशाला | 13.5 न्यू | 24.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79486.32 |
| निफ्टी | 24148.20 |
| सोना | 77,540 |
| चांदी | 1,03,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




ट्रेनिंग के लिए दक्षिण अफ्रीका जाएंगे नीरज चोपड़ा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 9 नवंबर 2024 | 24 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 323, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### ट्रंप ने सूसी को व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ किया नियुक्त



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रचार प्रबंधक सूसी विल्स को चीफ ऑफ स्टाफ के पद पर नियुक्त किया है। सूसी इस प्रभावशाली पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला हैं, जो व्हाइट हाउस के प्रशासनिक कार्यालय का नेतृत्व करेंगी। डोनाल्ड ट्रंप ने सूसी विल्स को 'जीतने वाली प्रचार प्रबंधक' कहा और बताया कि यह सम्मान उनके लिए पूरी तरह योग्य है, क्योंकि वह अमेरिका की पहली महिला चीफ ऑफ स्टाफ बनी हैं।

### मुंबई पुलिस ने बरामद किए 2.30 करोड़, 12 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 23 नवंबर को चुनाव का रिजल्ट जारी होगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले पुलिस ने दक्षिण मुंबई के कालबादेवी में 12 लोगों के पास से 2.3 करोड़ रुपए नकद जब्त किए हैं। शुक्रवार को अधिकारियों ने यह जानकारी साझा की। दरअसल गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। लोकमान्य तिलक मार्ग थाना पुलिस और निर्वाचन अधिकारियों ने वीरवार की रात कुछ लोगों को रोक कर तलाशी ली गई तो उनके पास से 2.3 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए। नकदी ले जा रहे 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो आईपीएस को मिली तैनाती, दो के तबादले

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने नियुक्ति का इंतजार कर रहे दो आईपीएस अधिकारियों को तैनाती दी है। वहीं, दो आईपीएस का तबादला किया है। इस संबंध में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से शुक्रवार को अधिसूचना जारी हुई है। राजेश कुमार को सीआईडी क्राइम ब्रांच शिमला का एसपी लगाया गया है। इससे पहले वह पुलिस मुख्यालय में एसपी (लीव रिजर्व) थे। नियुक्ति के लिए प्रतीक्षारत ओमाप्ति जम्बाल को पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज डरोह में एसपी के पद पर तैनाती मिली है। इसी तरह भागमल को डरोह पुलिस अकादमी में एसपी लगाया है। पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज डरोह के एसपी अरविंद चौधरी को तत्काल पुलिस मुख्यालय शिमला में रिपोर्ट करने को कहा गया है। उनकी तैनाती आदेश बाद में जारी होंगे।

### सलमान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से फिर मिली धमकी



**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी मिली है। इस बार मुंबई के ट्रैफिक कंट्रोल रूम में गुरुवार आधी रात के आसपास सलमान खान के लिए धमकी भरा मैसेज आया। खबरों के अनुसार, धमकी के मैसेज में बताया गया है कि 'सलमान खान और लॉरेंस बिश्नोई' पर एक गाना लिखा गया है। धमकी के मैसेज में कहा है कि एक महीने के भीतर गाना लिखने वाले को मार दिया जाएगा। उसकी हालत ऐसी की जाएगी कि वह अपने नाम से गाना नहीं लिख पाएगा। अगर सलमान खान में हिम्मत है तो उसे बचा कर दिखाएं। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। धमकी देने वाले की अभी पहचान नहीं हुई हैं।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- अध्यापिकाएं बच्चों के साथ हड़ताल पर बैठी -पेज 2
- मास्टरमाइंड का सुराग लगाने में जुटी पुलिस -पेज 4
- एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन -पेज 7
- आरटीआई में लोनिवि के पास से नहीं मिला कोई रिकॉर्ड -पेज 10
- छठ पर्व पर यमुना नदी में उमड़ा आस्था का सैलाब -पेज 12

# दुनिया की कोई ताकत अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती : पीएम मोदी

## बोले-आर्टिकल 370 हटाना 21वीं सदी का सबसे बड़ा फैसला था

**एजेंसी, मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन पर जम्मू-कश्मीर से संविधान को खत्म करने की इच्छा रखने का आरोप लगाया और कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत वहां अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर सकती। उन्होंने कांग्रेस पर एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा करने का भी आरोप लगाया और लोगों को एकजुट रहने की गुजारिश की। उन्होंने कहा कि एक हैं तो सेफ हैं।

20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए महाराष्ट्र में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन दलितों और आदिवासियों को भड़काने के लिए संविधान के नाम पर कोरी किताबें दिखा रहा है। मोदी ने कहा कि जब तक लोगों का आशीर्वाद नहीं मिलेगा, तब तक यह



एजेंडा सफल नहीं होगा। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में केवल अंबेडकर के संविधान का पालन किया जाएगा। आपने टीवी पर देखा होगा कि कैसे जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को वापस लाने के लिए प्रस्ताव पेश किया गया और जब भाजपा विधायकों ने विरोध किया, तो उन्हें बाहर निकाल दिया गया। देश और महाराष्ट्र को यह समझना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस पर जातियों और समुदायों को बांटने का खतरनाक खेल खेलने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर एसटी (अनुसूचित जनजाति), एससी (अनुसूचित जाति) और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) एकजुट रहते हैं, तो कांग्रेस की राजनीति खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा करना चाहती है और एससी, एसटी और ओबीसी की एकता को कमजोर करना चाहती है।

पीएम मोदी ने कहा कि नेहरू के समय से ही कांग्रेस और उनके परिवार ने आरक्षण का विरोध किया और अब उनकी चौथी पीढ़ी के 'युवराज' जाति विभाजन के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने 2014 में पिछली सरकार के 15 साल के कुशासन को खत्म करने के लिए आपका आशीर्वाद मांगा था। आपने कृपा करके सुनिश्चित किया कि बीजेपी को अभूतपूर्व सफलता मिले। आज मैं महाराष्ट्र में अपना अभियान धुले से शुरू कर रहा हूं। महायुति का हर उम्मीदवार आपका आशीर्वाद चाहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि पिछले ढाई साल में महाराष्ट्र के विकास ने जो गति पकड़ी है, उसे रुकने नहीं दिया जाएगा।

### एमवीए पर साधा निशाना

**मोदी** ने चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) एक ऐसी गाड़ी है, जिसमें न तो पहिए हैं और न ही ब्रेक और ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए होड़ मची हुई है। धुले और महाराष्ट्र के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए मोदी ने कहा कि जब भी उन्होंने राज्य के लोगों से कुछ मांगा है, तो उन्होंने कृपा की है।

# अनुच्छेद 370 पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में फिर सियासी संग्राम



**अशोक ठाकुर, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा तो मानो जैसे जंग का अखाड़ा बन गई है। आर्टिकल 370 पर हंगामा शुक्रवार को भी जारी रहा। विधानसभा में विधायकों के बीच लगातार दूसरे दिन धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद मार्शल इंजीनियर रशीद के भाई और अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक खुर्शीद अहमद शेख को सदन से बाहर ले गई। इस दौरान वह गिर भी गए। शुक्रवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ।

कुपवाड़ा से पीडीपी विधायक ने जैसे ही बैनर दिखाया उसके बाद हंगामा शुरू हो गया। भाजपा विधायकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए जमकर नारेबाजी की। भाजपा विधायक आर्टिकल 370 के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर लगातार विरोध जता रहे हैं।

**भाजपा विधायकों ने की स्पीकर और पीडीपी विधायकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी**

सत्र जैसे ही शुरू हुआ, भाजपा विधायकों ने खड़े होकर स्पीकर और पीडीपी विधायकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी और विरोध-प्रदर्शन किया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पिछले 5 दिनों से आर्टिकल 370 की वापसी को लेकर बवाल जारी है।

पीडीपी ने अनुच्छेद 370 के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया था, जो बुधवार को सदन में पास हो गया। भाजपा विधायक इस पर आपत्ति जताते हुए लगातार विरोध कर रहे हैं। इसी को लेकर सदन में गहमागहमी हो रही है। (अनंत ज्ञान)

# सोपोर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकी किए ढेर



**अनंत ज्ञान, जम्मू**

उत्तरी कश्मीर के सोपोर के सागीपोरा इलाके में रात भर की शांति के बाद शुक्रवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी फिर शुरू हो गई। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है। सर्च ऑपरेशन जारी है।

कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट किया, 'सोपोर मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। उनकी पहचान और संबद्धता का पता लगाया जा रहा है। वहीं, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।'

## उपायुक्तों को उपमंडल स्तर पर राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा करने के दिए निर्देश

# नशे और अवैध खनन के खिलाफ सुक्खू सरकार सख्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को डीसी-एसपी सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हमीरपुर, मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, सिरमौर, शिमला और सोलन जिलों के अधिकारियों के साथ संवाद किया और उन्हें अपने-अपने जिलों में सुशासन पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपायुक्तों को उपमंडल स्तर पर राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करने और 31 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सभी डीसी और एसपी की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीआर) के लिए नए प्रदर्शन-आधारित नियम बनाए हैं। पिछली वर्णनात्मक ग्रेडिंग प्रणाली की तुलना में अधिकारी मूल्यांकन के लिए अब संख्यात्मक ग्रेडिंग सिस्टम लाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को अवैध खनन और मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए स्थानीय लोगों को शामिल करने पर बल दिया। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए आईजी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में एक विंग बनाने पर विचार कर रही है।



डीसी-एसपी सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रम की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से बचाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को एफसीए क्लीयरेंस मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को समय पर विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि एफसीए मामलों में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है। हिमाचल प्रदेश दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने वाला देश का पहला राज्य है। गाय का दूध 45 रुपए प्रति लीटर और भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर की दरों पर खरीदा जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक खेती से तैयार की गई गेहूं के लिए 40 रुपए प्रति किलोग्राम और मक्की के लिए 30 रुपए प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है।

उन्होंने राज्य में हरित पंचायतों की स्थापना की पहल के तहत उपायुक्तों को सौर परियोजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि की शीघ्र पहचान करने के भी निर्देश दिए। सम्मेलन में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा, प्रशासनिक सचिव और विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भी भाग लिया।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने रेलवे और फोरलेन निर्माण कंपनी को ठोंका लाखों का जुर्माना

**शुभम राही, बिलासपुर**

भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन व किरतपुर-नेरचैक फोरलेन निर्माण कार्य में लगी दो नामी कंपनियों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर ने लाखों का जुर्माना ठोंका है। कंपनी द्वारा सुरंगों से निकाला गया सारा मलबा काफी समय से गोबिंदसागर झील में फेंका जा रहा था।

ऐसे में शुरुआती दौर में प्रदूषण बोर्ड द्वारा निर्माता कंपनियों को बतौर नोटिस जारी किए गए। ऐसे में फिर भी कंपनियों द्वारा इस कार्य को नहीं रोका गया और झील में ही मलबा फेंका जा रहा था, जिसके चलते अंत: में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर द्वारा दोनों कंपनियों को अभी तक कुल 91 लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है। जानकारी के अनुसार फोरलेन निर्माण



में लगी एक कंपनी को कुल साढ़े 85 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह से रेलवे व फोरलेन दोनों काम करने वाली एक कंपनी को दो माह पूर्व अढ़ाई लाख व अब चार लाख रुपए यानी कुल साढ़े छह लाख रुपए जुर्माना लगाया है।

जानकारी के मुताबिक डंपिंग साइट को लेकर उच्च न्यायालय की ओर से जारी किए गए आदेशों के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे लाइन व किरतपुर-नेरचौक फोरलेन का निर्माण कार्य कर रही कंपनियों की व्यवस्था जांचना शुरू कर दिया है कि निर्माण कार्य के चलते पर्यावरण प्रदूषण तो नहीं हो रहा है। इसी जांच में पाया गया कि कंपनियों द्वारा टनल बनाने के लिए कटिंग भी जा रही है, लेकिन मलबे के लिए डंपिंग साइट ही निर्धारित नहीं की है। वहीं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर के अधिकारियों का कहना है कि नियमों की अवहेलना करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

> रेलवे और फोरलेन की दो कंपनियों को लाखों रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन कंपनियों द्वारा गोबिंदसागर झील में निर्माण कार्य का मलबा फेंका जा रहा था। इसके चलते यह कार्रवाई की गई है। -पवन शर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर

# हिमाचल में जीपीएफ निकासी के बिल फंसे, फाइनेंस ने लगाई रोक

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**दो सप्ताह से क्यों पास नहीं हो रहे कर्मचारियों के जीपीएफ बिल?**

सूबे में कर्मचारियों को अपने जीपीएफ (जनरल प्रोविडेंट फंड) से पैसा निकालना आसान नहीं रहा है। पिछले दो सप्ताह से उनके बिल क्लीयर नहीं हो रहे हैं।

जीपीएफ के तमाम बिल लटक गए हैं। इस कारण राज्य के वे कर्मचारी परेशानी में हैं, जिन्हें तत्काल किसी कारण बस मेडिकल ट्रीटमेंट, एडवांस, शादी-विवाह या फिर बच्चों की एजुकेशन से संबंधित अपने जनरल प्रोविडेंट फंड से पैसा विदड्रॉल करना है। ऐसे कर्मचारियों के बिल पास नहीं हो रहे हैं। खोजबीन से पता चला है कि कोष विभाग ने सॉफ्टवेयर में बदलाव किया है, जिस कारण यह समस्या कर्मचारियों के सामने मुंह फुलाकर खड़ी हो गई है। हालांकि, ट्रेजरी के अधिकारी यही कह रहे हैं कि सॉफ्टवेयर में बदलाव किया गया है, लेकिन ऐसा नहीं है कि बिल पास नहीं होंगे। इसमें थोड़ा वक्त लग रहा है, मगर जानकारी यह मिल रही है कि पिछले 10 से 15 दिनों के दरमियान जिन्होंने भी जीपीएफ के बिल संबंधित ट्रेजरी ऑफिसों में जमा करवाए हैं, उन्हें राशि का भुगतान नहीं हुआ है। यही सबसे बड़ी दिक्कत है। (अनंत ज्ञान)

### जिस दिन बिल जमा करवाएं उसी दिन होती है पेमेंट

**दरअसल** सिस्टम यह है कि कर्मचारियों को अचानक यदि अपनी जमा पूंजी, जो वे जीपीएफ में जमा करवाते हैं, उसे तत्काल निकालने की जरूरत पड़ जाए, तो जैसे ही ट्रेजरी में बिल जाएगा, झट से उसकी अदायगी संबंधित के खाते में हो जाएगी। ऐसा पिछले लंबे समय से होता चला है, लेकिन 15 दिनों में जो कुछ हो रहा है, उससे कर्मचारियों के होश उड़ने लगे हैं। बेचैनी बढ़ने लगी है, क्योंकि तत्काल पैसा नहीं मिल पा रहा।

### क्यों लगानी पड़ी रोक?

**जब** जिला स्तर पर ही सभी तरह के इन बिलों की क्लीयरेंस का जिम्मा जिला कोषाधिकारी के पास मौजूद है, तो फिर शिमला स्तर पर सॉफ्टवेयर में जो बदलाव बताया जा रहा है उसकी जरूरत क्यों पड़ी? क्योंकि जितनी भी अपलोडिंग डिस्टिक ट्रेजरी ऑफिसर्स कर रहे हैं, उसमें ऑप्शन शिमला स्तर पर भुगतान का बताया जा रहा है। ट्रेजरी ऑफिसर्स चाहकर भी इनकी पेमेंट नहीं कर पा रहे। कर्मचारियों को बताया जा रहा है कि राज्य कार्यालय से ही यह रोक लगाई गई है। क्यों लगाई गई, इसकी जरूरत क्यों पड़ी, क्या पैसा विदड्रॉल करने वालों की सूची कम हो, इसलिए ऐसा किया गया है। कुछ भी बताने से कोई भी अधिकारी गुरेज कर रहा है।

### क्या कहते हैं एडिशनल डायरेक्टर

**शिमला** स्थित एडिशनल डायरेक्टर दीपक भारद्वाज ने बताया कि मुझे तो इसकी कोई जानकारी नहीं है फिर भी यदि ऐसा हुआ है तो पता किया जाएगा, लेकिन हमीरपुर में स्थित जिला कोषाधिकारी डोलमा चौधरी का कहना है कि यह रोक शिमला स्तर पर ही लगाई गई है। सॉफ्टवेयर में जो बदलाव हुआ है उसी की वजह से इस तरह के निकासी के सारे बिल शिमला से ही क्लीयर होंगे। थोड़ी दिक्कत है, लेकिन अभी कुछ भी और बताया नहीं जा सकता। बिल क्लीयर होंगे, कोई कारण रहा होगा, इसका पता तो शिमला स्तर पर ही चल पाएगा।

## श्रीनगर ग्रेनेड हमले में बड़ी सफलता

# लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी गिरफ्तार

**जाम्मू।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में रविवार बाजार में ग्रेनेड फेंकने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। आईजीपी कश्मीर विधि कुमार बिरदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने तीन नवंबर को श्रीनगर में हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को हिरासत में लिया है, जिनकी पहचान ओसामा यासीन शेख, उमर फैयाज शेख और अफनान मंसूर शेख के रूप में हुई है। इस हमले में 12 नागरिक घायल हो गए थे। आईजीपी कश्मीर विधि कुमार बिरदी ने कहा कि बीती तीन नवंबर को श्रीनगर के 'रविवार बाजार' में ग्रेनेड हमले के मामले में पुलिस ने आतंकवादियों को पकड़ लिया है। तीन लोग पकड़े गए हैं। तीनों इखराजपुरा श्रीनगर के ही रहने वाले हैं। यूएपीए में मामला दर्ज किया गया है। इन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।



## मौसम | 90 प्रतिशत जमीन पर नहीं हो पाई गेहूं की बुवाई

# हिमाचल के किसानों पर सूखे की मार



फाइल फोटो

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून सीजन में भी सामान्य से 19 प्रतिशत कम बारिश हुई है। पोस्ट-मानसून सीजन में भी सामान्य से (एक अक्तूबर से 8 नवंबर तक) 98 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार, 123 सालों में ऐसा तीसरी बार हुआ है, जब पोस्ट-मानसून सीजन में इतनी कम बारिश हुई है। प्रदेश में इस बार भयंकर सूखे वाली स्थिति बनती जा रही है। इसकी सबसे ज्यादा मार गेहूं उत्पादक किसानों पर पड़ रही है। प्रदेश के अधिक ऊंचे और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गेहूं की बुवाई का उपयुक्त समय निकल चुका है। अब मैदानी इलाकों में ही बुवाई के लिए एक सप्ताह शेष बचा है। मगर अभी तक 10 प्रतिशत क्षेत्र में ही किसान गेहूं की बुवाई कर पाए हैं। 90 प्रतिशत जमीन पर किसान गेहूं की बुवाई के लिए बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं।

### हिमाचल में 3.26 लाख हेक्टेयर में होती है गेहूं की फसल

**कृषि** विभाग के अनुसार, प्रदेश में गेहूं की फसल 3 लाख 26 हजार हेक्टेयर जगह में होती है, लेकिन इस बार गेहूं की बुवाई मुश्किल से 30 हजार हैक्टेयर में हो पाई है। इससे हिमाचल का किसान चिंता में है। गेहूं के साथ-साथ गोभी, मटर, शिमला मिर्च इत्यादि पर भी सूखे की मार पड़नी शुरू हो गई है। प्रदेश में 6 जिले चंबा, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन, सिरमौर और कुल्लू में तो बीते 38 दिनों से पानी की बूंद तक नहीं गिरी। अन्य जिलों में भी नाममात्र बूंदाबांदी हुई है। इससे हिमाचल में सूखे के कारण गंभीर हालात बन रहे है। गेहूं की बात करें तो कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी, सिरमौर, ऊना और चंबा जिला में ज्यादा पैदावार ज्यादा होती है। इन जिलों के किसान ज्यादा परेशान है।

### 11-12 नवंबर को हो सकती है बारिश

**मौसम** विभाग की मानें तो अगले 72 घंटे तक बारिश के आसार नहीं है। मगर 11 और 12 नवंबर को ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना नहीं है, जबकि प्रदेश में गेहूं की ज्यादा फसल मैदानी इलाकों में ही होती है।

## भारतीय रेल ने बनाया नया रिकॉर्ड

# एक दिन में तीन करोड़ यात्रियों ने किया ट्रेन से सफर



**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में रोजाना लाखों यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। लाखों की यह संख्या कई बार एक करोड़ का आंकड़ा भी पार कर गई है।

इसी कड़ी में भारतीय रेलवे ने अब एक नया रिकॉर्ड बनाया है। रेल मंत्रालय की तरफ से दी गई हालिया जानकारी के अनुसार 4 नवंबर 2024 को ट्रेन से 3 करोड़ से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया। यात्रियों की यह संख्या भारतीय रेल के लिए नए रिकॉर्ड बनाने को लेकर अहम है। मंत्रालय ने इसे देश के परिवहन इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

# शिमला-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### गुम्मा में खंड स्तरीय बाल मेला आयोजित



**कोटखाई, भरत ठाकुर।** शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोटखाई खंड का केंद्रीय राजकीय पाठशाला मेला गुम्मा में आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 25 केंद्रीय पाठशालाओं और लगभग 88 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कोटखाई कलम सिंह ने जानकारी देते बताया इस मेले में साइंस कंपटीशन, क्विज कंपटीशन, एकल गीत, समूहगान, लोक नृत्य जैसी बहुत सारी गतिविधियां कराई गई, मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को निखारना माना जाता है साथ ही साथ बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना होता है।

### नेरवा से गायब हुआ पधर का बिरोजा निकासी मजदूर

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** अप्रैल महीने में बिरोजा निकासी का कार्य कर रोजी रोटी कमाने नेरवा आया मंडी की पधर तहसील का एक युवक दीपावली के बाद पांच नवंबर से गायब है। युवक के घर से परिजन उसकी तलाश में नेरवा पहुंच चुके है तथा उसकी गुमशुदगी की सूचना नेरवा थाना को दी गई है। गायब युवक के भाई आशीष ने बताया कि उसका भाई राजेंद्र पुत्र नाग सिंह, गांव सरवाला, जिला मंडी एक अन्य युवक राजू के साथ नेरवा की गढ़ा वन बीट में बिरोजा निकासी का कार्य करने हेतु 18 अप्रैल को नेरवा आया था एवं राजू के साथ गढ़ा में ही एक किराए के कमरे में रह रहा था। इस बीच दीपावली के बाद 5 नवंबर को वह अचानक गायब हो गया। सूचना मिलने पर राजेंद्र के पिता नाग सिंह,भाई आशीष व अरविन्द नेरवा पंहुचे तथा 7 नवंबर को राजेंद्र की गुमशुदगी की सूचना नेरवा थाना को दी। एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है ।

### सीमा कॉलेज में कंप्यूटर साइंस पर करवाई कार्यशाला



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खाबल के छात्रों के लिए कंप्यूटर साइंस विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत के निर्देशन में किया गया। कार्यशाला में खाबल स्कूल के 21 छात्रों और तीन शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर संजय बासींगटा, संदीप झामटा व रीनू चौहान रहे। डॉ. ललिता रावत ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को कंप्यूटर साइंस के प्रति जागरूक करना और उन्हें आधुनिक तकनीकों के उपयोग में निपुण बनाना है।

### विद्यार्थियों ने जानी मतदाता पहचान पत्र पंजीकरण की प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू में 7 नवंबर को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन मतदाता पहचान पत्र पंजीकरण का आयोजन किया गया, जिसमें 20 से अधिक छात्र-छात्राओं के मतदाता पहचान पत्र अनलाइन माध्यम से पंजीकृत किए गए। इस अवसर पर 67-रोहड़ू विधानसभा के निर्वाचन कानूनगो प्रणीत बद्दवान व उनके साथ आए हुए रमेश व निखिल विशेष रूप से मौजूद रहे। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर विवेक कुमार शर्मा ने सभी गणमान्य का स्वागत किया। निर्वाचन कानूनगो प्रणीत बद्दवान ने सभी छात्र-छात्राओं को मतदान पहचान पत्र की विस्तृत जानकारी दी और इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक आचार्य रनीव ठाकुर व ईएलसी प्रभारी डॉ. पंकज शर्मा भी उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम का उद्देश्य 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके विद्यार्थियों का मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्राचार्य ने इलेक्शन टीम का धन्यवाद किया ।

### घुमारवीं के कैडेट्स ने पीएम के समक्ष दी प्रस्तुति

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के एनसीसी



कैडेट अनमोल शर्मा, शिवम चंदेल और कनिका शर्मा ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर गुजरात के एकता नगर के केवड़िया में आयोजित राष्ट्रीय उत्सव में भाग लिया। जानकारी देते हुए एनसीसी ऑफिसर डॉ रिपन कुमार ने कहा कि यह कैंप 16 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक गुजरात में हुआ और इसमें इन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर आधारित सामूहिक नृत्य का अभ्यास करवाया गया।इस अवसर पर देशभर से एनसीसी के 450 कैडेट्स के साथ मिलकर राष्ट्रीय एकता दिवस पर विशेष सामूहिक नृत्य में भाग लिया। यह प्रस्तुति देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष दी गई। कैडेट अनमोल शर्मा के अनुसार इस अवसर पर डीजी एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबिल पाल सिंह से मिलना अविस्मरणीय पल रहा और उन्हें देशभर से आए एनसीसी कैडेट्स से बात करके बहुत कुछ सीखने को मिला। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने कैडेट्स को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### प्राइमरी कक्षाओं के लिए बाल मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठी के साथ लगते क्षेत्र सरगल में स्थित



ओल्ड जेएनवी के प्रांगण में पहली से पांचवीं तक ब्लॉक स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें झंडूता उपमंडल की 114 स्कूलों के लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी प्रेम लाल उपस्थित रहे। आपको बता दें कि बाल मेले में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने एकल गान, समूहगान, लोकनृत्य, म्यूजिकल चेयर व एकांकी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मुख्यातिथि के रूप में पधारे प्रेम लाल शर्मा ने बताया कि आज झंडूता विधानसभा के लगभग 114 स्कूल यहां आए हुए हैं। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा बाहर आती है। इस मौके पर सुनील कुमार, श्याम लाल सहायक लेखाकार खंड स्त्रोत कार्यालय झंडूता भी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवियों ने संवारी एनएसएस वाटिका

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में



एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। इसमें 81 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रीतम लाल के निर्देशानुसार प्रातः साढ़े नौ बजे एनएसएस गीत के साथ किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के खेल परिसर व एनएसएस वाटिका को साफ किया गया। तत्पश्चात मध्याह्न करने के बाद सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के समापन अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रमेश कुमार, प्रो.पूजा व प्राचार्य के शुभ आशीर्वाद के साथ इस एक दिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### नोटबंदी देश के लिए काला अध्याय : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रेस को जारी वक्तव्य में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने केंद्र सरकार पर एक बार फिर से निशाना साधते हुए कहा कि आज के दिन साल 2016 को नोटबंदी करके देश की अर्थव्यवस्था के लिए काला अध्याय लिखा गया था। इसका खामियाजा आज देश भुगत रहा है क्योंकि देश पर आज करीब 261 लाख करोड़ की देनदारी खड़ी हो गई है, जबकि नोटबंदी से पूर्व यह देनदारी करीब 55 लाख करोड़ ही थी। सांख्यान ने कहा कि साल 2016 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों से केवल 50 दिन मांगे थे और कहा था कि नोटबंदी से काला धन भी वापस सरकार के खाते में आ जाएगा, लेकिन न तो देश का कालाधन वापस आया और न ही देश की गरीबी मिट सकी, उल्टे नोटबंदी जैसे तुगलकी फैसले से देश कर्जदार हो गया।

## वोकेशनल टीचर 5 दिन से शिमला में हड़ताल पर, कहा-हमारी तरफ सरकार की कोई नजर नहीं

# अध्यापिकाएं बच्चों के साथ हड़ताल पर बैठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के चौड़ा मैदान में छोटे-छोटे बच्चों के साथ हड़ताल पर बैठी महिला अध्यापक पर सरकार खरी नहीं उतर रही है। सरकार को इन पर कोई तरस नहीं आ रहा है।

वोकेशनल टीचर 5 दिन से शिमला में हड़ताल पर है। इनकी तरफ सरकार की कोई नजर नही है। बता दें कि इससे 1100 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में 80 हजार से ज्यादा छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। फिर भी सरकार इन्हें वार्ता को नहीं बुला रही। वहीं वोकेशनल टीचर सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों को बाहर नहीं करने तक हड़ताल पर डटे रहने की चेतावनी दे चुके है।

हड़ताल पर गए वोकेशनल टीचर हरियाणा की तर्ज पर उनकी सेवाएं विभाग के अधीन लाने की मांग कर रहे हैं। इनका आरोप है कि कंपनियां 10-11 सालों से उनका शोषण कर रही है। सरकार को भी उन्हें कमीशन के रूप में मोटी रकम देनी पड़ रही है। हरियाणा सरकार पहले ही इनकी सेवाओं को विभाग के अधीन ला चुका है। अब हिमाचल में भी यही मांग उठ रही है। वोकेशनल टीचर शिमला के चौड़ा मैदान में खुले आसमान के नीचे पांच दिन से हड़ताल पर बैठे है। इनमें कई महिला टीचर ऐसी है जिनके साथ उनके छोटे छोटे बच्चे भी चौड़ा मैदान में मौजूद है। ऐसे में इन्हें खासकर रात के वक्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ टीचर की तबीयत भी बिगड़ने लगी रही है, क्योंकि रात में तापमान काफी नीचे गिर जाता है। वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने बताया कि 5 दिन से सरकार ने उनकी सुध नहीं ली।



धरने पर बैठी हुई अध्यापिकाएं।

**वोकेशनल टीचर ने सर्विस प्रोवाइडर कंपनी को बाहर करने की उठाई मांग**

महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों के साथ हड़ताल पर डटी हुई है। उन्होंने बताया कि वोकेशनल टीचर की एक ही मांग है। वह चाहते हैं कि सर्विस प्रोवाइडर कंपनी को बाहर किया जाएगा। इससे सरकार पर एक रुपए का भी वित्तीय बोझ पड़ने वाला नहीं है। फिर भी अब तक सरकार ने उन्हें वार्ता को नहीं बुलाया। इससे वोकेशनल टीचरों में सरकार के प्रति रोष पनपता जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब तक कंपनियों को बाहर नहीं किया जाता तब तक टीचर काम पर नहीं लौटेंगे। वह आर पार की लड़ाई को तैयार है।

बता दें कि 2174 वोकेशनल टीचर 5 दिन से शिमला के चौड़ा मैदान में हड़ताल पर बैठे हैं। प्रदेश के सरकारी हाई और सेकेंडरी स्कूलों में साल 2013 से वोकेशनल सब्जेक्ट 9वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है। इन पाठ्यक्रमों में 80 हजार से ज्यादा छात्र पंजीकृत है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने एक-दो नहीं बल्कि पूरी 17 कंपनियां पंजीकृत कर रखी है। सरकारी स्कूलों में वोकेशनल टीचर केंद्र सरकार की स्कूलों में दक्ष कामगार तैयार करने की योजना के तहत रखे गए हैं।

# शिक्षा मंत्री ने 98 लाख से बनने वाले पशु औषधालय की रखी आधारशिला

**दशमी रावत, रोहड़ू**



शिलान्यास व उद्घाटन करते शिक्षा मंत्री व अन्य।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नावर क्षेत्र के पुजारली-4 में 98 लाख की लागत से निर्मित होने वाले पशु औषधालय के भवन की आधारशिला रखी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि विकास कार्यों की चर्चा करते हुए बताया कि कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पिछले लगभग 2 वर्षों में नावर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं।

उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधायक पुजारली-4 में चारदीवारी के लिये शीघ्रतिशीघ्र बजट का प्रावधान करवाने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात, शिक्षा मंत्री शरौंथा पहुंचे जहां पर उन्होंने विधायक प्राथमिकता के तहत 7 करोड़ 50 लाख रुपए से स्तरोन्नत होने वाली शरौंथा-कराली-कलगांव टीर सड़क का भूमि पूजन किया।

रोहित ठाकुर ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार को याद करते हुए बताया कि डॉ. परमार का कहना था कि सड़कें पहाड़ों की भाग्य रेखाएं है। बिना सड़कों के हिमाचल का विकास संभव नहीं है। उसी दिशा में वर्तमान सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं एक मंत्री के रूप में इस दिशा में पुर रूपेण कार्यरत हैं जिसका परिणाम यह है कि जुब्बल-नावर-कोटखाई में अभी तक 95 सड़कें पास हो चुकी है और दिसंबर के अंत तक यह यह संख्या 100 पहुंच जाएगी।

रोहित ने बताया कि नावर क्षेत्र की ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण सड़क घणासीधार से खादराला सड़क का भी लोकार्पण किया जो कि न केवल कोटखाई और नावर क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क है। उन्होंने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई में विकास की धारा अविरल बह रही है फिर भी विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और वह पूरे समर्पण के साथ इस प्रक्रिया में प्रयासरत हैं। (अनंत ज्ञान)

# रियोघाटी से चमैन सड़क की हुई सफल पासिंग

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**

कोटखाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत रावलाक्यार के अंतर्गत नगिन्द्री गांव को जोड़ने वाली सड़क व ग्राम पंचायत चौगन-कुल्टी व पराली-बदरूनी के अंतर्गत संपर्क मार्ग रियोघाटी से चमैन वाया कुफरबाग-शक्तिनगर-बगैंणजुब्बड़ - गलैहा-चौंरी-बघाल सड़क की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग की गई। ग्राम पंचायत रावलाक्यार, ग्राम पंचायत चौगन-कुल्टी व पराली-बदरूनी की जनता ने सड़कों की पासिंग के लिए जुब्बल-नावर-कोटखाई के विधायक व प्रदेश सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया हैं।



सड़क पासिंग दौरान मौजूद गणमान्य।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र से उप चुनाव-2021 में निर्वाचित होने के बाद अब तक क्षेत्र में रिकॉर्ड 95 सड़कों की सफल पासिंग हो चुकी हैं।

सड़कों की पासिंग के दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लिविंग वैल्यू स्कूल में करवाया पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

लिविंग वैल्यू पब्लिक स्कूल चौपाल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित हुआ जिसमें कांट्रेक्टर संदीप दीवान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी। स्कूल छात्रों द्वारा पेश पहाड़ी नाटी, फिल्मी और पंजाबी गीतो से लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

लिविंग वैल्यू स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा सर पे हिमालय का ताज है, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, मन रंग दे बंसंती चोला, राम आयेंगे आदि गानों पर नृत्य पेश किया और लोगो ने इसे विशेष रूप से सराहा। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों मेघा, नेनिका, आरुशी, सृष्टि, हिमानी, आराध्या, निधि, अवंतिका, आयुषी, प्रियल, हिमानी, सानवी, काव्या, सेजल, रियांशी, अंजली, अवनि, आदित्य, चिराग, इशान, सेहज, शुभम, सर्वेश, अमृत, आर्यन, एडिश, कार्तिक, सोनल, रिषभ, अथर्व, अवनि आदि ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।





बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र जुरटा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ कर सुनाई तथा कहा कि उनके स्कूल के पल्लवी ठाकुर, पार्थ शर्मा, आयुषी शर्मा, युगंत, अमानत, कनिष्क, मानवी, आराध्या, याशिका, आह्वत गुप्ता, सृष्टि, अंशुमन, सोनल, अश्विक, कार्तिक, सूर्यांश, सक्षम, लोव्यंश, आर्यन, चिराग, कृतिका, समर, इशान, सर्वेश, अवंतिका, आदित्य, मन्नत और सुहाना ने अपनी अपनी कक्षाओं में अव्वल स्थान प्राप्त किया है।

इस अवसर पर लोकिंदर नेगी, संजीव शर्मा, शिवलाल शर्मा, एम आर बरागटा, बलबीर झालटा, विजय केस्टा, वेद वर्मा, सुनीता शर्मा, भावना सूद, यशपाल, रमा, पूनम, अंकिता, आदि उपस्थित रहे।

# चौपाल में 16 को सजेगा रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड बिलासपुर कि ओर से 16 नवंबर को सुबह 11 बजे रोजगार कार्यालय चौपाल में साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी उपरोजगार कार्यालय चौपाल राजिंद्र सिंह ने कहा कि साक्षात्कार में पुरुष सिक्यूरिटी गार्ड, सुपरवाइजर के 200 पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवी और आयु 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। मासिक वेतन 16,500 से 24,000 होगा और नियुक्तियां हिमाचल और चंडीगढ़ में की जायेगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।

# जिला सुशासन सूचकांक में बिलासपुर सेकेंड

## डीसी आबिद हुसैन सादिक की कुशल कार्यप्रणाली से पांचवें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचा जिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में जिला सुशासन सूचकांक की वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए बिलासपुर जिले को दूसरा स्थान मिलने की घोषणा की। इस रिपोर्ट में आठ मूल विषय, 19 केंद्र बिंदु और 90 विशिष्ट कारकों का आकलन किया गया, जिसमें बिलासपुर को राज्य स्तरीय प्रदर्शन में महत्वपूर्ण वृद्धि करते हुए पांचवें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचने का गौरव प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि के लिए बिलासपुर को 35 लाख रुपए का द्वितीय पुरस्कार भी दिया गया। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को सम्मानित करते हुए उनके नेतृत्व में बिलासपुर जिले की गवर्नेंस प्रणाली की सराहना की।





सीएम सुक्खू ने कहा कि जनकल्याण के लिए सुशासन, पारदर्शिता, और जवाबदेही का होना अत्यावश्यक है और बिलासपुर ने इसे साकार कर दिखाया है। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि जिले में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सुगम और प्रभावी गवर्नेंस प्रणाली का निर्माण किया गया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बिलासपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों की तन्मयता व निष्ठा को देते हुए कहा कि जनता की सुविधा और सरकार के उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए पूरी टीम ने एकजुट होकर प्रयास किए हैं। यह पुरस्कार बिलासपुर में चल रही विकास प्रक्रियाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो आने वाले वर्षों में और भी उच्च उपलब्धियों की ओर अग्रसर रहेगा।

### डीसी ने जिले में सुशासन के लिए उठाए प्रभावी कदम

**उपायुक्त** आबिद हुसैन सादिक ने बिलासपुर जिले में सुशासन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह, और जनोन्मुखी बनाने पर जोर दिया है। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने से लेकर योजनाओं का सुचारु कार्यान्वयन सुनिश्चित किया गया है, जिससे जनता की जरूरतों को प्राथमिकता से पूरा किया जा सके। उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता और जवाबदेही पर विशेष ध्यान दिया गया है। शिकायतों और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली लागू की गई है, जिससे लोगों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ा है। जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने ग्राम सभाओं और जन सुनवाई कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया, ताकि वे विकास योजनाओं में सीधे तौर पर जुड़ सकें। उन्होंने प्रशासन में तकनीक का उपयोग बढ़ाते हुए कई सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराया है, जिससे जनता को सेवाएं तेजी से और सरलता से मिल सकें।

# टेलीसेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों के लिए 16 नवंबर को साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत बुकिंग हॉलीडेज प्राइवेट लिमिटेड, मनाली, हिमाचल प्रदेश द्वारा टेलीसेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों हेतु 16 नवंबर को जिला रोजगार कार्यालय, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में प्रातः 11बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 अथवा ग्रेजुएशन निर्धारित है। चयनित उम्मीदवारों को मासिक वेतन रु 12,000 रुपए के साथ इंसेंटिव भी दिया जाएगा। यह एक सुनहरा अवसर है उन उम्मीदवारों के लिए जो टेलीसेल्स क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। कंपनी के अनुसार, चयनित उम्मीदवारों को एक प्रगतिशील कार्य वातावरण के साथ-साथ उत्कृष्ट प्रोत्साहन योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। इच्छुक 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला उम्मीदवार सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 16 नवंबर को जिला रोजगार कार्यालय, बिलासपुर में पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवारों को इंप्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है, तथा उनका रोजगार कार्यालय में पंजीकरण भी होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए 8988506005 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पति के निधन पर महिला को दी 10 हजार की सहायता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

भराड़ी एक्स स्टूडेंट्स सोशल वेलफेयर समिति भराड़ी की मासिक बैठक भराड़ी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान आजाद चंद वर्मा ने की। बैठक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा व विचार विमर्श किया गया। बैठक में कौशल्या देवी पत्नी स्वर्गीय दीनानाथ गांव जोल डंगार को पति के निधन पर 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई।

इस मौके पर समिति के प्रधान आजाद चंद वर्मा ने समिति के सभी सदस्यों से अपील की कि समिति में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए। ताकि समिति द्वारा जरूरतमंद लोगों की भरपूर सहायता की जा सके। इस मौके पर समिति के उप प्रधान ज्ञानचंद भारद्वाज, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, महासचिव जेके शर्मा, सरवन सिंह चौहान सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## डियारा सेक्टर का आग में झुलसा व्यक्ति एम्स में उपचाराधीन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

शहर के डियारा सेक्टर में एक व्यक्ति आग में बुरी तरह से झुलस गया। घायल का उपचार एम्स बिलासपुर में चल रहा है। व्यक्ति ने आग खुद लगाई या किसी अन्य कारण से लगी, उसकी पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर को डियारा सेक्टर स्थित एक घर के कमरे से अचानक धुआं निकलने लगा।

कमरे में परिवार का एक सदस्य मौजूद था। धुंआ निकलता देख कमरे मौजूद व्यक्ति की मां ने दरवाजा खोलने की कोशिश की,लेकिन वह अंदर से बंद था। महिला के शोर मचाने पर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पुलिस और फायर बिग्रेड को भी दी गई। किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला गया। आग में अंदर मौजूद व्यक्ति बुरी तरह से झुलस चुका था।

**मीटिंग** जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन

# भाजपा ने सक्रिय सदस्यता अभियान में लाई तेजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला में प्राथमिक सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा करने के बाद जिला भाजपा ने अब सक्रिय सदस्यता अभियान तेज कर दिया है। इसकी समीक्षा के लिए शुक्रवार को भाजपा के जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। सक्रिय सदस्यता की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बूथ स्तर पर कमेटियां गठित की जाएंगी। इसके लिए 30 नवंबर तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य समय रहते हासिल करने के लिए जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्माए झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल व सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने विशेष तौर पर भाग लिया।



बैठक की जानकारी देते हुए रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा संगठन का अपना संविधान है। इसके तहत प्रत्येक 3 साल के बाद संगठन के चुनाव होते हैं, जबकि 6 साल के बाद सभी कार्यकर्ताओं की नए सिरे से प्राथमिक सदस्यता करने के साथ ही नए सदस्यों को भी जोड़ा जाता है। बिलासपुर जिला में प्राथमिक सदस्यता अभियान का लक्ष्य पूरा हो चुका है। अब सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। रणधीर शर्मा ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद बूथ स्तर पर कमेटियां बनेंगी, जिसके लिए जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। बूथ स्तर की कमेटियों में अध्यक्ष व 11 सदस्यीय टोली के साथ पन्ना प्रमुख बनाए जाएंगे। यह प्रक्रिया 30 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी।

# विकासात्मक कार्यों में अड़ंगा अड़ा रहे मंत्री राजेश धर्माणी : भाजपा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं के विकास में मंत्री राजेश धर्माणी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। कई विकासात्मक कार्य ठप पड़े हैं। पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए कार्यों को भी पूरा नही करवाया जा रहा है, जिस कारण घुमारवी विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ता जा रहा है। यह आरोप शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं ने हैं। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने कहा है कि मंत्री अपने समय में तो क्षेत्र में नई योजनाएं लाने में नाकाम रहे हैं। वहीं, पूर्व सरकार के समय स्वीकृत योजनाओं को भी पूरा करवाने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार के समय एशियन डेवेलपमेंट बैंक से दियारा-लंजता पेयजल योजना के सुधारीकरण के लिए 8 करोड़ 26 लाख 93 हजार रुपए की राशि



स्वीकृत हुई थी तथा इसका टेंडर भी अवार्ड हो चुका है, लेकिन अभी तक यह योजना धरातल पर शुरू नहीं हो पाई है। राजनीतिक कारणों के कारण ही मंत्री इस योजना का काम शुरू नहीं होने दे रहे है। देश राज शर्मा ने कहा है कि इसी प्रकार उठाऊ पेयजल योजना कोठी-पनयाला और औहर के सुधारीकरण के लिए 12 करोड़ 33 लाख 95 हजार एशियन डेवेलपमेंट बैंक से स्वीकृत हुए थे तथा इसके टेंडर भी हो चुके हैं। बावजूद इसके अभी तक संबंधित योजनाओं का काम शुरू नहीं हो पाया है।

# एचआरटीसी को मिले 59 सब-इंस्पेक्टर

## पांच दिन के अंदर ज्वाइनिंग करने के निर्देश, नहीं तो दूसरे कर्मचारी को किया जाएगा पदोन्नत

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटी) के पांच दर्जन के करीब कंडक्टरों को दिवाली का तोहफा देते हुए उन्हें पदोन्नत किया है। निगम के 22 डिपुओं के 59 कंडक्टरों को सब-इंस्पेक्टर पद पर प्रमोट किया गया है। 32 पदोन्नत कंडक्टरों को छोड़कर शेष 27 कंडक्टरों को दूसरे डिपुओं में सब-इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है।

प्रोमोट कंडक्टरों में चंबा डिपो के कंडक्टर हरीश चंद्र को पठानकोट डिपो, सुंदरनगर डिपो के दुर्गा सिंह को धर्मपुर डिपो, रामपुर डिपो के नंदलाल को हैड ऑफिस, लोकल यूनिट के दलीप सिंह को रूरल यूनिट, रामपुर डिपो के नंदलाल को नालागढ़, सुंदरनगर डिपो के गुरदयाल सिंह को देहरा, लोकल यूनिट के कुशल सिंह को हमीरपुर यूनिट, सुंदरनगर डिपो के दुनी चंद सेकंड को देहरा डिपो, रामपुर डिपो के इंद्र सिंह को ऊना डिपो, रोहड़ू डिपो के शिव दयाल को देहरा डिपो, लोकल यूनिट के अजय कुमार को मंडलीय कार्यालय हमीरपुर, तारादेवी डिपो के संजीव कुमार को हमीरपुर डिपो, लोकल यूनिट के हरविंद्र कुमार को नालागढ़ डिपो, रामपुर डिपो के भूपेंद्र सिंह को ऊना डिपो, रिकांगपिओ डिपो के पृथ्वीराज को रोहड़ू डिपो, रामपुर डिपो के मोहिंद्र सिंह को हमीरपुर डिपो, रामपुर डिपो के जीवन सिंह को हैड ऑफिस, मंडी डिपो के शरणदास को सरकाघाट डिपो, धर्मशाला डिपो के राजेश कंवर को पठानकोट डिपो, सुंदरनगर डिपो के दीप चंद को कुल्लू डिपो, लोकल यूनिट के सूज राम को धर्मपुर डिपो, रोहड़ू डिपो के सुखदेव को सरकाघाट डिपो, रोहड़ू डिपो के बालक राम सेकंड को नालागढ़ डिपो, तारादेवी यूनिट के हेतराम को देहरा डिपो, लोकल यूनिट के मेहर चंद को नालागढ़ डिपो, चंबा डिपो के चैनलाल को पठानकोट डिपो और चंबा डिपो के श्रवण कुमार को पठानकोट डिपो में सब इंस्पेक्टर पद पर प्रोमोट किया गया है, जबकि जोगिंद्रनगर डिपो के कंडक्टर रविंद्र कुमार व युविंद्र सिंह, पालमपुर डिपो के संजीव कुमार, तारादेवी डिपो के राजेंद्र सिंह, राम कृष्ण, भाग मल, रोशन लाल व अन्वर अली, रूरल यूनिट डिपो के नरेंद्र कुमार, बिलासपुर डिपो के सुरेंद्र कुमार, नाहन डिपो के मामराज व राजेंद्र सिंह, लोकल यूनिट के मनोहर सिंह, जय गोपाल दास व सजू राम, रामपुर डिपो के सुमिंद्र सिंह, हैड ऑफिस के सुरेंद्र सिंह, रोहड़ू डिपो के नरेंद्र कुमार व भजन दास, कुल्लू डिपो के राजेंद्रपाल, खूब राम व राम चंद, करसोग डिपो के ज्ञान चंद, ऊना डिपो के अरुण कुमार, लोकल यूनिट के कुलदीप कुमार, नाहन डिपो के राजेंद्र सिंह व पृथ्वी सिंह, धर्मशाला डिपो के अश्वनी कुमार, सोलन डिपो के कृष्ण चंद, श्रद्धानंद व हुस्तन देव, हमीरपुर डिपो के गोपाल चंद और बैजनाथ डिपो के संतोष कुमार को वर्तमान डिपो में ही सब इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है।

गौरतलब रहे कि निगम में पिछले दो वर्षों से इमानदारी से सेवाएं दे रहे इन कंडक्टरों को पदोन्नत कर सब इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत सब इंस्पेक्टरों को रेगुलर बेसिक लेवल-6 व पे मैट्रिक्स 25600-81200 रुपए ज्वाइनिंग डेट से तुरंत प्रभाव से देने के निर्देश भी दिए गए हैं। निगम के पदोन्नत सब इंस्पेक्टरों को पांच दिनों के अंदर निर्धारित डिपुओं में ज्वाइनिंग देनी होगी। अगर किसी पदोन्नत कर्मचारी ने समय पर दिए गए डिपुओं में ज्वाइनिंग नहीं दी, तो उनकी पदोन्नति रद्द करके अगले कर्मचारी को पदोन्नत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

> एचआरटीसी के 22 डिपुओं के 59 कंडक्टरों को सब-इंस्पेक्टरों पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत कर्मचारियों को पांच दिनों के अंदर निर्धारित डिपुओं में ज्वाइनिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> 
>
> **रोहन चंद ठाकुर (आईएएस)**
> **मैनेजिंग डायरेक्टर, एचआरटीसी**

# ऊना पुलिस ने होशियारपुर के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, ऊना**



जिला पुलिस कप्तान राकेश सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस थाना हरोली की टीम ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

हरोली मुख्यालय पर महिला से चाकू की नोक पर मोबाइल छीनने वाले आरोपियों को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 18 अक्तूबर को हरोली की महिला जब अपने घर से ऊना के लिए बस स्टैंड की ओर जा रही थी।

तभी अचानक बाइक पर आए 3 सवारों में से 1 व्यक्ति ने उसे चाकू से डराया और उसका मोबाइल छीनकर सभी फरार हो गए। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस को की। शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की। तफतीश में जानकारी मिली कि घटना में इस्तेमाल किए गए बाइक का नंबर तक अंकित नहीं था।

विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों व तफ्तीश के बाद पुलिस ने बाइक सहित 2 लोगों को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। इसकी पुष्टि करते हुए हरोली थाना के प्रभारी सुनील संख्यान ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला के बयानों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 3 में से 2 लोगों को फिरफ्तार कर लिया गया हैं।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में आगामी कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान ओंकार निवासी थिंडा तहसील गढ़शंकर व कर्णदीप निवासी बिंजो तहसील गढ़शंकर, जिला होशियारपुर के रूप में हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### नवोदय में खाली सीटों के लिए आवेदन 19 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान 9वीं और 11वीं कक्षा में रिक्त सीटों को भरने के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बाकर अब 19 नवंबर कर दी गई है। ये आवेदन वेबसाइट सीबीएसईआईटीएमएस.एनआईसी.इन 2024 पर किए जा सकते हैं। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि अगर किसी विद्यार्थी को आवेदन में किसी भी तरह की दिक्कत आ रही है तो वह मोबाइल नंबर 82194-82550 या 89540-39120 पर संपर्क कर सकता है।

### 700 ग्राम चरस सहित युवक गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत गुरुवार रात को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कांगड़ा को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब इंस्पेक्टर सर्वजीत सिंह, एएसआई सुरेश कुमार की अगुवाई में पुलिस दल को खुफिया सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की चंबा के साथ लगते परेल पुल के पास एक नशा तस्कर नशे की खेप को ठिकाने लगाने की फिराक में है। एएनटीएफ दल ने मौके पर पहुंचकर तथा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक ने नीले रंग की हुड एवं जीन की पेंट पहने हुए पीठ पर बैग लिए पुल के साथ लगते माता की मंदिर के पास खड़ा था। जैसे ही युवक ने पुलिस दल को देखा तो वह घबरा गया और पूछताछ के दौरान पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगा किंतु जब पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली तो बैग में से कुल 700 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान 29 वर्षीय महेंद्र सिंह पुत्र हरी लाल निवासी मांजनी डाकघर झुंगरा तहसील चुराह, जिला चंबा के रूप में हुई है। इस सारे मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव द्वारा की गई है।

### 1.599 किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में चरस के साथ दो नेपाली मूल के युवक गिरफ्तार हुए हैं। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस थाना मणिकर्ण की टीम ने हुरलुधार में गश्त के दौरान दो नेपाली युवकों के कब्जे से 1.599 किलोग्राम चरस बरामद की है। आरोपितों की पहचान दलीप बूढ़ा (23 वर्ष) पुत्र वीर बहादुर मगर निवासी खालटाकुरा जिला झाझरकोट आंचल भैरी नेपाल व महेन्द्र पुन (28 वर्ष) पुत्र तूलबीर पुन निवासी गांव करकी जिला झाझरकोट आंचल भैरी नेपाल के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि एसपी कुल्लू डा. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने की।

### सुन्नी में सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**अनंत ज्ञान , सुन्नी।** थाना सुन्नी के तहत डडेवग के समीप एक गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से गाड़ी में सवार एक महिला की मौत हो गई। गाड़ी संख्या एचपी 51 ए 1329 के सड़क पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी में पलक (19) व प्रियंका (13) दोनों पुत्री देवी सिंह तथा अमन (24) पुत्र हरिदास व कलावति पत्नी हरिदास गांव करयालटू डाक घर दुर्गापुर तहसील शिमला सवार थे। दुर्घटना का पता चलते ही घायल सवारों को प्राथमिक उपचार के लिए सुन्नी अस्पताल लाया गया। दुर्घटना में कलावति को गंभीर चोट लगने से मौत हो गई।

## समोसे पर गर्माई हिमाचल प्रदेश की राजनीति, पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

# विपक्ष ने समोसे नहीं खाए, फिर यह सरकार विरोधी कृत्य कैसे : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार के फैसले देश में चर्चा का विषय बन गए हैं क्योंकि ये बिना सोचे समझे लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब ये फैसले हास्य का विषय बन जाते हैं तो इन्हें बदलने का प्रयास किया जाता है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने यह टिप्पणी उस समय की जब यह बात सामने आई कि राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लिए भेजे गए समोसे और केक उनके सुरक्षा कर्मचारियों को परोस दिए गए। इस चूक से विवाद पैदा हो गया और जांच अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) से कराने की आवश्यकता पड़ी जिसने इसे ''सरकार विरोधी'' कृत्य करार दिया।

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए जयराम ने एक वीडियो बयान में पूछा, ''विपक्ष ने वे समोसे नहीं खाए हैं और जिन्हें समोसे परोसे गए वे सरकार का हिस्सा थे, इसलिए यह कृत्य सरकार विरोधी कैसे हो सकता है?''

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ने इस मामले को गंभीर माना होगा और इसीलिए समोसा प्रकरण की जांच कराई गई।

जयराम ने कहा कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच नहीं की जा रही है, लेकिन समोसे के मामले में जांच के आदेश दे दिए गए।

### हैरानी की बात है कि सरकार ने समोसों पर जांच बिठा दी : सतपाल सत्ती



**भाजपा** जिला शिमला की बैठक में विशेष रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती, सुरेश भारद्वाज, प्रदेश सचिव डॉ. संजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष कमल सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रमोद ठाकुर, प्यार सिंह कंवर, गणेश दत्त संजय सूद, बिलाल अहमद विशेष रूप से उपस्थित रहे। सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि जब से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है, नित नए स्कैंडल, नित नए टैक्स लगाए जा रहे हैं, अलग-अलग तरह की जांचे हो रही है। उन्होंने कहा कि अब समोसे प्रकरण सामने आया है, जिससे पूरे देश में इस सरकार की किरकिरी हो रही है। इस समोसे प्रकरण की इन्क्वायरी रिपोर्ट जो एक डिप्टी एसपी द्वारा बनाई गई है में बताया गया है कि किस तरह से समोसे किसके लिए आए थे, किसने खा लिए। ऐसी छोटी सी बात पर इन्क्वायरी बिठाना और इतने बड़े अधिकारियों को इसमें संलिप्त करना और उसके बाद जिन लोगों की गलती ध्यान में आ रही है उनके लिए एंटी स्टेट और एंटी गवर्नमेंट जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना, बहुत हैरान कर देने वाली बात है।

### समोसा विवाद पर बोले नरेश चौहान, कोई जांच नहीं हुई



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने समोसा विवाद पर कहा कि यह बिल्कुल गलत है। कोई इस तरह की कोई जांच नहीं हुई है। हमें समझ नहीं आता कि यह कैसी खबर चल रही है और क्या यह इन सब के पीछे सोच क्या है। इस सरकार को बदनाम करने के लिए कुछ लोग मिलकर साजिश करते हैं।

ऐसी कोई इंक्वायरी सरकार ने न इनिशिएट की है न ही कोई हो रही है। नरेश चौहान ने कहा कि यह एक इंटरनल मैटर सीआईडी विभाग का हो सकता है, क्योंकि मुख्यमंत्री पिछले दिनों उनके पुलिस डिपार्टमेंट का फंक्शन था और स्पेसिफिकली सीआईडी वालों का था। उसमें मुख्यातिथि के रूप में गए थे और आप सभी लोग जानते हैं कि यह मुख्यमंत्री बाहर का खाने पीने का बहुत क्रेज है। उनका हेल्थ इश्यूज हैं तो यह एक बहुत ही बहुत छोटा मामला इंटरनल मामला उनका जो है डिपार्टमेंट का हो सकता है। जिस चिट्ठी का जिक्र आप लोग कर रहे हैं इसका सरकार से कोई ताल्लुक नहीं है और कोई इस प्रकार की कोई जांच नहीं हुई है। मुझे बड़ा दुख हो रहा है कि आज हमें इस तरह के विषयों पर भी अपना रिएक्शन देना पड़ रहा है।

#### क्या है पूरा मामला?

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 21 अक्तूबर को सीआईडी मुख्यालय पहुंचे थे। यहां पर उनके लिए तीन बॉक्सेज में समोसे और केक मंगवाए गए थे, लेकिन हुआ यूं कि ये फूड आइटम्स सीएम के पास पहुंचने के बजाय सुरक्षाकर्मियों को सर्व कर दिया गया। इसके बाद इस मामले पर सीआईडी जांच बैठाई गई।

### प्रशासन को सीएम के समोसे की चिंता : रविंद्र धीमान



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कहा है कि प्रशासन को प्रदेश की जनता की चिंता नहीं है, बल्कि मुख्यमंत्री के समोसे की चिंता है। इससे यही संकेत मिलता है कि सरकार व प्रशासन को हिमाचल की जनता की चिंता न होकर मुख्यमंत्री के खान-पान की ज्यादा ही चिंता है।

प्रेस को जारी बयान में रविंद्र धीमान ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लिए लाए गए समोसे से जुड़ी एक हालिया घटना ने विवाद को जन्म दे दिया है। समोसे गलती से मुख्यमंत्री की बजाय उनके सुरक्षा कर्मचारियों के पास पहुंच गए, जिसकी सीआईडी जांच करवाई गई। उनका कहना था कि जांच में इस गलती को सरकार विरोधी कृत्य करार दिया गया। सरकार विरोधी कृत्य अपने आप में ही एक बेतुकी बात है।

यदि सीएम सीआईडी से निष्पक्ष जांच ही करवाना चाहते हैं तो वह प्रदेश में और विशेष रूप से जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विभिन्न विभागों में हो रहे घोटालों व घपलों की जांच भी करवाएं।

# कुल्लू में बंदूक चोरी मामले में दो पुरुष और एक महिला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय स्थित कैटल ग्राउंड के पास गत दिनों एक दुकान का ताला तोड़कर 12 बोर की 6 बंदूकें चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो पुरुष व एक महिला को गिरफ्तार किया है।

एसपी कुल्लू कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिरों आरोपी विनोद (31वर्ष) पुत्र प्रेमू निवासी घल्याणा डाकघर भल्याणी तहसील व जिला कुल्लू, डैनी (25 वर्ष) पुत्र लीला चंद निवासी गांव पेड़चा डाकघर भिया तहसील बंजार जिला कुल्लू व एक महिला पत्नी विनोद निवासी घल्याणा डाकघर भल्याणी को तलाश करके गिरफ्तार किया है तथा चोरीशुद्दा सभी 6 बंदूकें बरामद की गई है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया जा रहा है। सनद रहे कि कुल्लू के ढालपुर में एक दुकान से गत दो नवंबर को 12 बोर की छह बंदूकें चोरी होने का मामला सामने आया था।

इस मामले में यह भी कयास लगाए जा रहे थे कि कहीं यह बंदूकें किसी घटना को अंजाम देने के लिए तो नहीं चुराई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और सभी तीनों आरोपी स्थानीय ही हैं जिससे सभी कयासों पर विराम लग गया है।

# गोशाला में घुसते ही तेंदुआ हुआ कैद, रेस्क्यू कर निकाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पनारसा वन परिक्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत जलाटाशना के गांव जला में एक तेंदुआ आधी रात को एक गोशाला में जा घुसा। तेंदुए के गोशाला में घुसते ही दरवाजा अपने आप बंद हो गया।

ग्रामीणों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर गोशाला के दरवाजे को और मजबूती के साथ बंद कर दिया और इसकी सूचना वन विभाग को दी।

2 घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेकर वाइल्ड लाइफ कुल्लू की टीम को इसकी सूचना दी। वहां से टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रेंकुलाइज्र की मदद से तेंदुए को बेहोश कर सुरक्षित रेस्क्यू कर जांच के लिए चिकित्सालय भेज दिया है। डीसीएफ मंडी वासु डोगर ने बताया कि गोशाला में चार भेड़ें थी, जिसमें से तेंदुए ने दो को मार दिया है जबकि दो सुरक्षित हैं। नर तेंदुए की उम्र 12 से 15 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है।

## संसदीय सम्मेलन | ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का हुआ समापन

# भारत दुनिया का जीता जागता राष्ट्र पुरुष : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित न्यू साउथ वेल्स के सिडनी अंतरराष्ट्रीय कनवेंशन सेंटर में 3 नवंबर से आरंभ हुए 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का समापन हो गया है। सम्मेलन में भाग लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भारत दुनिया का जीता जागता राष्ट्र पुरूष है।

पठानिया ने कहा कि भारत धार्मिक तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से प्रेरित देश है जहां 140 करोड़ देशवासी अलग-अलग धर्म तथा संस्कृति होने के बावजूद एक परिवार तथा समुदाय के रूप में रहते हैं। हमारा देश पौराणिक परंपराओं को मानने वाला देश है और हम अब भी 'अतिथि देवो भव:' की संस्कृति के कायल हैं अर्थात हम अभी भी अपने अतिथि को देव स्वरूप मानते हैं। भारत प्रौद्योगिकी से लैस एक आधुनिक राष्ट्र है जिसकी टैक्नोलॉजी की मिसाल आज भी दुनिया में दी जाती है। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य भी इस दिशा में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। हिमाचल प्रदेश विधान सभा के ई-विधान मॉडल की देश तथा दुनिया ने प्रशंसा की है। मलेशियन पार्लियामेंट के स्पीकर 7 सदस्य दल के साथ पूर्व में हिमाचल प्रदेश की ई-विधान प्रणाली को देखने व जानने शिमला आ चुके हैं। हम ई-विधान प्रणाली लागू करने वाले पूरे देश मे प्रथम हैं और अब हम राष्ट्रय -ई विधान को अपनाने जा रहे हैं। इस अवसर पर देश-विदेश के कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सम्मेलन के आखिरी दिन चर्चा के लिए चयनित विषय 'भेदभावपूर्ण कानून का मुकाबला' लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ सक्रियता के 365 दिन पर अपने विचार प्रकट करते हुए कुलदीप पठानिया ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा मानवाधिकारों का व्यापक उल्लंघन है जो सभी जनसांख्यिकीय व्यक्तियों को प्रभावित करती है तथा महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समूहों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

इसमें व्यक्तियों के लिंग के आधार पर शारीरिक, यौन, भावनात्मक और आर्थिक शोषण सहित कई हानिकारक व्यवहार शामिल हैं। लिंग आधारित हिंसा न केवल गंभीर शारीरिक और मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचाती है, बल्कि प्रणालीगत असमानता और भेदभाव को भी बढ़ावा देती है, जिससे लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में प्रगति बाधित होती है।

हालांकि यह पहचानना आवश्यक है कि पुरुष और लड़के भी खासकर यौन हिंसा या घरेलू दुर्व्यवहार जैसे संदर्भों में लिंग आधारित हिंसा के शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी सुधारों की निरंतर वकालत के प्रयासों से भेदभावपूर्ण कानूनों को निरस्त किया जा सकता है और जीबीवी के पीड़ितों के लिए मजबूत सुरक्षा अधिनियम बनाया जा सकता है।

### कानून प्रभावी रूप से लोगों की रक्षा करे

**साक्ष्य-आधारित** अनुसंधान और सर्वोतम प्रथाओं को बढ़ावा देकर, अभियान नीतिगत निर्णयों को सूचित करने और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि कानून प्रभावी रूप से बचे लोगों की रक्षा करें और अपराधियों को जवाबदेह ठहराए। वकालत के प्रयास अक्सर व्यापक कानूनी ढांचे की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो लिंग आधारित हिंसा के विभिन्न रूपों को संबोधित करते है, यह सुनिश्चित करते हैं कि बचे लोगों को न्याय और समर्थन मिले। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भेदभावपूर्ण कानून का मुलाबला करने में अंतरराष्ट्रीय रूपरेखा और सम्मेलन भेदभावपूर्ण कानून का मुकाबला करने के लिए अतिरिक्त रास्ते प्रदान करते हैं।

# एम्स बिलासपुर में अब आभा कार्ड बनाना जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




अगर आप अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स कोठीपुरा में इलाज करवाने के लिए आए हैं और आपका आभा कार्ड नहीं बना है तो घबनाएं नहीं। एम्स प्रशासन ने अब एम्स की पर्ची काउंटर के साथ आभा सेंटर स्थापित किया है। जहां पर अगर कोई व्यक्ति बिना आभा कार्ड से अपनी पर्ची बनाने के लिए आया है तो प्राथमिकता के आधार पर उनकी पहले पर्ची बनाई जा रही है उसके बाद उनको आभा कार्ड बनाया जा रहा है। क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार की पालना करते हुए एम्स प्रशासन की ओर से आभा कार्ड अनिवार्य कर दिया है। ऐसे में हिमाचल जैसे राज्य में दूरदराज क्षेत्र में एम्स में अपना इलाज करवाने के लिए आ रहे कुछ मरीजों को इसकी कम जानकारी है। एम्स प्रशासन द्वारा स्थापित आभा सेंटर में उनको आभा कार्ड बनाकर दिया जा रहा है, ताकि उनको सही समय पर सही जानकारी और इसका लाभ मिल सकें।

जानकारी के अनुसार आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानी आभा कार्ड से अब मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री ऑनलाइन उपलब्ध होगी।

लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं लेते समय रिपोर्ट या पर्ची ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अस्पतालों में मरीजों को उपचार करते समय डाक्टरों को यह हिस्ट्री कार्ड पर ही मिल जाएगी। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन इलाज, टेलीमेडिसिन, निजी डॉक्टर, ई-फार्मेसी और पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड जैसी सुविधाएं लेने में भी आसानी होगी।

### आभा कार्ड का लाभ

**आभा** कार्ड बनने से मरीज को इलाज के लिए हर जगह रिपोर्ट या पर्ची लेकर जाने की जरूरत नहीं होगी। स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारी इस कार्ड में उपलब्ध होगी। यह कार्ड बीमा कंपनियों से भी जुड़ा है, जिससे बीमा का भी फायदा मिलेगा। ऑनलाइन इलाज, टेलीमेडिसिन, निजी डॉक्टर, ई-फार्मेसी और पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रेया ने मुक्केबाजी में जीता कांस्य पदक



**अनंत ज्ञान, डरोह।** शहीद सुरेन्द्र सिंह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परौर की बारहवीं कक्षा की छात्रा श्रेया ने राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता जिला बिलासपुर में आयोजित हुई थी, जिसमें विद्यालय की दो छात्राओं श्रेया और खुशबू ने भाग लिया था तथा इसमें श्रेया ने तीसरा स्थान हासिल किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता चौधरी, कोच यशपाल राणा, राकेश शर्मा तथा समस्त अध्यापकवर्ग ने विजेता छात्रा को बधाई दी है।

### स्वयंसेवियों को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में चल रहे



सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन रिटायर प्रिंसिपल कुलदीप चौहान ने बतौर चीफ गेस्ट शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्य सीमा कौशल की अध्यक्षता में आयोजित कुलदीप चौहान ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओ को भिन्न-भिन्न बीमारियों से बचने के टिप्स दिए। उन्होंने स्वयंसेवियों को नशा मुक्त रहने का भी संदेश दिया तथा कहा कि नशा धीरे-धीरे शरीर को खत्म कर देता है, इसलिए नशे से दूर रहना होगा। प्लास्टिक से दूर रहने तथा उसका प्रयोग न करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी सुभाष ठाकुर व महिला अधिकारी गितिका तौमर ने जानकारी देते हुए कहा कि इस सात दिवसीय एनएसएस कैंप में 61 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घाड़ जरोट में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। इस समारोह में स्थानीय पाठशाला की एमसी की प्रधान सुशीला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। यह विशेष शिव हर स्थानीय पाठशाला में 8 नवंबर से लेकर 14 नवंबर तक लगेगा इसमें 55 स्वयंसेवी भाग लेंगे। इस मौके पर स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य प्रदीप ने बच्चों को जीवन में अनुशासन के महत्व के बारे में बताया। मुख्यातिथि ने बच्चों को जीवन में मेहनत करके सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर श्याम कुमार अरुण ने इस शिविर में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा राखी। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी सुमित कुमारी पूर्व एसएमसी प्रधान सुरेश कुमार, विशंभर, संदीप, अजय व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ठेकेदारों के कार्यों पर नजर रखें अधिकारी : चंद्र कुमार

## कृषि मंत्री ने विश्राम गृह जवाली में उपमंडल के सभी विभागीय अध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने शुक्रवार को स्थानीय विश्राम गृह में उपमंडल के सभी विभागीय अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कृषि मंत्री ने सभी विभागीय अध्यक्षों से उनके विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने के साथ इसकी गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को युद्धस्तर पर विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए, ताकि उनका लाभ आम जनता को मिल सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि विकासात्मक कार्यों के लिए आवंटित धन का समय पर सदुपयोग किया जा सके। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने डे- बोर्डिंग स्कूल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डे बोर्डिंग स्कूल के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है तथा 50 कनाल भूमि भी शिक्षा विभाग के नाम हस्तांतरण कर दी गई है। मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जवाली सिविल हॉस्पिटल का उचित रखरखाव के साथ बेहतर सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को अस्पताल में नए शौचालय बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में एसडीएम बचित्र सिंह, डीएफओ अमित शर्मा,जल शक्ति विभाग के अधिक्षण अभियंता विकास बक्शी, अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनोहर लाल, बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता विशाल, तहसीलदार शिखा, बीडीओ नगरोटा सूरियां श्याम सिंह मौजूद रहे।

### पीएमजीएसवाई के तहत बनने वाली सड़कों के काम में लाएं तेजी

**कृषि** मंत्री ने पीएमजीएसवाई के तहत बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजोल-अनुही सड़क तथा इस पर पुल निर्माण के कार्य की टेंडर प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना तथा उनके निपटारे के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।



### जीवन मिशन के प्रोजेक्ट्स की ली फीडबैक

**कृषि** मंत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से जल जीवन मिशन के तहत चल रही परियोजनाओं की फीडबैक ली और निर्धारित लक्ष्यों को युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपमंडल की मौजूदा पेयजल तथा सिंचाई योजनाओं का उचित रखरखाव रखने के साथ क्षतिग्रस्त योजनाओं का कार्य युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। चंद्र कुमार ने वन विभाग को लोक निर्माण विभाग, आईटीआई तथा डिग्री कॉलेज के निर्माण कार्यों में वन मंजूरी से संबंधित मामलों को जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि परियोजनाओं के लिए आवंटित बजट का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने राजस्व विभाग को भी इंतकाल के लंबित मामलों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

### दुकानों के बाहर सामान सजाने वालों पर पुलिस प्रशासन करे कार्रवाई

**कृषि** मंत्री ने जवाली शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए दुकानदारों को अपना सामान दुकान के बाहर न सजाने तथा अपनी गाड़ियों को भी सड़क पर पार्क न करने के लिए पुलिस प्रशासन को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास के लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने अनेक कल्याणकारी नीतियां और फ्लैगशिप कार्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकासात्मक परियोजनाओं और योजनाओं की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों का समर्पण भाव से निरंतर कार्य करना अति आवश्यक है।

# सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट एकत्रित करेगा 100 यूनिट ब्लड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपाध्याय की पुण्यतिथि पर 12 को धर्मशाला में लगाया जाएगा शिविर**

सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट 12 नवंबर को स्व. सुनील उपाध्याय की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन करेंगी। स्व.सुनील उपाध्याय जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिला के रहने वाले थे जिन्होंने हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रवादी विचार की अलख जगाई और राष्ट्रवादी विचार की जड़े हिमाचल प्रदेश में मजबूत करने का श्रेय स्व.सुनील उपाध्याय को जाता है। स्व.सुनील उपाध्याय के विचारों को याद करते हुए सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट उनकी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में रक्तदान शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन करेगी जिसमें 12 नवंबर के दिन 100 यूनिट ब्लड इकट्ठा करने का लक्ष्य ट्रस्ट द्वारा लिया गया है। विशाल रक्तदान शिविर एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, विशिष्ट अतिथि विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार रहेंगे। 12 नवंबर के दिन सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें ट्रस्ट द्वारा सरकारी विभागों के कर्मचारियों, छात्रों और आम जनमानस से भी बढ़ चढ़कर रक्तदान शिविर में ब्लड डोनेट करने का आग्रह किया है। रक्तदान शिविर के प्रमुख जितेंद्र सिंह ने बताया की सुनील उपाध्याय एजुकेशन ट्रस्ट समाज सेवा के कार्य समय समय पर करती रहती है। जिसमें आम जनमानस का सहयोग भी ट्रस्ट को मिलता है रक्तदान शिविर को भी सफल बनाने के लिए भी उन्होंने धर्मशाला नगर के आम जनमानस से आग्रह किया।

## 40 लाख बरामदी मामले में जांच शुरू, 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा आरोपी

# मास्टरमाइंड का सुराग लगाने में जुटी पुलिस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



एएसपी वीर बहादुर

अनंत ज्ञान फॉलोअप

वोल्वो सवार से 40 लाख नकद सहित नशा बरामद करने के मामले में आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। आरोपी से अब इस मामले में पुलिस पूछताछ करेगी। आरंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी की आर्थिक स्थिति भी ऐसी नहीं है कि उसके पास 40 लाख रुपए नकदी हो। बताते चलें कि जिस बस में ये नकदी लेकर बैठा था वो मैकलोडगंज के तिब्बती मूल के व्यक्ति की बताई जा रही है। ऐसे में अब पुलिस इस नकदी को लेकर गहन पड़ताल करेगी कि ये पैसा किसका है और कहां से कहां पहुंचाया जा रहा था। हालांकि सूत्रों की मानें तो आरोपी मात्र केरियर के रूप में इसमें संलिप्त है। हालांकि जांच पूरी होने तक पुलिस भी साफ तौर पर कुछ नहीं बता रही।

बताते चलें कि पुलिस थाना धर्मशाला के तहत वोल्वो बस में एक व्यक्ति से 9 ग्राम हेरोइन एवं 1 ग्राम अफीम पकड़ा था। इसके अलावा 40 लाख रुपए की नकदी भी बरामद की गई थी। उधर, आरोपी को 4 दिन के पुलिस रिमांड की पुष्टि करते हुए एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जाएगी, ताकि इस बात का पता लगाया जा सके कि यह कैश कहां से आया और कहां ले जाया जा रहा था। (अनंत ज्ञान)

### जुलाई महीने में 108 किलो सोना तस्करी मामले में गोपालपुर से हुई थी गिरफ्तारी

**धर्मशाला।** इससे पहले जुलाई माह में भारत-तिब्बत बॉर्डर पर लद्दाख में तस्करी हो रहे 108 किलो सोने के मामले में भी हिमाचल से मामले के तार जुड़े थे। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने गुपचुप कारवाई कर सोना तस्करी मामले के मुख्य आरोपी पालमपुर के गोपालपुर से गिरफ्तार किए थे। इस दौरान इंडियन रेवेन्यू सर्विस की टीम ने गोपालपुर से दिल्ली निवासी समेत 2 तिब्बती लोगों को देर रात गिरफ्तार किया था। सूत्रों के अनुसार तिब्बती मूल के दोनों व्यक्ति टैक्सी से गोपालपुर के एक होटल में पहुंचे थे। ये दोनों रात करीब 7.15 बजे होटल पहुंचे, जबकि जांच एजेंसी की टीम पुलिस सहित 8.30 बजे होटल में पहुंच गई। इसके बाद व्यापक पूछताछ के बाद टीम दोनों को गिरफ्तार कर लौट गई। बताते चलें कि केंद्रीय जांच एजेंसियों ने जुलाई माह में सोने की रिकॉर्ड खेप के साथ पकड़े दो आरोपियों से पूछताछ के बाद अपने स्तर पर ये कारवाई की तथा इसकी भनक तक किसी को नहीं लगने दी गई थी।

# भाषण स्पर्धा में वंशिका रही प्रथम

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



एमसीएम के महाविद्यालय कांगड़ा में सीनियर सेकेंडरी कक्षाओं में अंग्रेजी विभाग के सौजन्य से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विभाग के प्राध्यापक वर्ग ने मुख्य अतिथि का प्रतियोगिता कक्ष में पहुंचने पर औपचारिक स्वागत किया।

इस प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें प्रो. संजीव सूरी, प्रो. निहारिका, प्रो. मालविका और प्रो. कीर्ति ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस भाषण प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रथम, आनंदी और अपूर्वा ने द्वितीय, अन्यया और समृद्धि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से छात्रों में आत्मविश्वास की भावना पैदा होती है। (अनंत ज्ञान)

# आरोपी सास-ससुर और पति को न्यायिक हिरासत में भेजा

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

जगरूपनगर पंचायत में महिला की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में पुलिस रिमांड पर लिए गए आरोपियों को जयसिंहपुर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले रविवार को आलमपुर की जगरूपनगर पंचायत में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सोमवार को मृतका के मायकों वालों की ओर से मृतका के पति और सास-ससुर पर उनकी लड़की को प्रताड़ित करने व मारने का आरोप लगाया गया था। मायकों वालों के बयानों के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया।

तीन दिन की रिमांड के बाद तीनों आरोपियों को वीरवार को फिर जयसिंहपुर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम से लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



ब्लॉक रिसोर्स सेंटर डाडा सीबा (नंगल) चौक में शुक्रवार को एक दिवसीय बाल मेले का आयोजन किया गया। पीएम श्री बाबा काशीं राम उत्कृष्ट विद्यालय डाडासीबा के प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट पूर्व कामगार एवकर्मचारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने शिरकत की। उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व सांस्कृतिक रगांरग कार्यक्रम के साथ हुआ। इस बाल मेले मे शिक्षा खंड ब्लॉक भर के भिन्न-भिन्न कई स्कूलों से पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के 400 छात्र छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सास्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भाषण प्रतियोगिता के अलावा कई कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

# थुरल कॉलेज के विकास व साहिल प्रशिक्षण के लिए रिवालसर रवाना

**राकेश डोगरा, डरोह**




महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में रोवर व रेंजर इकाई के इंचार्ज प्रो. अजय कुमार के नेतृत्व में दो विद्यार्थियों विकास कुमार बीकॉम प्रथम वर्ष व साहिल नाग बीसीए तृतीय वर्ष को राजकीय प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय शिविर में भाग लेने के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. रवि सिंह पालसरा ने प्रतिभागियों को शिविर में बेहतर प्रदर्शन करने और नए अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. विशाल वालिया, प्रो. पवन राणा, रेंजर इंचार्ज प्रो. नविता, प्रो. प्रेमलता, प्रो. लेखराम नेगी व डॉ. अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# टांडा में मनाया विश्व रेडियोग्राफी दिवस

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा में शुक्रवार को रेडियो डाई ग्रेसिक्स विभाग ने 8 नवंबर को विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाया। संस्थान के प्रिंसिपल डॉक्टर मिलाप शर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। समारोह की शुरुआत रेडियो डाई ग्रेसिस विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश सूद के स्वागत भाषण से हुई।

इसके बाद मुख्यातिथि डॉक्टर मिलाप शर्मा ने अपने संबोधन में विभाग में कार्य परवाह की सराहना की औरमुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्रतिबद्धता के बारे में चर्चा की। विभाग को अतिरिक्त 3 टेस्ला एम आर आई और 256 स्लाइस सिटी स्कैन मशीनों का प्रावधान और जनशक्ति बढ़ाने के लिए कहा की इससे न केवल रोगियों की बड़ी हुई संख्या को पूरा किया जा सकेगा, बल्कि रेडियो डाई ग्रेसिस विभाग में आने वाले सिटी, एमआरआई और अल्ट्रासाउंड रोगियों के लिए प्रतीक्षा समय भी खत्म हो जाएगा। इस दौरान एम एस टांडा डॉक्टर अशोक वर्मा, डॉक्टर मेजर अवनिंद्र साहिल अन्य डॉक्टर्स उपस्थित रहे।

# युवा पहाड़ी गायक राज जैरी का नया गाना 'तेरा मेरा लग्न 2' रिलीज

**अनंत ज्ञान, जवाली**



कोटला क्षेत्र और पंचायत नियांगल से संबंध रखने वाले युवा पहाड़ी लोक गायक तेरा मेरा लग्न फेम राज जैरी (जरयाल) का नया गाना तेरा मेरा लग्न 2 जवाली के निजी होटल में रिलीज हुआ। रिलीजिंग के मौके पर जगदीप राणा, मुकेश कुमार, राजीव, विजय उपाध्याय, एस जरियाल, राहुल जरियाल, अजय शास्त्री, जितेंद्र धीमान, अमन राणा,सोनू जरियाल, सोहन जरियाल, नीतीश, अमन राजपूत मौजूद रहे। गाने को संगीत हिमाचल के जाने माने संगीतकार अजय नेगी ने दिया है, जबकि गाने को खुद राज जेरी ने लिखा है तथा गाने का फिल्मांकन एएस स्टूडियो शाहपुर द्वारा किया गया है। गाने की मुख्य कलाकारों की भूमिका ममता शर्मा व निकुंज ने निभाई है। राज जैरी ने बताया कि इससे पहले तेरा मेरा लग्न पार्ट 1 को भी दर्शकों का बहुत प्यार मिला है। उनकी कोशिश रहती है हिमाचली गीतों व संस्कृति को ज्यादा से ज्यादा विश्व पटल पर रखें।

# देहरा में प्रवासियों ने की छठ पूजा

## ब्यास नदी के किनारे पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्ध्य देकर मांगी सुख-समृद्धि

**सालबिया शर्मा, गरली**



देहरा उपमंडल के विभिन्न इलाकों में रह रहे प्रवासियों ने छठ पूजा पर्व बहुत ही उल्लास से मनाया। गरली, परागपुर व नैहरनपुखर आदि इलाकों में प्रवासियों ने देहरा में ब्यास नदी किनारे पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्ध्य देकर संतान प्राप्ति तथा संतान की उन्नति के लिए प्रार्थना की। वीरवार शाम को पर्व के तीसरे दिन यहा भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में रह रहे सैकड़ों प्रवासियों ने ब्यास नदी किनारे विधिवत पूजा-अर्चना की।

परागपुर में कई लोग दंडवत होकर एक किलोमीटर की दूरी तय कर गढ़ में स्थित तालाब के पास पहुंचे और पूरे विधि-विधान के साथ छठ माता की पूजा-अर्चना की। रात्रि के दौरान महिलाएं और पुरुष तालाब में खड़े होकर पूजा करेंगे और यही क्रम शुक्रवार की सुबह भी जारी रहेगा। इस दौरान बीच-बीच में आतिशबाजी भी की जाएगी।

छठ पर्व पर लोगों ने अपने घरों को सजाया और विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए। इस त्योहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। छठ माता की पूजा के दौरान लोगों ने विभिन्न प्रकार के गीत गाए और नृत्य किया। इस अवसर पर लोगों ने अपने परिवार और मित्रों के साथ मिलकर छठ माता की पूजा की। बताते चलें कि यह पर्व बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है।

**सराहनीय**

## वर्ल्ड कप की एंट्री फीस से लेकर रहने, खाने-पीने और ट्रांसपोर्ट का सारा जिम्मा उठा रही कोरेक्स बुड कंपनी

# पैराग्लाइडिंग के लिए चार युवाओं को दुबई की कंपनी ने दिया सहारा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

दुबई की स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट में काम करने वाली कंपनी कोरेक्स बुड ने बीड़ बिलिंग में चल रहे पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के लिए चार युवाओं को प्रोत्साहित किया है। ये वे युवा हैं, जो कम संसाधन होने के चलते अपने दम पर वर्ल्ड कप में भाग नहीं ले सकते थे।

इन युवाओं की वर्ल्ड कप में होने वाली एंट्री फीस से लेकर उनके रहने खाने-पीने और ट्रांसपोर्ट का सारा जिम्मा यह कंपनी उठा रही है। यही नहीं यह कंपनी इसके बाद धर्मशाला में होने वाले एक्यूरेसी कप में भी कुछ युवाओं को अपने खर्चे पर उड़ान भरने में मदद करेगी। कंपनी के सीईओ केशव खत्री ने बताया कि



बैजनाथ। दुबई की कंपनी कोरेक्स बुड के सीईओ केशव खत्री के साथ पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप में भाग ले रहे उनकी टीम के प्रतिभागी।

उनकी कंपनी अभी क्रिकेट के क्षेत्र में काम कर रही है। लेकिन भारत में पैराग्लाइडिंग का क्रेज भी युवाओं में बढ़ने लगा है। इसी को देखते हुए उन्होंने बीड़ में पंचिका एडवेंचर के साथ काम करना शुरू किया। उनकी कंपनी का मुख्य उद्देश्य यहां के युवाओं को पैराग्लाइडिंग के प्रशिक्षण में मदद करना और जो पायलट प्रतियोगिताओं में होने वाली एंट्री फीस को नहीं भर सकते हैं, उनकी पूरी मदद करना है। इसके अलावा कंपनी बीड़ में युवाओं को पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण देने की दिशा में भी काम करेगी और बेहद कम दाम में युवाओं को यह प्रशिक्षण मुहैया करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में उनकी कंपनी के माध्यम से उत्तराखंड के आलोक जोशी, दिल्ली के रोहित, बीड़ के रामा, बैजनाथ के राघव राणा, राकेश कुमार व सुनिधि जम्वाल को पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में शामिल करवाया गया है। इनमें राघव राणा, रामाजी, आलोक जोशी और रोहित पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप में भाग ले रहे हैं। जबकि कुछ पायलटों को धर्मशाला के एक्यूरेसी कप में भाग लेने में पूरी मदद की जाएगी और उनकी सारी फीस भी दी जाएगी। वर्ल्ड कप में मौजूदा समय 350 यूरो की फीस है। इस मौके पर पंचिका एडवेंचर के सीईओ राघव राणा, निदेशक रोहित राणा, मार्केटिंग मैनेजर हिमांशु और तकनीकी हेड मोहित ने बताया कि उक्त कंपनी की यह काफी अच्छी पहल है। इससे सबसे अधिक लाभ स्थानीय युवाओं को मिल रहा है, जो भारी खर्च होने के कारण न पैराग्लाइडिंग सीख पाते थे और न प्रतियोगिता में भाग ले पाते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### फतेहपुर तहसील परिसर में रंगड़ों का आतंक



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** तहसील परिसर फतेहपुर व आसपास आजकल रंगड़ों का आतंक बना हुआ है, जिस कारण स्थानीय दुकानदार व अन्य लोग सहमे हुए हैं। इस बारे शुक्रवार को जानकारी देते हुए स्थानीय दुकानदारों व स्थानीय निवासी परवेश कुमार, शिव सिंह व दिनेश कुमार ने बताया कि तहसील परिसर में सफेदे के पेड़ पर रंगड़ों ने छता लगाया हुआ है, जिस कारण उक्त क्षेत्र में हर वक्त उनके द्वारा काटने का डर बना रहता है। पेड़ की पतली सी टहनी पर लगाया गया रंगड़ों का छता कभी भी हल्की सी हवा चलने पर गिर सकता है, जिस कारण नीचे व आसपास रुके या चल रहे लोगों पर रंगड़ों का कहर बरप सकता है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि उक्त रंगड़ों के छते को वहां से हटाया जाए, ताकि लोगों के मन में बना भय खत्म हो जाए।

### गवर्नर ने सुनीं विलेज डिफेंस कमेटियों की समस्याएं




**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में शुक्रवार को पंजाब के गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने बॉर्डर क्षेत्र के बमियाल में दौरा कर विलेज डिफेंस कमेटियों की समस्या को जाना है। सुबह 12:30 बजे वे बमियाल क्षेत्र के एक स्कूल में कार्यक्रम में पहुंचे, जहां वीडीसी मेंबर भी बड़ी संख्या में आए हुए थे। वहीं, गवर्नर के साथ पंजाब सरकार, पंजाब पुलिस और सेना के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे। ऐसे में गवर्नर ने बोलते हुए कहा कि उन्होंने आज पठानकोट को दौरा करने के लिए आएं है और कई बार्डर क्षेत्र में ऐसी समस्याएं है जिनका हल कई वर्षो से नहीं हो पाया है। अब वीडीसी मेंबरों ने भी उनको कई अपनी सुविधा अनुसार समस्याएं बताई है, जिनके हल के लिए वे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात कर समाधान निकाला जाएगा। बीडीसी मेंबरों ने अपने अधिकारों बारे गवर्नर से कई अहम सवाल पूछे और उन्हें न मिलने वाली सुविधाओं बारे भी अवगत करवाया। इसके बाद गवर्नर और उनके साथ आए पंजाब सरकार के अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था में इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों को भी जांचा। (अनंत ज्ञान)

### सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के लिए साक्षात्कार 11 से

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सिस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर के 200 पद क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला जिला कांगड़ा को अधिसूचित किए हैं। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास और आयु सीमा 19 से 40 वर्ष के बीच रखी गई है। इस साक्षात्कार के लिए केवल पुरुष आवेदक पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि कम्पनी द्वारा सुरक्षा गार्ड के लिए चयनित उम्मीदवारों को 15 हजार से 17 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन तथा सुपरवाइजर के लिए 19500 से 22000 रुपए तक मासिक वेतन दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ दिनांक 11 नवंबर को उपरोजगार कार्यालय लंबागांव, 12 नवंबर को उपरोजगार कार्यालय पालमपुर, 13 नवंबर को उपरोजगार कार्यालय धर्मशाला तथा 14 नवंबर को उपरोजगार कार्यालय कांगड़ा में सुबह 11 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

### पैराग्लाइडिंग कप के समापन पर होगी साइकिल स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के द्वारा शनिवार को पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के समापन के साथ-साथ साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। एमटीवी एक्स सीओ चैंपियनशिप के नाम से आयोजित की जा रही प्रतियोगिता में एक लाख 26 हजार के पुरस्कार प्रतिभागियों को वितरित किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता में देश भर के 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं और विश्व स्तर का ट्रैक ही इस आयोजन के लिए तैयार किया गया है।

# धर्माणी ने आईटीआई शाहपुर के दीक्षांत समारोह में नवाजे मेधावी

## बोले, अपने हुनर को निखारें युवा, कौशल के क्षेत्र में स्वरोजगार के असीम अवसर

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

आज का युग तकनीक और कौशल का युग होने के कारण इस क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। तकनीक और कौशल पर ही प्रदेश और देश की प्रगति निर्भर है, इसलिए इससे जुड़े लोग स्वयं को अपनी फील्ड में दक्ष करने में कोई कोर कसर ना छोड़ें। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के तीसरे कौशल दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने यह बात कही। कार्यक्रम में उपमुख्य सचेतक व विधायक शाहपुर केवल सिंह पठनिया ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की।

आईटीआई शाहपुर में आयोजित इस समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री ने वर्ष 2022-24 और वर्ष 2023-24 के मेधावी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में हुनरमंद लोगों की कमी है। तकनीकी शिक्षा और कौशल कार्यों से जुड़े युवाओं के लिए आज सबसे स्वर्णिम अवसर है। आज ढूंढने से भी कहीं अच्छा कार्य करने वाले प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, मिस्त्री, कपड़े सिलने वाले और अन्य कौशल से जुड़े लोग नहीं मिलते। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में हर साल हज़ारों की संख्या में युवा आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं लेकिन उसके बाद उस क्षेत्र में काम नहीं करते। (अनंत ज्ञान)



### समय के अनुरूप बनाई जाएगी तकनीकी शिक्षा

**धर्माणी** ने कहा कि सरकार प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को विस्तार देने और इसे समय के अनुरूप बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए उनके ट्रेड के साथ एक ऐड-ऑन कोर्स को जोड़ने की दिशा में सरकार विचार कर रही है, जिससे हमारे युवाओं के कौशल विकास में मदद मिलेगी और हमें प्रशिक्षित मैनपावर मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में एआई हर क्षेत्र में अपने पैर पसार रही है, हमें अपनी क्षमताओं को भी उसके अनुरूप विकसित करने की आवश्यकता है। सरकार तकनीकी शिक्षण संस्थानों में इस दिशा में भी कार्य करने के लिए प्रयासरत है।

### खराब मौसम की वजह से रद्द किया पैराग्लाइडिंग टास्क

**बैजनाथ।** पैराग्लाइडिंग विश्व कप का शुक्रवार का टास्क कम रोशनी और खराब मौसम की वजह से रद्द कर दिया गया है । समापन समारोह की अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कार्यक्रम भी रद्द हो गया है। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम उनके प्रदेश के बाहर जाने की वजह से रद्द हुआ है। पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के छठे दिन भी अमेरिका के ऑस्टिन कोक्स ने अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला स्थान कायम रखा है। ऑस्टिन कोक्स 2991 अंक के साथ पहले स्थान पर पर चल रहे हैं भारत के रणजीत सिंह ने अपने प्रदर्शन में काफी बेहतरीन सुधार करते हुए 2871 अंक के साथ दूसरा पायदान छू लिया है। पोलैंड के डामर कैपिटा ने 2844 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। वहीं, महिला वर्ग में पोलैंड की जोना कोकोट 2486 अंक के साथ पहले स्थान पर जर्मनी की डरियाअल्टीकवा 1329 अंक के साथ दूसरे स्थान पर और ब्राजील की मरीना ओलेक्सिन 1232 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही हैं।

### हैप्पी बर्थडे



संतोषगढ़ (ऊना) की वाशिमा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### खैर के चार पेड़ काटने वालों को डेढ़ लाख जुर्माना

**फतेहपुर।** वन परिक्षेत्र रे के तहत पड़ती नंगल बीट के जंगल से बीते दिन लोगों ने खैर के 4 पेड़ काट लिए थे। इनकी जानकारी मिलते ही विभाग ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए कटे हुए खैर के मोछों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी। इस बारे शुक्रवार शाम को फोन पर जानकारी देते हुए विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि विभाग ने खैर के चार पेड़ों को काटने वाले 3 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगाया है, जोकि सोमवार को सरकारी खजाने में जमा हो जाएगा।

## मंत्री गोमा ने पैरा ओलंपिक मेडल विजेता निषाद को किया सम्मानित



**अजय पाल, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने अपने निवास पंचरुखी में पेरिस पैरालंपिक-2024 में सिल्वर मेडल विजेता निषाद कुमार को सम्मानित किया। हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना से संबंध रखने वाले एथलीट निषाद कुमार को पेरिस पैरालंपिक-2024 में पुरुषों की ऊंची कूद में सिल्वर मेडल हासिल करने पर बधाई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निषाद ने हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे विश्व में रोशन किया और यह हर हिमाचलवासी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने निषाद कुमार को हिमाचल सरकार की ओर से शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि निषाद की अदम्य इच्छाशक्ति, अथक परिश्रम और असीम समर्पण ने उन्हें इस ऐतिहासिक और अद्वितीय उपलब्धि तक पहुंचाया है, जो न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने भविष्य में भी इससे अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया और प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

# 7 करोड़ से अपग्रेड होगी बढल ठौर-डोंटा सड़क : कमलेश

## देहरा की विधायक ने मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 29 लाभार्थियों को वितरित किए चेक

**अनंत ज्ञान, देहरा**

विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को चरणबद्ध तरीके से सड़कों के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि बढल ठौर-बस्सी-डोंटा सड़क अपग्रेडेशन के लिए सात करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है तथा जल्द ही कार्य आरंभ किया जाएगा। शुक्रवार को बढलठौर में विकास कार्यों का निरीक्षण करने तथा जनमस्याएं सुनने के उपरांत विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में देहरा विधानसभा क्षेत्र के गांव और गरीब का विकास करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव और गरीब के विकास कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र में बड़े विकास कार्यों के साथ-साथ गांव और गरीबों तक विकास पहुंचाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति तक सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा सके।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं का पलायन नहीं हो सके और घर द्वार पर ही रोजगार प्राप्त हो सके। विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि देहरा विस क्षेत्र में जल्द ही रोजगार मेला भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप योजना को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की विशेष तौर पर करियर कांउसलिंग भी की जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा स्टार्टअप के साथ जुड़कर स्वावलंबी बन सकें। कमलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 29 लाभार्थियों को 31 हजार-31 हजार के चेक भी वितरित किए।



### आम लोगों की शिकायतों का शीघ्र करें समाधान

**विधायक** ने कहा कि गांव और गरीब की समस्याओं को जानने के लिए उन्होंने पंचायत प्रवास कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत के ग्रामीणों से मिलकर उनकी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आम जनमानस की शिकायतों का त्वरित निदान सुनिश्चित करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि बढलठौर पंचायत में विकास कार्यों के लिए दस लाख की राशि भी स्वीकृत की गई है। इस मौके पर बीडीओ देहरा मुकेश, नायब तहसीलदार सतविंदर गुलेरिया, सीडीपीओ बलजीत सिंह ठाकुर, एसडीओ राजेंद्र बग्गा, पंचायत उपप्रधान अश्वनी, पूर्व प्रधान गुरनाम सिंह, सुरेंद्र मनकोटिया सहित विभिन्न लोग उपस्थित थे।

# पालमपुर में आईआईएसएफ के कर्टेन रेजर कार्यक्रम का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



सीएसआईआर-हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर ने 8 नवंबर को इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (आईआईएसएफ) के कर्टेन रेजर कार्यक्रम का आयोजन किया। आईआईएसएफ एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य विज्ञान को उत्सव के रूप में मनाना है। यह लोगों और वैज्ञानिक समुदाय को एक साथ लाने, मिलकर काम करने और जन कल्याण के लिए वैज्ञानिक कार्यों का आनंद अनुभव करने के अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष आईआईएसएफ 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा, जिसका विषय भारत को विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचालित वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलना है।

आईआईएसएफ आधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रकृति के साथ सामंजस्य में एक समृद्ध भारत की परिकल्पना करता है, जो सभी क्षेत्रों के सभी नागरिकों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से अपनी क्षमता तक पहुंचने के अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कोम्पेला एस शास्त्री, राष्ट्रीय सचिव विज्ञान भारती ने आईआईएसएफ के महत्व और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश की समृद्ध वैज्ञानिक विरासत और इसे गति देने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. अश्विनी राणा, अध्यक्ष, विज्ञान भारती एचपी चैप्टर और एसोसिएट प्रोफेसर, एनआईटी हमीरपुर ने विकास में विज्ञान की भूमिका और इसे जनसाधारण के बीच लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एचपी चैप्टर द्वारा किए जा रहे कार्यों और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्ता को प्रस्तुत किया। इससे पहले, सीएसआईआर-आईएचबीटी के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने अतिथियों व अन्य का स्वागत किया। उन्होंने संस्थान में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कैसे संस्थान, सीएसआईआर मिशनों जैसे अरोमा, फ्लोरीकल्चर और फाइटोफार्मास्युटिकल के माध्यम से विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने जनसाधारण के बीच जागरूकता सृजन और विज्ञान को लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया ताकि इसके पूर्ण लाभ प्राप्त किए जा सकें और युवा पीढ़ी को प्रेरित किया जा सके। डॉ. अमित कुमार ने आईआईएसएफ 2024 के विस्तृत प्रोग्राम की जानकारी साझा की और धन्यवाद प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उठाए जा रहे कदम : जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व मेयर तथा वर्तमान पार्षद देवेंद्र जग्गी ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला में ब्लॉक स्तरीय बाल मेले के समापन पर बतौर मुख्यातिथि प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद सांस्कृतिक, विज्ञान मेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन अनिवार्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमना सरकार शिक्षा में गुणवत्ता पर भी विशेष बल दे रही है तथा विद्यालयों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके साथ ही बोर्डिंग स्कूल खोलने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

### पार्षद ने बाल मेले के विजेता किए पुरस्कृत

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के 21 हजार की राशि भी स्कूल प्रबंधन को दी। इससे पहले प्रिंसिपल ममता ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए बाल मेले बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर धर्मशाला ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष हरभजन चौधरी, पार्षद राजीव महाजन, पार्षद अनुराग कुमार, पार्षद संजीव शर्मा, नरघोटा केबलवंत सिंह राणा, हरीश चौधरी, राजशेखर शर्मा, अश्वनी चौधरी, भगत राम ठाकुर तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

### राजपूत कल्याण सभा धीरा की बैठक 12 को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश राजपूत कल्याण सभा धीरा उपमंडल इकाई की बैठक का आयोजन 12 नवंबर दिन मंगलवार सुबह 10:00 बजे काली नाथ महादेव मंदिर धीरा में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता सभा अध्यक्ष कंबर भान राणा करेंगे। इस बैठक में राजपूत समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों तथा आगामी वार्षिक समारोह के बारे में विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह जानकारी राजपूत कल्याण सभा धीरा इकाई के जनरल सेक्रेटरी ध्यान सिंह पटियाल ने दी।

# सीपीएस ने नवाजे दियोल के होनहार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने कहा कि कठिन परिश्रम से ही जीवन में उच्च लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सीपीएस ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल दियोल में आयोजित वार्षिक पारितोषिक समारोह बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

सीपीएस ने कहा कि अध्यापक अपने अनुभव के माध्यम से छात्रों को न केवल सही राह दिखा सकते हैं अपितु भविष्य में लक्ष्य प्राप्ति में उनका मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य सवारने और सही दिशा प्रदान करने में अभिभावकों के साथ-साथ अध्यापकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। उन्होंने अध्यापकों से छात्रों के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाने का आह्वान किया और छात्रों की प्रतिभा की पहचान कर इन्हें ओर निखारने की दिशा में सकारात्मक शुरुआत करने पर बल दिया। उन्होंने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दी और आशा जताई कि छात्र अपने सहपाठियों को ओर बेहतर करने के लिए प्रेरित करेंगे। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय व्यास ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।



स्कूल विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जिसकी मुख्यातिथि द्वारा खूब सराहना की गई। उन्होंने विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए मुख्याअतिथि ने 11 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजें। सीपीएस किशोरी लाल ने स्कूल की चारदीवारी लगाने के लिए प्राक्कलन तैयार करवाने ब इसके अतिरिक्त प्रिंसिपल द्वारा रखी गई अन्य मागों को भी चरणबद्ध तरीके पूरा करवाने का आश्वाशन भी दिया।




**असुविधा** | लपालप भरी धान मंडियां, किसानों को सात-आठ दिन तक खड़ी करनी पड़ रही धान से भरी गाड़ियां

# धान बेचने के लिए किसानों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार

**अनिल छांगू, जवाली**

सरकार ने तो जिला कांगड़ा के निचले क्षेत्र फतेहपुर, रियाली व मिलवा में किसानों कि मांग पर मंडियां तो खोल दीं, मगर इन्हें चलाना संबंधित विभाग के लिए नाको चने चबाने के बराबर हो गई है। मंडियों का लपालप भर जाना जहां सरकार व प्रदेश सरकार के लिए खुशी की बात है, तो वहीं क्षेत्र के किसानों के लिए अभिशाप बनती जा रही हैं, क्योंकि इन मंडियों के प्लेटफॉर्म धान से भर चुके हैं।

अगर रियली मंडी कि बात करें तो वहां पर क्षमता पूरी होने के बाद किसान अब फतेहपुर धान मंडी की तरफ कूच कर रहे हैं, मगर वहां भी किसानों के हाथ मायूसी लग रही है। विभाग की मानें तो धान की सप्लाई ज्यादा आने के कारण मंडियों में अब इससे अधिक धान रखने की क्षमता नहीं है। फतेहपुर अनाज मंडी में खरीद करने वाले विभाग खाद्य आपूर्ति ने तो दो अन्य जगहों पर निजी गोदाम भी किराए पर लिए हैं, मगर वे भी अब भर चुके हैं। समय पर मंडियों से धान न उठा पाना सरकार व विभाग की नालायकी को दर्शाता है।

इस सबका खामियाजा अब किसानों को भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि जिन किसानों की फसल अभी खेतों में पड़ी है, उन्हें अभी टोकन नहीं मिल पा रहे है। उनकी फसल खेतों में पड़ी है व ऊपर से किसानों को बारिश का डर सता रहा है और जिन्हें-जिन्हें टोकन मिल जा रहे हैं, वे अपनी फसल लेकर मंडी तो आ रहे हैं, लेकिन उनकी फसल से भरी गाड़ियां सात-आठ दिन तक खाली नहीं हो पा रही हैं, जिसके कारण एक तरफ उन्हें गाड़ियों का किराया तो दूसरी तरफ मौसम का डर सता रहा है। फतेहपुर अनाज मंडी में पहुंचे रियली क्षेत्र के किसान सुनीत गुलेरिया, साहिल पराशर, अमित चौधरी, रणवीर पठानिया आदि ने बताया कि उनको आज यहां सातवां दिन है, मगर अभी तक उनकी धान की फसल गाड़ियों से नहीं उतरी है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मौसम तो दूसरी तरफ हमें गाड़ियों के किराए की मार पड़ रही है। (अनंत ज्ञान)



### अनाज मंडियों में मूलभूत सुविधाओं की कमी भी असुविधा का बड़ा कारण

### क्या कहते हैं अनाज मंडी फतेहपुर के इंचार्ज

**इस** बारे में अनाज मंडी फतेहपुर के सिविल सप्लाई के इंचार्ज सुनील कुमार ने कहा कि समय रहते मंडी से धान का न उठना मुख्य समस्या है। कहा कि उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करवा दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि धान को स्टोर करने के लिए दो निजी भवनों को भी किराए पर ले लिया गया है।

### धान उठाने के लिए जारी किए हैं आदेश

**जिला** खाद्य आपूर्ति एवं नियंत्रक अधिकारी धर्मशाला पुरुषोत्तम चंद ने कहा कि धान उठाने के आदेश जारी किए जा चके हैं। हमारे पास फिलहाल दो शेड हैं। एक राजा का बाग तो एक दलियारा में। राजा का बाग को 1500 क्विंटल तो दलियारा को 1000 क्विंटल मिलवा व रियाली मंडी से उठाने के आदेश जारी किए जा चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम के ओएसडी ने खास गलोड़ में सुनी समस्याएं



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ओएसडी गोपाल गौतम ने खास गलोड़ पंचायत में लोगों की जनसमस्याएं सुनी। इस मौके पर जिला प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर पंचायत से लगभग 30 के करीब लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखी। अधिकांश समस्याओं को उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंप कर शीघ्र उनका निवारण करने के आदेश दिए, वहीं कुछ समस्याओं को वह शिमला में मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर निपटारा करेंगे। खास गलोड़ पंचायत के प्रधान संजीव शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की ओएसडी ने उनकी पंचायत के लोगों की समस्याओं को सुना व अधिकारियों को उनका निपटारा करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह हिमाचल के चौमुखी विकास और व्यवस्था परिवर्तन का जो उन्होंने बीड़ा उठाया है, उससे हर हिमाचल वासी खुश है व उनके मार्गदर्शन में 2027 में हिमाचल प्रदेश एक विकसित प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।

### कुटियारा स्कूल की सिया भाटिया का शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुटियारा की सिया भाटिया ने साइंस प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में द्वितीय स्थान, टीएलएम (हिंदी) में अंकिता ने द्वितीय स्थान जबकि एकल गान में अवंतिका ने तृतीय तथा कविता पाठ में सेजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल की छात्रा सेजल का चयन जिला स्तरीय बाल मेला के लिए हुआ। रक्कड़ में ब्लॉक स्तरीय बाल मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने स्कूल के वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीरज द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रवक्ता दिनेश्वर परिहार सहित स्कूल स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान मोहिंद्र सिंह ने भी इस शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी।

### हिल फेयर का भव्य आरंभ, छात्रों की बेहतरीन प्रस्तुति




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उद्भवः डॉन ऑफ द एजेस थीम के साथ एनआईटी हमीरपुर में हिम फेयर 2024 का शुभारंभ सांस्कृतिक आकर्षण और उत्साह से भरे दिन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में पारंपरिक दीप प्रज्वलन और निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी के भाषण के साथ हिल फेयर का आधिकारिक उद्घाटन किया। रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननोटी ने थीम का वर्णन किया और उत्सव के विविधता में एकता के सार को समझाया, जबकि डीन डॉ. अशोक कुमार ने सभी स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस आयोजन को संभव बनाया। यह तीन दिनों के उत्सव और कला के लिए एक शानदार शुरुआत थी।

### इशांत ने 800 और 1500 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सिंथेटिक ट्रैक अणु में 65वीं राज्य स्तरीय अंडर 19 छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई अहम मुकाबले आयोजित किए गए। इसमें हमीरपुर के इशांत शर्मा ने 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता है। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800, 1500 और 3000 मीटर की दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन में परिणाम में लड़कियों के 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, रिया दूसरे व खुशबू तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में कृशव राजगुरू प्रथम स्थान, पियूष पटियाल दूसरे, सिद्धांत तीसरे स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में हमीरपुर की मन्नत प्रथम, पलक दूसरे, मधू तीसरे स्थान पर रही। वहीं लड़कों के 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हमीरपुर का इशांत ठाकुर, विवेक दूसरे, रिशव तीसरे स्थान पर रहे। शनिवार को खेल के अंतिम मुकाबले खेले जाएंगे व विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

### जैन मंदिर में आज होगा रक्तदान शिविर आयोजित

**नादौन।** भगवान महावीर के 2551वें निर्वाण महोत्सव एवं जैन ध्वज की 50वीं वर्षगांठ पर जैन मंदिर नादौन में 9 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसएस जैन सभा नादौन के प्रधान रमेश जैन, महामंत्री मनोज जैन व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन महिला मंडल, युवक मंडल, सन्मति युवती मंडल के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने सभी रक्तदानियों से आग्रह किया है कि वे रक्तदान करके किसी की जिंदगी बचाने के लिए महादान करें।

### सड़क दुर्घटना में मां की मौत, बच्चा जख्मी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर के वार्ड नंबर 3 की निवासी दीपिका की किरतपुर के पास मनाली हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। इस दुर्घटना में उनका सवा साल का बच्चा भी जख्मी हुआ है। दीपिका का शव पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए हमीरपुर लाया गया है, जिसे स्थानीय मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखा गया है। उसका पति मनीष कुमार मर्चेंट नेवी में बताया गया है। किरतपुर के आसपास फोरलेन पर गलत दिशा में आ रहे एक वाहन ने उनके वाहन को जिसमें वे सवार थे, जोरदार टक्कर मारी और उसमें ड्राइवर के अलावा दीपिका की मौत हो गई। इस वाहन में सवार दो अन्य बुरी तरह घायल हुए हैं।

### बदतमीजी व धमकियां देने का आरोप, मामला दर्ज

**नादौन।** गाड़ी के आगे बाइक लगाकर बदतमीजी व धमकियां देने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार बड़सर कस्वाड़ के गांव आधरी के अमित कुमार पुत्र अमर नाथ ने पुलिस को शिकायत की है कि वह अपने अपने परिवार के साथ अपनी गाड़ी में घर वापस आ रहा था तो रास्ते में दो बाइक सवार लडके जो पीछे से आ रहे थे, उन्होंने बाइक को गाडी के आगे लगाकर रास्ता रोककर बतमीजी की व धमकियां दी। एएसपी राजेश शर्मा ने बताया कि नादौन पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### हर बूथ पर चलेगा मतदाता पंजीकरण अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण-2025 के तहत नए पात्र लोगों और किन्हीं कारणों से पूर्व में छूटे लोगों के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करने, अपात्र लोगों के नाम इन सूचियों से हटाने तथा मतदाता सूचियों में अशुद्धियों को दुरुस्त करने के लिए 9, 10, 23 और 24 नवंबर को जिले के हर मतदान केंद्र पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने उक्त जानकारी दी।

### महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता का समापन

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर-महाविद्यालय महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। इस अवसर पर नादौन के एसडीएम राकेश कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने महिला प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव राजकुमार जम्वाल (सेवानिवृत्त प्राचार्य, जीसी इंदौरा), प्रदीप शर्मा, प्राचार्य, जीएसएस स्कूल गुग्लारा (अंतरराष्ट्रीय रेफरी), डॉ. मनोहरलाल, सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, राजेश कुमार सांगल, प्रवक्ता, वाणिज्य, जीएसएस स्कूल बंगाणा (अंतरराष्ट्रीय रेफरी), डॉ. पवन पाटियाल, सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा, राजकीय महाविद्यालय अंब, सुनील राणा, प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षा, जीएसएस स्कूल पुरवा और मिस कृशिका भी उपस्थित रहे। 55 किग्रा वर्ग में रिया ठाकुर (राजकीय महाविद्यालय, नादौन) ने प्रथम स्थान, 59 किग्रा वर्ग में निधि ठाकुर (राजकीय महाविद्यालय, ढलियारा) ने प्रथम स्थान, 64 किग्रा वर्ग में पायल राणा (राजकीय महाविद्यालय, नालागढ़) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय महाविद्यालय, नादौन)ओवर आल चैम्पियन रही। द्वितीय स्थान गवर्नमेंट कॉलेज ढलीयारा ने हासिल किया तरितिय स्थान पर गवर्नमेंट कॉलेज धर्मशाला रहा। मुख्य अतिथि राकेश कुमार शर्मा ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों का धन्यवाद किया।

# गांधी चौक पर हुई मुक्कों की बरसात

## हमीरपुर में पुरुषों की 53वीं सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप शुरू

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिले के गांधी चौक हमीरपुर में पुरुषों की 53वीं सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप शुरू हुई, जो कि आगामी 10 नवंबर तक चलेगी। इसका शुभारंभ जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने किया। इस मौके पर विशेष रूप से एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व पार्षद मनोज शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश मीडिया सैल डॉ. चंदन राणा व जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल मनकोटिया मौजूद रहे।

पुरुष बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रदेश भर से 100 के करीब बॉक्सिंग खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। यहां पर विजेता रहने वाले खिलाड़ियों को नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा। चैंपियनशिप में ओलंपिक में भाग ले चुके खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। गौर हो कि हमीरपुर के गांधी चौक पर पहली बार ओपन रिंग लगाकर बॉक्सिंग चैंपियनशिप करवाई जा रही है। यह चैंपियनशिप बॉक्सिंग एसोसिएशन हमीरपुर और बॉक्सिंग फेडरेशन हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से करवाया जा रहा है। इसमें विभिन्न भार वर्ग में बॉक्सर अपना दमखम दिखाएंगे। इस चैंपियनशिप में ओलंपिक खेल चुके और गोल्ड मेडलिस्ट आशीष चैधरी के अलावा



सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई बॉक्सिंग खिलाड़ी भी अपना दमखम दिखा रहे हैं।

स्टार 2 स्टार 3 के रैफरी भी चैंपियनशिप में अपना निर्णय देंगे। वहीं, खिलाड़ी पायल और सानिध्य ने बताया कि हमें बहुत अच्छा लगा कि हमीरपुर में पहली बार सीनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप खुले में हो रही है जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और उसे निखारने का मौका मिलेगा तथा आगे भी इस तरह की चैंपियनशिप होती रही तो बच्चों को अधिक बढ़ावा मिलेगा। जिला बॉक्सिंग एशोसिएशन के अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने बताया कि इसमें प्रदेश भर के 100 के करीब बॉक्सिंग खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि हमीरपुर के इतिहास में पहली बार गांधी चौक पर ऐसा रिंग लगा है जिसके लिए जिला प्रशासन और एशोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्य का आभार व्यक्त करते हैं।

जिला बॉक्सिंग एशोसिएशन के जरनल सेक्रेटरी अनिल मनकोटिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप में विभिन्न भार वर्ग में बॉक्सर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि ओलंपियन आशीष चौधरी के अलावा 4 बॉक्सर जो राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल ले चुके हैं और जो इंडिया को रिप्रेजेंट कर चुके खिलाड़ी भी आएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा इस बॉक्सिंग चैंपियनशिप करवाने का यही उद्देश्य है कि युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों के प्रति जागरूक करना है। (अनंत ज्ञान)

# 75 वर्षीय पूर्व सैनिक के आपबीती सुनाते आंखों से छलक पड़े आंसू

## कालिदास पर जानलेवा हमले के बाद पुलिस ने नहीं की ठोस कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपमंडल सुजानपुर टीहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बजरोल के गांव पलभु के 75 वर्षीय भूतपूर्व सैनिक कैप्टन कालिदास ठाकुर पर 30 अक्तूबर को एक जमीनी विवाद के उपरांत जानलेवा हमला किया गया जिसमें पूर्व सैनिक बुरी तरह से लहूलुहान हो गए। इस हादसे की सूचना सुजानपुर पुलिस थाना में दी गई।

इसके उपरांत पूर्व सैनिक कालिदास ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि गांव के पास मंदिर की जमीन पर गांव का व्यक्ति जेसीबी द्वारा कुछ कार्य करवा रहे थे। इसके बारे में कालिदास द्वारा पूछने कि इस जमीन पर सटे के बावजूद क्यों निर्माण कार्य करवा रहे हैं। इसके बाद भगवान दास ने जेसीबी से रॉड, डंडे निकाल कर पूर्व सैनिक के ऊपर हमला कर दिया जिससे उनके दोनों टांगों और बाजू में गंभीर चोटें आईं। उन्होंने बताया कि सुजानपुर थाना में बकायदा एफआईआर दर्ज करवाई गई लेकिन फिर भी उस व्यक्ति के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अतिरिक्त पुलिस

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह से लगाई न्याय की गुहार

अधीक्षक राजेश सिंह को आपबीती सुनाते समय उनकी आंखों से बार-बार आंसू छलक रहे थे। उन्होंने बताया कि उनका सबसे बड़ा गुनाह यही है कि वह मंदिर की जमीन पर किसी और का कब्जा नहीं होना देना चाहते थे। इस कार्य में गांव वालों ने भी उनका साथ नहीं दिया और व्यक्ति ने उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना सुजानपुर में मामला तो दर्ज किया गया है लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह से निवेदन किया कि इस मामले में उचित धाराएं लगाई जाए और मंदिर की जमीन पर स्टे होने के कारण किए जा रहे कार्य को रुकवाया जाए। इस बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पुलिस कर्मचारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जानलेवा हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।



## गुड गवर्नेंस इंडेक्स में जिला हमीरपुर प्रदेशभर में तृतीय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- तृतीय पुरस्कार के रूप में हमीरपुर जिले को मिली 25 लाख रुपए की राशि
- डीसी ने मुख्यमंत्री, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा जिलावासियों का धन्यवाद किया

जिला सुशासन सूचकांक यानी डिस्ट्रिक्ट गुड गवर्नेंस इंडेक्स (डीजीजीआई) में हमीरपुर जिले ने एक बार फिर सराहनीय प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इस पुरस्कार के रूप में जिला हमीरपुर को 25 लाख रुपए की राशि मिली है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को शिमला में आरंभ हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों के डीसी-एसपी के दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया।

इस पुरस्कार के लिए जिला के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों और समस्त जिला वासियों को बधाई देते हुए उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन, अधिकारियों-कर्मचारियों की पूरी टीम की मेहनत तथा सभी जिला वासियों के सहयोग से हमीरपुर को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, सभी अधिकारियों-कर्मचारियों तथा समस्त जिला वासियों का आभार व्यक्त करते हुए अमरजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला हमीरपुर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की पूरी टीम लगातार समर्पण भाव से कार्य करेगी। उपायुक्त ने बताया कि जिला सुशासन सूचकांक में आठ मूल विषय जैसे-आवश्यक बुनियादी ढांचा, मानव विकास, सामाजिक संरक्षण, महिला एवं बाल विकास, कानून व्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही और आर्थिक प्रदर्शन आदि शामिल किए गए हैं।

इनके अंतर्गत 19 मुख्य केंद्र बिंदुओं एवं 111 संकेतकों के आधार पर सभी जिलों के प्रदर्शन का आकलन किया जाता है। इन सभी मानकों में जिला हमीरपुर का प्रदर्शन सराहनीय रहा है।




सीएम से पुरस्कार प्राप्त करते हमीरपुर जिले के डीसी अमरजीत सिंह।

## अवैध निर्माण पर टीसीपी ने दोबारा जारी किया नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजस्व मोहाल लाहड़ के अंतर्गत बाईपास मट्टनसिद्ध के निकट जारी निर्माण कार्य का कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग ने दोबारा नोटिस जारी किया है।

हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-2 के तहत जारी इस नए नोटिस में विभाग के प्लानिंग ऑफिसर ने इस निर्माण कार्य को अवैध बताते हुए इसे तुरंत गिराने तथा जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में विभाग ने पहले हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन नियम-2014 के नियम 28 के तहत नोटिस जारी किया था, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर इसकी अनुपालना न होने के कारण अब प्लानिंग ऑफिसर ने दोबारा नोटिस जारी किया है।

## शपथ ग्रहण समारोह : साक्षी कौंडल बनीं केंद्रीय छात्र परिषद की अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** शुक्रवार को चकमोह में स्थित श्री विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय में केंद्रीय छात्र परिषद् का गठन किया गया है। इसका शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. नरेश ठाकुर ने शिरकत की। उन्होंने नामित किए गए सदस्यों को मुख्य हाल वेदव्यास परिसर में संस्कृत भाषा में शपथ दिलाई। साक्षी कौंडल को अध्यक्ष, ऋषभ शर्मा को उपाध्यक्ष बंदना को सचिव, चंपा शर्मा को सहसचिव का जिम्मा सौंपा गया है। इन सभी छात्रों ने महाविद्यालय हित में एवं संविधान के अनुसार कार्य करने की कसम भी खाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश ठाकुर ने सभी छात्रों तथा चुने गए छात्रों को बधाई दी तथा उन्हें महाविद्यालय के कल्याण के लिए कार्य करने का भी आह्वान किया।

## बड़ू, मोहीं, बरोहा, पुलिस लाइन में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 10 नवंबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के चलते मोहीं, बड़ू, पॉलीटेक्निक कालेज, औद्योगिक क्षेत्र, बरोहा, जमली, कथाल, पुलिस लाइन और साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## लदरौर में एसडीएम ने स्कूली बसों का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोरंज उपमंडल के विभिन्न निजी स्कूलों के वाहनों में बच्चों की सेफ्टी के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने लदरौर में निजी स्कूलों के वाहनों का औचक निरीक्षण किया। इस मौके एसडीएम ने स्कूली बसों के अंदर जाकर इनकी वास्तविक स्थिति, बच्चों के बैठने की व्यवस्था और परिवहन निदेशालय द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों की अनुपालना का जायजा लिया। एसडीएम ने निजी स्कूलों के वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट भी चेक किए तथा कुछ खामियां पाए जाने पर जल्द स्कूल के अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है। वहीं इस मौके पर एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि विशेष अभियान के तहत यह निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि बच्चों की सेफ्टी की जा सके।

### हिमाचल सरकार की 'समोसा राजनीति' पर राजेंद्र राणा ने किया तीखा प्रहार

## विकास छोड़, विरोधियों पर नजर और समोसे की जांच में व्यस्त सीआईडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार और उनकी सीआईडी की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था, नशाखोरी और अपराधों पर नजर रखने की बजाए सीआईडी का ध्यान मुख्यमंत्री के लिए लाए गए 'विशेष समोसों' पर है। उन्होंने कटाक्ष किया कि सीआईडी यह जांच करने में व्यस्त है कि आखिर मुख्यमंत्री के लिए मंगवाए गए समोसे किसने खा लिए और इसमें भी विपक्ष का हाथ तलाशा जा रहा है। राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में शायद यह पहली बार है कि मुख्यमंत्री के समोसे खाने का मामला मीडिया में प्रमुखता से छपा है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि क्या यही सीआईडी का असल काम रह गया है? क्या इस सरकार के 'व्यवस्था परिवर्तन' के नारे का यही मतलब है कि विरोधियों की जासूसी की जाए, उनके फोन टैप किए जाएं, और समोसे के मामले में विपक्ष को दोषी ठहराने की कोशिश की जाए? यह सोचने का विषय है कि आखिर यह सरकार क्यों राजनीतिक प्रतिशोध की आग में जल रही है और जनता के हितों से हटकर ऐसी हास्यास्पद गतिविधियों में व्यस्त है।



राणा ने तीखे शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री का असली एजेंडा शायद विकास और जनकल्याण नहीं है, बल्कि अपनी छवि को नाटकीय ढंग से चमकाना है।

### हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में 32वें जिला स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन का शानदार आगाज

# जिलेभर के 70 स्कूलों के 292 बाल वैज्ञानिक दिखाएंगे प्रतिभा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में 32वें जिला स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन का भव्य आगाज हुआ। इस आयोजन के मुख्यातिथि उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग अशोक कुमार, विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग अनिल कौशल व डिप्टी डीईओ ओंकार सिंह भाटिया ने शिरकत की व प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने बच्चों द्वारा लगाई गई साइंस मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने विज्ञान सम्मेलन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों, मुख्यातिथियों व उपस्थित एस्कॉर्ट टीचर को उपलब्ध करवाई। शिक्षा विभाग की तरफ से हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के चेयरमैन प्रोफेसर आरसी लखनपाल, चेयरपर्सन मैडम चंद्रप्रभा लखनपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय निदेशक पंकज लखनपाल व प्रधानाचार्य हिमांशु शर्मा ने सबका धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में जिला भर के 70 स्कूलों के 292 विद्यार्थी वैज्ञानिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। अन्य गणमान्य व्यक्ति में आरसी डोगरा, तेज नाथ, देवीदास शहंशाह, संजीव शर्मा, विकेश कौशल व राजीव शर्मा ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। जिला स्तरीय सभी गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। (अनंत ज्ञान)





हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में 32वें जिला स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन का शुभारंभ करते गणमान्य व (दाएं) उपस्थिति।

**आयोजन** जिले के सभी मंडलों में बूथ स्तर पर 30 तक चुनाव होंगे संपन्न, भाजपा अपना बूथ सबसे मजबूत पर आगे भी करेगी काम : विक्रम ठाकुर

# जिला हमीरपुर में भाजपा की प्राथमिक सदस्यता हुई लगभग एक लाख

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के संगठन चुनावों को लेकर संगठन पर्व की कार्यशाला जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व में रहे हिमाचल सरकार में मंत्री व हमीरपुर संगठन चुनाव अधिकारी विक्रम ठाकुर पहुंचे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रजनन के साथ किया गया, उसके बाद जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने आगामी संगठन चुनावों को लेकर अपना वृत्त रखा।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि 4 नवंबर को प्रदेश स्तरीय संगठन पर्व की कार्यशाला सुंदरनगर में रखी गई थी, उसके बाद यहां कार्यशाला हर जिला में वह हर मंडल में होनी तय हुई है, उसी को लेकर या जिला हमीरपुर की कार्यशाला जिला स्तरीय रखी गई थी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमीरपुर जिले में प्राथमिक सदस्यता लगभग एक लाख तक हो चुकी है और सक्रिय सदस्यता का कार्य हर बूथ स्तर पर चला हुआ है।

इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में विक्रम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान पूर्ण रूप से संपन्न हो चुका है और अब जिला के सभी मंडलों में बूथ स्तर पर चुनाव किए जाने हैं और यह चुनाव 30 नवंबर तक संपन्न किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का शुरू से ही यह लक्ष्य है अपना बूथ सबसे मजबूत। भारतीय जनता पार्टी इसी लक्ष्य के ऊपर काम करती आई है और आगे भी इसी लक्ष्य के साथ काम करेगी, तभी तो आज देश भर में भारतीय जनता पार्टी अन्य दलों से आगे है। इस दौरान कार्यशाला में विक्रम ठाकुर के अलावा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला चुनाव सह अधिकारी राकेश ठाकुर, जिला चुनाव सह अधिकारी उषा बिरला, पूर्व विधायक अनिल धीमान, पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक नादौन विजय अग्निहोत्री, पूर्व विधायका कमलेश कुमारी, बड़सर के विधायक इंद्रजत लखनपाल, प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के सचिव नरेंद्र अत्री, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयपाल सोहारू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय बहल, पूर्व एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व कौशल विकास निगम के अध्यक्ष नवीन शर्मा, पांचों मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



जिला भाजपा की कार्यशाला जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

### पूर्व सीएम की बहन के निधन पर 2 मिनट का मौन

कार्यशाला की शुरुआत करते ही पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल की बहन स्व. कौशल्या देवी जिनका देहांत अभी हाल ही में हुआ था, उनकी आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदना की गई व 2 मिनट का मौन रखा गया।

### सभी मंडलों में कार्यशाला की तिथियां निर्धारित

कार्यशाला में जिला अध्यक्ष ने कहा कि मंडलों की कार्यशाला की तिथियां भी निर्धारित कर दी गई हैं, जिसमें 9 नवंबर को भोरंज में कार्यशाला रखी गई है जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला भाजपा उपाध्यक्ष व चुनाव सह अधिकारी उषा बिरला होंगी, वहीं 9 नवंबर को सुजानपुर के कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला महामंत्री अजय रिंटू होंगे। वहीं, 10 नवंबर को हमीरपुर के कार्यशाला होगी, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्षा वंदना योगी, 10 नवंबर को ही बड़सर विधानसभा की भी कार्यशाला रखी गई है, जिसमें जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा व 10 नवंबर को नादौन की कार्यशाला में जिला चुनाव सह अधिकारी व जिला महामंत्री राकेश ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भांबला में लगा बहु विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आयुष विभाग सरकाघाट के द्वारा बहु विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन डॉक्टर बबीता वर्मा की अध्यक्षता में अंबेडकर भवन बतैल में किया गया। इस चिकित्सा शिविर में लोगों को मुफ्त दवाइयां बांटी गई तथा रक्त जांच भी की गई। योग शिक्षकों के द्वारा योगासन व प्राणायाम करवाया गया। इस चिकित्सा शिविर में 240 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस चिकित्सा शिविर में डाक्टर बबीता वर्मा, बबीता चौहान, दीपिका, अरविंद कुमार शर्मा , पंकज, पुष्पेंद्र सिंह तथा फार्मेसी अधिकारी कमलेश आदि ने भाग लिया। यह जानकारी उपमंडलीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रमादित्य गौतम ने दी।

### चोलथरा में 10 को लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सर्वोदय जन कल्याण समिति चोलथरा के तत्वाधान में 10 नवंबर को चोलथरा में एक विशाल मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य शिविर धाड़ता क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ्य शिविर होगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम स्थानीय जनता की सेवा हेतु उपलब्ध रहेगी, साथ ही इस शिविर में आईजीएमसी शिमला मेडिकल कॉलेज हमीरपुर नेरचौक और टांडा से लेकर धाडता क्षेत्र से संबंध रखने वाले कई विशेषज्ञ डॉक्टर निस्वार्थ भावना से मरीजों का चेकअप करेंगे। यह जानकारी समिति के प्रधान सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य परजीत ठाकुर ने दी।

### आईटीआई कोटी में 11 को लगेगा रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, चंबा ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोटी में 11 नवंबर को प्रधान मंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला व रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य राहुल राठौर ने बताया कि इस मेले में 10+2 पास, आईटीआई, डिप्लोमा व डिग्री धारक भाग ले सकते हैं तथा अपने आप को अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान दो निजी क्षेत्र की कंपनियां साक्षात्कार लेकर योग्य उमीदवारों का चयन करेंगीं। इन कंपनियों में टाटा इलेक्ट्रॉनिक अप्रेंटिसशिप एक्ट 1961 के तहत उमीदवारों का चयन करेगी व 13 हजार 500 का मासिक वेतन देगी। इसके साथ सात्विक ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड अम्बाला के लिए भी साक्षात्कार लिया जाएगा। इसके लिए पात्रता में आईटीआई, डिप्लोमा व डिग्री धारक उमीदवार भाग ले सकेंगे। साक्षात्कार में चयनित उमीदवारों को 12 हजार से 18 हजार तक मासिक वेतन मिलेगा। संस्थान की समूह अनुदेशिका दमयंती ने बताया कि 18 से 24 वर्ष की आयु वाले वर्ष 2022 के बाद पास हुए योग्य उमीदवार अपने दस्तावेजों सहित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोटी में 11 नवंबर को सुबह 10 बजे पहुंच कर इस अवसर का भरपूर लाभ उठा सकते हैं ।

### अमन और श्रद्धा ने बनाई प्लास्टिक वेस्ट से बिजली



**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला स्तरीय बाल विज्ञान मेले के आयोजन में बच्चों ने बहुत से आधुनिक तकनीकों के लैस प्रोजेक्ट तैयार किए है। वहीं कन्या स्कूल मंडी में आयोजित बाल विज्ञान मेले में सरकाघाट से पहुंचे अमन वर्मा का प्रोजेक्ट आधुनिकता के साथ इको फ्रेंडली और एनर्जी सेव करने वाला था। अमन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का नाम पॉलिजेनिक है जोकि तीन शब्दों से मिलकर बना है जिसमें पॉली का मतलब पॉलीथिन, जैन का इलेक्ट्रिसिटी जनरेट करना और आईएस का मतलब एडवांस टेक्नोलॉजी रिसर्च। अमन ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए बताया कि प्लास्टिक का दुनिया में बहुत ज्यादा प्रयोग किया जा रहा है जिसमें 8.3 ट्रिलियन प्लास्टिक का प्रयोग दुनिया भर में किया जाता है और लोग उसे एक वेस्ट की तरह इस्तेमाल करते है जिसको खतम करने के लिए एक प्रोजेक्ट को तैयार किया गया है। अमन ने प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एक प्लान के माध्यम से प्लास्टिक को जलाया जाएगा जिससे हिटिंग पेनल द्वारा जो इलेक्ट्रिक ऊर्जा उत्पन्न होगी उसको कैपेस्टर में स्टोर किया जाएगा जिसके बाद बैटरी में स्टोर किया जा सकता है और साथ में सौर ऊर्जा से भी बिजली उत्पन्न होगी। वहीं श्रद्धा ने बताया कि जो कार्बन का बेस्ट मेटेरियल है और जिसको जलाने से जो बिजली पैदा की गई है उसका प्रयोग रोड में किया जाएगा। जिसमें दो प्रकार के रोड बनाए जाएंगे जिसमें एक ईंधन से चलने वाले वाहन और दूसरे ईवी वाहन। ईवी रोड के लिए मिचुअल इंडक्शन प्रिंसिपल का प्रयोग किया गया है जिसमें गाड़ी के नीचे और रोड के नीचे एक कॉयल का प्रयोग किया जाएगा।

### सुन्नी में छठ पूजा पर की सूर्य देवता की पूजा



**अनंत ज्ञान, सुन्नी ।** छठ पूजा के उपलक्ष्य में सुन्नी में सूर्य देव की पूजा-अर्चना की गई तथा छठ मैया का भी आशीर्वाद प्राप्त किया गया । इस अवसर पर आई टी आई के समीप वैकल्पिक तौर से बनाए घाट पर बिहारी मूल के प्रवासी मजदूरों सहित स्थानीय लोगों ने भी छठ पर्व पर सूर्य देवता और माँ छठी मैया की आराधना की । जानकारों के अनुसार छठ पर्व त्याग, संयम और संकल्प की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया की पूजा की और शांति,सुख और समृद्धि की कामना की ।

# पार्किंग को लेकर बनीखेतवासी परेशान समस्या का हल नहीं निकाल पाया प्रशासन

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत में इन दोनों पार्किंग की समस्या ने एक बार फिर से सर उठाना शुरू कर दिया है।

बताते चलें की क्षेत्र का सबसे अधिक व्यस्त रहने वाला बनीखेत बाजार में ज्यादातर लोगों के वहां स्थाई रूप से ही सड़क किनारे खड़े रहते हैं जिसको लेकर कई बार यातायात अवरूद्ध होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

इस समस्या को लेकर बनीखेत बसअड्डा, सुर्खीगला, बैकुंठ नगर, मुख्य बाजार बनीखेत, कॉलेज रोड पद्दर में यहां वहां आड़ी टेड़ी खड़ी गाड़ियां अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न कर ही देती हैं।

हालांकि स्थानीय पुलिस द्वारा मुस्तादी बरतते हुए कई बार चालान भी किए जाते हैं किंतु उसके बावजूद भी इस समस्या का कोई स्थाई हल नहीं निकलता नजर आ रहा है। गौर करने वाली बात यह है कि क्षेत्र के कई होटलों के पास खुद की पार्किंग सुविधा भी नहीं है



सड़क पर खड़ी गाड़ियों के कारण लगा हुआ जाम।

#### क्षेत्र के कई होटलों के पास खुद की पार्किंग सुविधा नहीं

पार्किंग को लेकर बनीखेत के कई होटल ग्राम पंचायत बनीखेत की पार्किंग का सहारा लेते हैं लेकिन ,

बनीखेत पंचायत पार्किंग की मौजूदा हालात किसी से छुपी नहीं है वह भी ज्यादातर भरी ही रहती हैं और गाड़ियां पार्किंग से बाहर खड़ी देखने को मिल ही जाती हैं।

पार्किंग को लेकर बनीखेत में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। इसके लिए स्थानीय लोगों प्रशासन एवं हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द पार्किंग को लेकर कोई ठोस हल निकल जाए ताकि स्थानीय लोगों के समक्ष आ रही इस समस्या से पूर्णता निजात मिल सके। (अनंत ज्ञान)

#### समस्या से जल्द छुटकारा दिलाने की उठाई मांग

**बताते** चलें कि कैबिनेट मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार विक्रमादित्य के डलहौजी दौरे के दौरान पार्किंग की समस्या को लेकर अवगत करवाया था किंतु अभी तक न तो सरकार की तरफ से ही कोई रुख साफ हो पाया है और न ही स्थानीय प्रशासन ने इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम ही उठाए हैं। पुलिस प्रशासन समय-समय पर यातायात को सुचारू एवं से ही ढंग से बनाए रखने के चालान एवं जुर्माना इत्यादि लगाकर कानून की अधिनियम करने वाले को सजा तो जरूर देता रहता है किंतु ऐसा करना भी कोई स्थाई हल नहीं है। क्योंकि यकायक क्षेत्र में बढ़नी जनसंख्या के कारण खाली जगह नहीं रही हैं जो पार्किंग की समस्या का बड़ा कारण बनती दिखाई दे रही हैं। तथा स्थानीय लोगों की प्रशासन से गुहार है कि इस समस्या से उन्हें जल्द से जल्द छुटकारा दिलाया जाए।

# एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन



अतिरिक्त जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते छात्र।

**ओपी शर्मा, चंबा**

भारतीय राष्ट्र संगठन के छात्रों ने नशे के खिलाफ और बढ़ती जा रही इस प्रवृति को कैसे रोक जाए इसको लेकर प्रदेश भर में एनएसयूआई छात्र संगठन इस मुहिम में जुट गए है। प्रदेश के हर जिले में अभियान चल पड़ा है। वहीं आज भारतीय राष्ट्र संगठन एनएसयूआई के छात्र अतिरिक्त जिला उपायुक्त अमित मेहरा से मिले और एक ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर एनएसयूआई छात्र संगठन की चंबा इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि आज प्रदेश के हर जिले में जिस तरह से स्मगलर लोग चिट्टे जैसी घातक नशे से आज की युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे है उसके खिलाफ हमारे प्रदेश संगठन ने जिसको कि (संकल्प) का नाम रखा गया है और इसी विषय को लेकर आज हमारी संस्था।

एनएसयूआई अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एडीएम अमित मेहरा से मिला। इन्होंने कहा कि संकल्प नामक इस अभियान के अंतर्गत हमारे संगठन के लोग जिले भर के हर स्कूल, वहां पर चल रहे महाविद्यालय के सभी छात्रों से मिलकर नशे के खिलाफ इनसे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे बताकर जागरूक करेंगे।

इनका कहना है कि आज की युवा पीढ़ी नशे ने जिस तरह से घिरती जा रही है उनको इस दलदल से निकालने के लिए इन युवाओं को खेलकूद प्रतियोगिताओं और पढ़ाई लिखाई को लेकर प्रेरित करने के साथ साथ नुक्कड़ नाटक जैसे प्रोग्राम कर इन युवाओं को नशे जैसी नामुराद बीमारी से बाहर निकालने का भरसक प्रयास करेंगे ।(अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में भी लागू होनी चाहिए एक विधायक एक पेंशन योजना : सोनू

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पंजाब सरकार के द्वारा जुलाई माह में विधानसभा में एक विधायक एक पेंशन का बिल पास किया गया था और उसे अब राज्यपाल से मंजूरी भी मिल गई थी और सरकार ने उसकी नोटिफिकेशन भी जारी कर दी है।



हिमाचल आम आदमी पार्टी के चंबा जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू ठाकुर ने अपना मीडिया में वक्तव्य देते हुए कहा कि पंजाब की तर्ज पे हिमाचल में भी 'एक विधायक, एक पेंशन' योजना को लागू किया जाना चाहिए, ऐसा करने से हिमाचल के खजाने के कई सौ करोड़ की हर महीने में बचत होगी।

उनका कहना है की हिमाचल प्रदेश सरकार खजाना खाली का रोना रोती रहती है। हिमाचल प्रदेश में अभी ऐसा प्रावधान है की विधायक जितनी बार कितनी हे उसे उतनी बार की पेंशन योजना का लाभ मिलता है अगर कोई विधायक 6 बार जीतता है तो वो आज हारने पर 6 बार की पेंशन ले रहा है जो की सरकार पर वित्तीय बोझ बढ़ा रहा है।

उन्होंने प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री सुक्खू से पूरजोर अपील की है कि वो भी पंजाब सरकार द्वारा लागू किए गए इस बिल को हिमाचल में जल्द लागू करें ताकि जनता के टैक्स के पैसे से उन्हें अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जनहित के कार्यों में खर्च किया जा सके और हिमाचल में रुके हुए विकास को पंख लग सके।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका के साक्षात्कार स्थगित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 3 पद आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पड़े पदों के लिए कार्यालय उपमंडल अधिकारी (नागरिक) डलहौजी में 29 नवंबर को रखे गए साक्षात्कार प्रशासनिक कारणों से आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिए गए हैं।




यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी चुवाड़ी धर्म वीर ने दी है।

## डलहौजी क्षेत्र में बिना बारिश के हर कोई परेशान, किसान बागवान भी मायूस

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में इन दोनों बारिश न होने से किसान तथा बागवान के चेहरे मायूस दिख रहे हैं बता दे इन दोनों किसानों ने सर्दियों को लेकर सूखी घास एवं लकड़ियों के भंडारण



फाइल फोटो

का काम लगभग खत्म हो चुका है और बारिश न होने से सरसों पालक मेथी लहसुन गेहूं , जौं इत्यादि फसलें नीचे पानी के साथ लगते क्षेत्र में तो लगाई जा चुकी हैं किंतु ऊपरी क्षेत्रों में कृषक पूरी तरह से प्रकृति पर ही निर्भर है और नवंबर का पहला सप्ताह भी खत्म हो जाने के बावजूद अभी तक बारिश होने के असर नजर नहीं आ रहे हैं जिसको लेकर किसने बागवानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ तौर पर दिखाई दे रही है।

किसानों की मानें तो प्रकृति में हो रहे बदलावों के कारण ही ऐसा देखने को मिल रहा है। बिना बारिश के घर-घर लोग सुखी सर्दी की चपेट में आकर बीमार होकर अस्पताल कतारों में नजर आ रहे हैं।

बारिश न होने से किसान बागबान परेशान दिख रहे हैं, वहीं आम आदमी भी बारिश न होने से परेशान हो रहा है । क्षेत्र में तो पेयजल आपूर्ति सेवा भी बाधित हो रही है क्योंकि बिना बारिश के प्राकृतिक स्रोत भी सूखते जा रहे हैं जिससे आने वाली भविष्य बिना बारिश की पेयजल संकट भी उत्पन्न हो सकता है।

## हिंदी कहानियों का मलयालम में अनुवाद पुस्तक का सीएम करेंगे विमोचन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पहाड़ और समुद्र के बीच की दूरी के अलावा हिमाचल प्रदेश और केरल के मौसम, पर्यावरण, जनजीवन रहन-सहन, भाषा-बोली में भिन्नता के बावजूद एक दूसरे को जानने समझने की उत्सुकता सदैव बनी रहती है।

केरल की साहित्यिक संस्था भाषा समन्वय वेदी की ओर से हिमाचल की 21 कहानियों का हिंदी से मलयालम में अनुवाद कर एक पुस्तक प्रकाशित की है। इस पुस्तक के मुख्य संपादक डा. आर सुरेंद्रन आरसु हैं और संपादक डा. केसी अजय कुमार हैं। वहीं पर अनुवादक बंधुत्व यात्रा में केरल के बीस अनुवादकों का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल की यात्रा पर है।

इस प्रतिनिधि मंडल द्वारा शनिवार 9 नवंबर को शिमला में मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की जाएगी। वहीं पर मुख्यमंत्री इस पुस्तक का विमोचन भी करेंगे, जबकि 11 नवंबर को ऐतिहासिक गेयटी थियेटर केरल और हिमाचल के साहित्यकारों का आपसी संवाद रखा गया है।

अनुवादक बंधुत्व यात्रा के संयोजक डॉ. आर सुरेंद्र आरसु ने बताया कि हिमाचल के 21 कहानीकारों की कहानियों का इस पुस्तक में मलयालम में अनुवाद किया गया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल की चुनिंदा कहानियों को इसमें शामिल किया गया है, जिनमें हंसराज भारती स्थानांतरण जिसका मलयाली अनुवाद डॉ. सतीश ने किया है। मशहूर लेखक निर्मल वर्मा की कहानी पर्वत का अनुवाद डा. एमके प्रीता बद्री सिंह भाटिया की कहानी ठिठके हुए पल अनुवाद सफिया नरिमुक्किल, महाराज कृष्ण काव की कहानी दशानन अनुवाद डॉ. पीके राधामणि, सुदर्शन वशिष्ठ की भोला ब्राह्मण अनुवाद डॉ. आरसु द्वारा किया गया है।

## शीतला माता का विशाल भंडारा कल

**नेरचौक।** शीतला माता का 26वा विशाल वार्षिक भंडारा 10 नवंबर रविवार के दिन होगा। भंडारा शीतला माता मंदिर भौंण कलोहड के प्रांगण में मंदिर कमेटी द्वारा जन सहयोग से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर कमेटी के महासचिव बालचंद बलिया ने दी।

उन्होंने बताया कि भंडारे के उपलक्ष में मंदिर परिसर में श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आचार्य प्रकाश शर्मा कथा वाचक है। उन्होंने बताया कि भंडारे के साथ-साथ हिमाचली जोड़ी अर्जुन गोपाल और रंजन रघुवंशी अपनी मधुर वाणी से भंडारे के दौरान भेंटों व भजनों से मां की महिमा का गुणगान करेंगे।

## टीबी मुक्त बनाने को लेकर केमिस्ट और डॉक्टरों की बैठक आयोजित



बैठक के उपरांत मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकार द्वारा टीवी मुक्त हिमाचल बनाने के लिए खंड स्तर पर विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है इस उपलक्ष्य पर नागरिक अस्पताल धर्मपुर में एडीसी अनूप शर्मा के दिशा निर्देशों अनुसार (बीएमओ) खंड स्वास्थ्य अधिकारी सधोंल के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी केमिस्ट व आयुष विभाग के डॉक्टर व अन्य (आरएमपी) पंजीकृत स्वास्थ्य व्यवसायी एकत्रित होकर टीवी मुक्त हिमाचल बनाने के लिए परस्पर संबंधित लोगों से क्या-क्या सहयोग हो सकता है उसके लिए प्रेरित किया व विस्तृत चर्चा की।

सर्वप्रथम बीएमओ संधोल डॉक्टर धर्मपाल ने बैठक को संबोधित करते हुए टीवी के फैलने व इसकी रोकथाम करने के लिए हम क्या-क्या उपाय कर सकते हैं इसकी विस्तृत जानकारी दी।

चर्चा को आगे बढ़ते हुए सरकाघाट ड्रग्स इंस्पेक्टर डॉक्टर कमलकांत ठाकुर ने बैठक को विशेष रूप से संबोधित करते हुए सभी केमिस्ट भाइयों से व उपस्थित सदस्यों से आह्वान करते हुए कहा कि विशेष रूप से खांसी की दवाई का रिकॉर्ड अवश्य दिए गए ऐप पर साझा करते रहें व जहां पर जिस मरीज पर टीवी के लक्षण दिखाई दें उसे टेस्ट के लिए उसका मार्गदर्शन करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों का पता लगाया जा सके जो इस बीमारी से दिन प्रतिदिन ग्रसित हो रहे हैं।

### सूडोकु 00111 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

9 नवंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** अष्टमी (10:47): **नक्षत्र** श्रवण (11:48), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** वृद्धि (4:22) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:43-12:26), **राहुकाल** (09:22 -10:43)।

### विशेष दिन

- 9 नवंबर : गोपाष्टमी पर गो पूजन आज।
- 9 नवंबर : दुर्गाष्टमी आज।

**मेष:** आज आप जनता के प्रिय बनेंगे। आपमें एक विशेष आकर्षण रहेगा। जमीन-जायदाद से संबंधित क्षेत्रों में उत्तम लाभ मिलेगा।

**वृषभ:** आपके अंदर निर्भीकता का भाव संचार करेगा, इसलिए आप निर्भयता से अपने कार्यों को संपन्न कराने में सक्षम रहेंगे।

**मिथुन:** आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी न लग जाए। रूका हुआ धन आज मिल सकता है। बुद्धि विवके से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे।

**कर्क:** अकारण छोटे भाई-बहनों के असहयोग का भागी बनना पड़ेगा। स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे।

**सिंह:** आपके अंदर परोपकार एवं दान पुण्य की भावना बढ़ने लगेगी। आज आपका अधिक समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा।

**कन्या :** भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा।

**तुला:** यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। शिक्षा की ओर आपकी रूचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे।

**वृश्चिक:** आज आमदनी में ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु :** विद्या बुद्धि ज्ञान की वृद्धि होगी। कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। बृहस्पति शासन का प्रतिनिधि है, आपको सम्मानित किए जाने की संभावना है।

**मकर :**पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। तंत्र-मंत्र साधना में आपकी रूचि बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा।

**कुंभ :** आमदनी की बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयास शत प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष वृद्धि होगी। आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मीन:** संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**आत्मनिर्भर** प्रेरणा बना आस्था महिला स्वयं सहायता समूह

# हर महिला सालाना कमा रही 15 से 20 हजार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विकास खंड चंबा की ग्राम पंचायत हरिपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आस्था स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं अचार, चंबा चुख, पापड़ तथा बड़ियां इत्यादि बनाकर प्रत्येक महिला सालाना 15 से 20 हजार रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं जिससे उनके पारिवारों को रोजमर्रा के जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करना आसान हो गया है।

अब समूह से जुड़ी महिलाएं न केवल स्वयं व्यावसायिक गतिविधियां कर रही हैं बल्कि साथ लगते गांवों की अन्य महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित व प्रशिक्षित कर रही हैं जिसके परिणाम स्वरूप ग्राम पंचायत हरिपुर में विभिन्न 9 महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं एकता महिला ग्राम संगठन के अंतर्गत विभिन्न उत्पादों को बनाकर उन्हें स्थानीय बाजार के अलावा प्रदेश व देश के विभिन्न हिस्सों में बेचकर हजारों रुपए की आय अर्जित कर रही हैं।

ग्राम पंचायत हरिपुर के गांव भंडारका की आस्था स्वयं सहायता समूह की सचिव रीता देवी ने बताया कि उनका समूह वर्ष 2014 में पंजीकृत होने के पश्चात वर्ष 2018 तक वाटरशेड के अंतर्गत



कार्य कर रहा था। वर्ष 2018 में समूह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्य करना आरंभ किया जिसके तहत वर्ष 2019 में समूह की महिला सदस्यों ने आर-सेटी बालू में अचार, चंबा चुख तथा अन्य खाद्य उत्पादों को बनाने वारे प्रशिक्षण प्राप्त किया। रीता देवी ने बताया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत हरिपुर में आस्था स्वयं सहायता समूह के अलावा चामुंडा, आशा, राघव जागृति, शक्ति, प्रार्थना, पूजा, लक्ष्मी नारायण तथा किरण नमक स्वयं सहायता समूहों सहित कुल 9 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 60 महिलाएं एकता महिला ग्राम संगठन के अंतर्गत अलग-अलग व्यावसायिक गतिविधियों को अंजाम दे रही हैं।

रीता देवी ने बताया कि उनके ग्राम संगठन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं राजकीय बहुतकनीकी संस्थान चंबा (स्थित सरोल) में हिम ईरा कैंटीन का संचालन भी सफलतापूर्वक कर रही हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) द्वारा प्रदान किए जा रहे मंच व मार्गदर्शन की बदौलत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

स्वयं सहायताओं समूहों से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि उनके बनाए हुए उत्पादों को चंबा शहर में निरंतर बिक्री के लिए यदि स्थानीय प्रशासन द्वारा उन्हें कोई निशुल्क सेल आऊटलेट उपलब्ध करवाई जाए तो उनके कारोबार में इजाफा हो सकता है। इसके अलावा उत्पादन की लागत को कम करने तथा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए अनुदान पर बड़े स्तर की मशीनरी व प्लांट की आवश्यकता है ताकि उनके उत्पाद अन्य ब्रांडेड उत्पादों से गुणवत्ता व कीमतों में मुकाबला कर सकें।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की विकासखंड चंबा की मिशन एग्जीक्यूटिव निशा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के मकसद से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों को करने के लिए प्रेरित व प्रशिक्षित किया जाता है ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डलाह**
विकास खंड द्रंग (पधर), जिला मंडी (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

बैठक में सर्व समति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत डलाह में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई (P.W.M.U.) व सैगरीगेशन शैड को प्रति माह/ बर्ष की दर से किसी संस्था (महिला मंडल/ युवक मंडल / स्वंय सहायता समूह व किसी अन्य को सम्पूर्ण संचालन हेतु दिया जाना है। जिसके लिए दिनांक 14/11/2024 को दिन के 11 बजे ग्राम पंचायत डलाह में खुली बोली लगाई जानी है। बोली लगाने के लिए सादे कागज पर आवेदन के साथ राशि मु. 10,000/- रखी गई है। आप सचिव ग्राम पंचायत के पास जमा करवा सकते हैं। तथा न्यूनतम सालाना बोली रूपए 60000/- से शुरू की जाएगी। आप सभी इच्छुक व्यक्ति या संस्था दिनांक 08.11.2024 से 13.11.2024 तक ग्राम पंचायत डलाह में अपने-2 आवेदन संपूर्ण ब्यौरा व निविदा सहित जमा करवाएं

**प्रधान ग्राम पंचायत डलाह**
**विकास खंड द्रंग (पधर), जिला मंडी (हि.प्र.)**

**यदि** कोई भी व्यक्ति हमारे देश में अछूत कहा जाता है तो भारत का सिर शर्म से झुक जाएगा। -**लाल बहादुर शास्त्री**

## संपादकीय

# समोसा राजनीति

हिमाचल में आजकल समोसा राजनीति चर्चा के केंद्र में है। हिमाचल जैसे शांत प्रदेश में समोसा एक ऐसा मुद्दा बन गया है जिसने प्रदेश की राजनीति में ठंड के मौसम में सियासी गर्माहट लाकर हलचल पैदा कर दी है। यह मुद्दा इतना गंभीर हो गया है कि अब इसकी जांच सीआईडी को सौंप दी गई है। विपक्षी भाजपा इस मुद्दे को तूल देने में लगी है और सरकार रक्षात्मक मोड में है। वह बिना पूछे स्पष्टीकरण देने में लगी है। सरकारी अधिकारी भी सरकार की फेवर में बयान दे रहे हैं। विपक्ष को इससे क्या लाभ होगा, यह कहना फिलहाल मुश्किल है, लेकिन इतना तय है कि इससे राज्य की राजनीति में एक नया मोड़ आ गया है। विपक्ष इस मुद्दे का उपयोग सरकार को घेरने और अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए कर रहा है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस मुद्दे का असली अर्थ और इसके पीछे की सच्चाई क्या है, यह जानना जरूरी है। क्या यह मुद्दा वास्तव में राज्य के लिए महत्वपूर्ण है या यह महज एक राजनीतिक स्टंट है? इन सवालों के जवाब मिलने में वक्त लग सकता है। बहरहाल, समोसा राजनीति ने हिमाचल की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। आखिर यह मसला चर्चा में आया कैसे? दरअसल, 21 अक्तूबर को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सीआईडी मुख्यालय पहुंचे थे।

यहां उनके लिए समोसे और केक के तीन डिब्बे ऑर्डर किए गए, लेकिन हुआ यूं कि यह खाने का सामान सीएम तक पहुंचने की बजाय सुरक्षाकर्मियों को परोस दिया गया। इसके बाद पूरे मामले की सीआईडी जांच शुरू की गई। सीआईडी ने मामले की जांच की है कि आखिर गलती किसकी थी? अब सवाल यह उठता है कि सरकार की अंदरूनी जानकारी मीडिया में कैसे आ गई? जांच रिपोर्ट पर एक वरिष्ठ अधिकारी यहां तक कहते हैं कि यह कृत्य 'सरकार विरोधी और सीआईडी विरोधी' है। कार्यक्रम को लेकर आईजी रैंक के एक अधिकारी ने एक सब-इंस्पेक्टर को अपने कार्यालय में बुलाया और उसे शिमला के लक्कड़ बाजार स्थित होटल रेडिसन ब्लू से मुख्यमंत्री के लिए कुछ खाने का सामान लाने का आदेश दिया था। इसके बाद एक एएसआई और ड्राइवर को सामान लाने के लिए भेजा गया और वे होटल से समोसे और केक के तीन डिब्बे लाए और यह सामान इंस्पेक्टर रैंक की एक महिला अधिकारी को सौंप दिया गया। इसके बाद इंस्पेक्टर ने उस सामान को किसी उच्च अधिकारी के कमरे में रखने को कहा, जिसके बाद उसे कहीं और रख दिया गया। यहीं से मामला गड़बड़ा गया। जब उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पर्यटन विभाग के कर्मचारियों से पूछा कि क्या इन डिब्बों में रखा नाश्ता मुख्यमंत्री को परोसा जाएगा, तो उन्हें जवाब मिला कि यह मुख्यमंत्री के मेन्यू में नहीं है। यह घटनाक्रम भी अलग पहलू की ओर इशारा कर रहा है।

इस पूरे कांड में सभी गवाहों के बयान के आधार पर पता चला कि होटल रेडिसन से लाए गए इन तीन बक्सों, जिनमें मुख्यमंत्री के लिए खाने का सामान था, की जानकारी सिर्फ एक एसआई रैंक के अधिकारी को थी। यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस विवाद को बेवजह तूल दिया जा रहा है और बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। कहीं न कहीं इसका राजनीतिकरण किया गया। यह चिंता का विषय है कि जिन लोगों का इससे कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।' यह भी विचारणीय है कि इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही कोई नोटिस जारी किया गया। सत्तासीन कांग्रेस इस मामले को झूठा प्रचार बता रही है और कह रही है कि सरकार ने ऐसी किसी जांच का आदेश नहीं दिया है। वहीं, भाजपा कह रही है कि राज्य सरकार को राज्य के विकास की कोई भी चिंता नहीं है, उसकी एकमात्र चिंता 'मुख्यमंत्री का समोसा' है। यह मामला इतना बड़ा भी नहीं है कि इसका दुष्प्रचार ही कर दिया जाए। सवाल यह है कि अगर जांच हुई है तो उसकी रिपोर्ट कहां से लीक हुई? निश्चित रूप से सरकार के अंदर कोई विभीषण होगा, जिसने यह मामला उजागर किया होगा। सरकार के आंतरिक मामलों में दखल देने का किसी को कोई अधिकार नहीं है। मामले को बेवजह तूल देना किसी भी सूरत में ठीक प्रतीत नहीं होता। प्रदेश में राजनीति का गिरता स्तर बेहद चिंता का विषय है। बहरहाल, सत्ता पक्ष और विपक्ष को इस मामले को अब शांत कर देना चाहिए, क्योंकि यह मामला दूसरे राज्यों में चर्चा का विषय बन गया है और इससे हिमाचल की बदनामी हो रही है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश

**उदय** उमेश ललित भारत के पूर्व 49वें मुख्य न्यायाधीश रहे हैं। उन्होंने पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण का स्थान लिया था। जस्टिस यूयू ललित ने 27 अगस्त, 2022 से भारत के मुख्य न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया और 8 नवंबर, 2022 तक इस पद पर रहे। उनका कार्यकाल तीन महीने से भी कम समय का रहा। न्यायाधीश यूयू ललित कई हाई-प्रोफाइल केसेज से जुड़े रहे हैं। इसमें काला हिरण शिकार मामले में अभिनेता सलमान खान का केस, भ्रष्टाचार के मामले में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह का केस और अपनी जन्म तिथि से जुड़े एक मामले में पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह का केस भी शामिल है। यूयू ललित अमित शाह के वकील भी रह चुके हैं। यूयू ललित 13 अगस्त, 2014 को सुप्रीम कोर्ट के जज नियुक्त हुए थे। उससे पहले वह देश के सबसे बड़े वकीलों में गिने जाते थे। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने टू जी घोटाला मामले में विशेष पब्लिक प्रॉसिक्यूटर नियुक्त किया था। यूयू ललित के पिता यू आर ललित मुंबई उच्च न्यायालय में अतिरिक्त जज रह चुके हैं। यूआर ललित देश के सबसे बड़े वकीलों में गिने जाते हैं। उनके दादा रंगनाथ ललित भी महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के नामी वकीलों में से एक थे। ■



उदय उमेश ललित
जन्म : 9 नवंबर, 1957

## कविता



### उम्दा शब्द में सुख अहसास

सुभाष चंद कासव

*उम्दा शब्द में सुख अहसास उम्दा के लिए करें प्रयास।*
*उम्दा होना न आसान उम्दा न बन सके शैतान।*
*उम्दा होने को सब तैयार उम्दा न रह पाए बरकरार।*
*उम्दा सबसे एक ही ईश्वर उम्दा की तू कोशिश कर।*
*उम्दा आदत की राह पर चल उम्दा से न नफरत कर।*
*उम्दा जीवन है उच्चतम शोध उम्दा मानव बनने की सोच।*
*उम्दा तभी तुम बन सकते हो उम्दा राह जब तुम चलते हो।*
*उम्दा ही तो तुम भी हो करते उम्दा बात तभी हो पढ़ते।*
*उम्दा नहीं तो क्या हुआ उम्दा का अहसास किया।*
*उम्दा तभी सब बन जाएंगे उम्दा तुम्हें जब मिल पाएंगे।*
*उम्दा है यह जगत की रीति उम्दा से नित करो तुम प्रीति।*
*उम्दा के जब गुण हम गाएं उम्दा तभी हम भी बन जाएं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बच्चों में स्क्रीन की बढ़ती लत गंभीर समस्या

महामारी के बाद भारत में बच्चों के लिए स्क्रीन का समय काफी बढ़ गया है। उनके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकास पर इसके प्रभावों के बारे में चिंताएं बढ़ रही है, जिससे संतुलित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अत्यधिक स्क्रीन समय आमने-सामने की बातचीत को कम करता है, जिससे सामाजिक कौशल विकास में बाधा आती है। 2024 के अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक स्क्रीन समय वाले बच्चों में सामाजिक जुड़ाव का स्तर कम था। स्क्रीन अक्सर पारिवारिक बातचीत की जगह ले लेती है, जिससे पारिवारिक सामंजस्य और साझा अनुभव कम हो जाते हैं। परिवारों को भोजन और बातचीत जैसी गतिविधियों पर कम समय बिताते हुए देखा जाता है, जिससे भावनात्मक जुड़ाव प्रभावित होता है। डिजिटल इंटरैक्शन पर तेजी से निर्भर बच्चे व्यक्तिगत सामाजिक संकेतों और रिश्तों के साथ संघर्ष कर सकते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट है कि किशोरों में उच्च स्क्रीन समय भावनात्मक विनियमन में देरी से संबंधित है। स्क्रीन की लत शारीरिक गतिविधियों में बिताए गए समय को सीमित करती है, जिससे गतिहीन व्यवहार होता है। स्वास्थ्य मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट में शहरी बच्चों में बाहरी गतिविधियों में 40 प्रतिशत की कमी को दर्शाया गया है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताना बच्चों में चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है।

लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ (2024) ने 4 घंटे से ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताने वाले किशोरों में चिंता के लक्षणों में 15 प्रतिशत की वृद्धि पाई। तेज गति वाली डिजिटल सामग्री के लंबे समय तक संपर्क में रहने से ध्यान अवधि और एकाग्रता के स्तर में कमी आ सकती है। एम्स दिल्ली (2023) द्वारा किए गए अध्ययन बच्चों में अत्यधिक स्क्रीन उपयोग को एडीएचडी जैसे लक्षणों से जोड़ते हैं। स्क्रीन लाइट के संपर्क में आने से नींद के चक्र प्रभावित होते हैं, जिससे नींद पूरी नहीं होती और संज्ञानात्मक कार्य कम होता है। इंडियन जर्नल ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में बताया गया कि सोने से पहले स्क्रीन का उपयोग करने वाले 60 प्रतिशत बच्चों की नींद का पैटर्न गड़बड़ा गया था। सोशल मीडिया का उपयोग अक्सर आत्म-सम्मान को प्रभावित करता है, खासकर किशोरों में, अवास्तविक तुलना और साइबरबुलिंग के कारण। भारतीय किशोर अत्यधिक सोशल मीडिया एक्सपोजर से आत्म-सम्मान संबंधी समस्याओं का अनुभव करते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों के माता-पिता के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि वे तकनीक के इस्तेमाल के मामले में सीमाएं तय करें।



लेखिका : प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यहां एक विशेषज्ञ गाइड है जो आपको बताती है कि कैसे स्क्रीन की लत में पदार्थों के समान ही तंत्र होता है, जो डोपामाइन में समान वृद्धि पैदा करता है। स्क्रीन के उपयोग में लगातार वृद्धि के साथ, मस्तिष्क के सर्किट अनुकूल हो जाते हैं और डोपामाइन के प्रति कम संवेदनशील हो जाते हैं। नतीजतन, आप जो देखते हैं वह समान आनंद का अनुभव करने के लिए अधिक उपभोग करने की बढ़ती आवश्यकता है। एक आम गलतफहमी यह है कि लत एक विकल्प या नैतिक समस्या है। सच्चाई इससे ज्यादा दूर हो ही नहीं सकती। एक निश्चित बिंदु के बाद, लत एक जैविक समस्या बन जाती है जिसका शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। माता-पिता के लिए हस्तक्षेप करने, सही व्यवहार का मॉडल बनाने और अपने बच्चों को जीवन कौशल के रूप में स्क्रीन प्रबंधन सिखाने की स्पष्ट आवश्यकता है। माता-पिता को बच्चों के स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के लिए उपकरणों से लैस करें। इंडियन अकादमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने माता-पिता के लिए डिजिटल प्रबंधन पर कार्यशालाओं की सिफारिश की है। कम उम्र से ही स्क्रीन का जिम्मेदाराना उपयोग सिखाने के लिए पाठ्यक्रम में डिजिटल वेलबीइंग को शामिल करें।

दिल्ली सरकार ने चुनिंदा स्कूलों में डिजिटल साक्षरता सत्र शुरू किए हैं। आयु के आधार पर आधिकारिक स्क्रीन टाइम दिशा-निर्देश विकसित करें और सार्वजनिक अभियानों के माध्यम से उनका प्रचार करें। डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देश विकासात्मक चरणों के आधार पर स्क्रीन टाइम प्रतिबंधों का सुझाव देते हैं। स्वस्थ सामाजिक संपर्क के साथ डिजिटल उपभोग को संतुलित करने के लिए बाहरी और समूह गतिविधियों को प्रोत्साहित करें।

खेलो इंडिया पहल बच्चों में शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती है, जिससे स्क्रीन टाइम में अप्रत्यक्ष रूप से कमी आती है। स्कूलों और समुदायों में तकनीक-मुक्त क्षेत्रों और डिजिटल डिटॉक्स कार्यक्रमों के विकास को प्रोत्साहित करें। कुछ स्कूलों ने बच्चों को गैर-डिजिटल गतिविधियों में शामिल होने में मदद करने के लिए स्क्रीन-फ्री डेज शुरू किए हैं। स्क्रीन टाइम के प्रभावी प्रबंधन के लिए परिवारों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं को शामिल करते हुए बहु हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। अगली पीढ़ी के समय विकास के लिए संतुलित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण होगा, जिससे एक लचीले और समय समाज का निर्माण होगा। स्क्रीन की लत एक वास्तविक समस्या है जो महामारी के कारण और भी बढ़ गई है और वयस्कों और बच्चों दोनों को प्रभावित कर रही है। माता-पिता को अपने बच्चे के स्क्रीन उपयोग के पैटर्न के प्रति सतर्क, सक्रिय और संलग्न रहने की आवश्यकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म की खोज करना और अपने बच्चे की दुनिया के बारे में जानकारी रखना आपको अपनी आशंकाओं के बारे में उनसे बात करने के लिए बेहतर भाषा दे सकता है। सीमाएं निर्धारित करना अल्पावधि में कठिन लग सकता है, लेकिन दीर्घावधि में यह बहुत लाभदायक होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# अनैतिकता की अदालत में मुकदमा जीत गई अहंकार की देवी

कैसी विडंबना है एक तरफ नैतिकता की बातें करना और दूसरी तरफ खुद अनैतिक आचरण करने वाली अहंकार की देवी अनैतिकता की अदालत में मुकदमा जीत गई। कब तक जीत का जश्न मनाएगी एक दिन जब नैतिकता की अदालत में मुकदमा चलेगा, तब जरूर हारेगी यह अटल सत्य है। सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं हो सकता। सत्य व असत्य की लड़ाई में सत्य जीत गया असत्य हार गया। अहंकार की देवी बलि लेकर ही खुश होती है। अहंकार की देवी अपने से ऊपर किसी को नहीं मानती ऐसे लोगों का पतन निश्चित होता है।

चरित्र एक ही होना चाहिए दोहरा चरित्र घातक होता है। नैतिक मूल्यों का पतन होता जा रहा है रिश्ते खत्म होते जा रहे हैं इसका मुख्य कारण अहंकार ही है। अहंकार की देवी ने पता नहीं कितनी ही जिंदगियां तबाह कर दी। बेगुनाह लोगों को गुनहगार बना दिया। नापाक इरादों वाली यह अहंकार की देवी खुद को पाक दामन समझती है, लेकिन एक दिन जरूर बेनकाब होगी। जिद्द व अहंकार ने सच्चे पक्के रिश्तों का कत्लेआम कर दिया।

ऐसी देवियां बेकसूर को ही कसूरवार ठहराती हैं खुद की गलतियां नजर नहीं आती। ईश्वर ने बहुत सजा दी पर अहंकार नहीं छोड़ा। मतलब निकालना और मतलब के बाद आंखे दिखाना इसकी फितरत है। ईश्वर ने अहंकार किसी का नहीं छोड़ा, अहंकार खुद को ही ले डूबता है। नैतिकता नाम की कोई चीज नहीं है, ऐसे लोग बहुत ही अनैतिक कर्म करते हैं, जिससे समाज का अहित होता है। अहंकारी संवेदनहीन होते हैं ऐसे लोगों की संवेदना मृतप्राय: हो चुकी हैं कौन जी रहा है कौन मर रहा है कोई सरोकार नहीं हैं ऐसे लोग नास्तिक होते हैं। मुसीबत में आस्तिक बन जाते हैं। अहंकार की देवी बहुत ही अहंकारी व निष्ठुर है। संस्कार का अंतिम संस्कार करती रहती है। वक्त सबको आइना दिखा देता है बस इंतजार करना पड़ता है। अहंकार किसी का नहीं रहा एक दिन सब तबाह हो जाएगा वह तबाही का मंजर बहुत ही खौफनाक होगा। समय व स्थान निश्चित होता है। एक दिन औंधे मुंह गिरेगी वह दिन मुकरर है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आखिर कब तक सरल व ईमानदार से बेईमानी खेल खेलेगी एक दिन जरूर हारेगी क्योंकि ईमानदारी की सदा जीत होती है। बेईमानी सदा नहीं चलती। अहंकारी के गुनाह एक दिन सामने जरूर आएंगे तब सब बेनकाब होगा और सारा अहंकार चूर चूर हो जाएगा। समय सबको आगाह करता रहता है, लेकिन ऐसे लोग परवाह नहीं करते जब समय का थप्पड़ पड़ता है तब होश आता है। नैतिक मूल्यों का कब तक मजाक उड़ाओगे अनैतिकता की राह पर कब तक चलोगे एक दिन भटक जाओगे तो ताउम्र भटकते ही रहोगे। अभी भी संभलने का समय है अहंकार छोड़ दो। नैतिकता का पाठ पढ़ लो अनैतिक आचरण त्याग दो ताकि बुरे कर्मों व दुरव्यवहार का प्रायश्चित हो सके। एक दिन पछतावा जरूर होगा, तब तक सब तबाह हो जाएगा। ऐसी अनैतिक की जीत किसी काम की नहीं होती एक दिन नैतिकता की अदालत में जरूर हार जाएगी समय बलवान है। गरूर टूट जाएगा अहंकार खत्म हो जाएगा, यह निश्चित है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**चाय** पीने से कई सारे नुकसान झेलने पड़ सकते हैं, लेकिन जब इसे सही तरीके से पीया जाता है, तो आपको इन नुकसानों से छुटकारा मिल सकता है। सुबह की नींद खोलने के लिए चाय की चुस्की सबसे जरूरी है। भारत में चाय को नींद खोलने से लेकर एनर्जी की दवा की तरह पीया जाता है, लेकिन अक्सर लोगों को इसे पीने के बाद एसिडिटी और सीने में जलन की शिकायत होने लगती है। ज्यादा चाय पीने से शरीर में आयरन की कमी हो सकती है, क्योंकि इसमें टैनिन होता है, जो आयरन का अवशोषण रोक सकता है। इसके अलावा, एंग्जायटी, तनाव, बेचैनी, नींद की कमी, जी मिचलाना, सीने में जलन, सिरदर्द, सिर घूमना, कैफीन की लत जैसे साइड इफेक्ट भी झेलने पड़ सकते हैं। **राजेश, पुराना मटौर**

# बैंकिंग साख: ऋणमाफी की सियासत से बिगड़ रही कर्जदारों की आदत

कुछ महीने पहले आम चुनाव के दौरान एक बड़ा बैंक किसी राज्य में किसानों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम औद्योगिक इकाइयों को दिया कर्ज पूरी तरह नहीं वसूल पाया। वजह एक राजनीतिक दल था, जिसके कार्यकर्ताओं ने बैंक के वसूली एजेंटों को उस इलाके में घुसने ही नहीं दिया। मामला इतने पर ही खत्म नहीं हुआ। राजनीतिक दल ने एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की मदद से ऋण माफी का फॉर्मूला भी तैयार कर लिया, जिसे कर्जदारों के बीच बांटकर बताया गया कि किसे कितनी रकम लौटानी नहीं पड़ेगी। बाद में राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) की बैठक में एक वरिष्ठ मंत्री ने बैंकरों से कहा कि वे किसानों को क्रेडिट स्कोर जांचे बगैर ही कर्ज देने लगें। एसएलबीसी ऋणदाताओं की संस्था है। इसमें मौजूद ऋणदाता किसी राज्य में बैंकिंग के विकास और समाज कल्याण के कार्यक्रमों पर काम करते हैं, समन्वय करते हैं और एक-दूसरे से सलाह मशविरा भी करते हैं। यह भारतीय रिजर्व बैंक की प्रमुख बैंक योजना का हिस्सा है। बैंकर वरिष्ठ मंत्री की बात पर राजी नहीं हुए।

उन्होंने मंत्री से कहा कि अगर उन्हें किसानों का क्रेडिट स्कोर जाने बगैर ही कर्ज मंजूर करना और बांटना पड़ा, तो वे तथाकथित सेवा क्षेत्र पद्धति अपनाएंगे। इसके तहत कर्ज चाहने वाले को स्थानीय बैंक शाखाओं से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना ही पड़ता है। यह योजना 1989 में उत्पादक ऋण बढ़ाने के लिए शुरू की गई थी। बैंक मंत्री की बात को रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के बाद नकार सके। सार्वजनिक बैंकिंग के लोग भी निजी बातचीत में अक्सर ऋण की संस्कृति बिगड़ने की शिकायत करते हैं। इसमें असली खलनायक कृषि ऋण माफी है, जिसका वादा चुनावों से पहले तमाम राजनीतिक दल करते हैं। आईआईएफएल सिक्योरिटीज के एक अध्ययन का अनुमान है कि पिछले एक दशक में भारत के 18 राज्यों में करीब 3 लाख करोड़ रुपए के कर्ज माफ कर दिए गए। कहने की जरूरत नहीं है कि इसके कारण कृषि ऋण की गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (फंसे ऋण) बहुत बढ़ गई हैं। ऋणमाफी का ऐलान होने पर वे लोग भी कर्ज नहीं चुकाते, जो वास्तव में चुकाने की क्षमता रखते हैं। हाल में तेलंगाना सरकार ने 2 लाख रुपए तक के फसल ऋण माफ करने की घोषणा की, जिसके बाद पंजाब के किसानों ने भी ऋणमाफी की मांग शुरू कर दी। तेलंगाना की योजना से 40 लाख किसानों को फायदा होगा मगर 31,000 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। पिछले आम चुनावों से पहले भी एक राष्ट्रीय दल के घोषणापत्र में कृषि क्षेत्र की ऋणमाफी का जिक्र था। उसके नेता ने वादा किया था कि पंजाब और पूरे भारत के किसानों के कर्ज माफ कर दिए जाएंगे और एक बार नहीं, बल्कि बार-बार किए जाएंगे। आजादी के बाद से दो बार पूरे देश में कृषि ऋण माफी की घोषणा की गई है। केंद्र में विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने 1990 में पहली ऋण माफी की थी। कृषि एवं ऋण राहत योजना नाम की इस योजना के तहत 3.2 करोड़ कर्जदारों का 10,000 रुपए तक का कर्ज माफ कर दिया गया था।

इस पर करीब 7,825 करोड़ खर्च हुए थे। लगभग दो दशक बाद 2008 में मनमोहन सिंह सरकार ने 71,680 करोड़ रुपए की कृषि ऋण माफी और ऋण राहत योजना की घोषणा की। भारत में पहली ऋण माफी की घोषणा 1990 की केंद्र सरकार की घोषणा से काफी पहले हुई थी, जब 1987 में चौधरी देवी लाल की अगुआई में हरियाणा की लोक दल सरकार ने 10,000 रुपए तक के कर्ज माफ कर दिए थे। राज्य सरकार पर इस योजना से करीब 227 करोड़ रुपए का बोझ पड़ा था। पिछले एक दशक में भी कम से कम एक दर्जन राज्य सरकारों ने कृषि ऋण माफी की घोषणा की है, जिनकी रूपरेखा अलग-अलग रही है। एक राज्य ने केवल ब्याज माफ किया, कर्ज की मूल राशि नहीं। भारतीय स्टेट बैंक के 2023 के एक अध्ययन के अनुसार आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और तमिलनाडु ने 2014 और मार्च 2022 के बीच आठ साल में लगभग 2.52 लाख करोड़ रुपए के ऋण माफ किए, जिससे इन राज्यों के 3.68 करोड़ किसानों को लाभ हुआ।



लेखक : तमाल बंद्योपाध्याय
वरिष्ठ सलाहकार

कहा जाता है कि मुहम्मद बिन तुगलक (1325-51) ने किसानों का संकट दूर करने के लिए सबसे पहले कृषि ऋण शुरू किया था। उनके उत्तराधिकारी फिरोज शाह तुगलक ने अकाल और विद्रोह से जूझ रहे किसानों के कर्ज माफ कर दिए थे। आजकल बैंकरों को भी मालूम है कि समय-समय पर ऋणमाफी की घोषणा से ऋण की संस्कृति खराब होती है। ऋणमाफी की घोषणा होते ही वे लोग भी कर्ज चुकाना बंद कर देते हैं, जिनके पास पैसे होते हैं। किसानों को बार-बार ऐसी घोषणा की उम्मीद होती है, इसलिए उन्हें समय पर कर्ज चुकाने की चिंता नहीं रहती। एक राज्य में ऐसी घोषणा हो तो पड़ोसी राज्य के किसान भी कर्जमाफी की उम्मीद में ऐसा ही करने लगते हैं।

रिजर्व बैंक इस बात से वाकिफ है और इसने हाल में चार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के खिलाफ कदम उठाया है। हाल में मुझे एक एमएफआई के प्रमुख द्वारा अन्य एमएफआई के नाम लिखा पत्र दिखा। पत्र में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विस्तार के इच्छुक एमएफआई से कहा गया कि एक ही इलाके में 30 से अधिक ऋण देने वाले बैंक, एनबीएफसी, सहकारी संस्थाएं, असंगठित खिलाड़ी और एमएफआई काम कर रहे हैं। फिर भी व्हाट्सऐप ग्रुप के जरिये इन्हीं क्षेत्रों में नई शाखाएं खोलने का विज्ञापन भी देखा जा रहा है। इस खुले पत्र में आगे कहा गया कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कर्ज देने वाले एक ही ग्राहक के लिए होड़ कर रहे हैं। ऐसा भी देखा गया, जब किसी जगह किस्त वसूलने एमएफआई के 30 कर्मचारी पहुंचे थे और सभी एमएफआई को एक ही व्यक्ति से किस्त वसूलनी थी। कर्जदार इस मामले में दखल देने की दरख्वास्त लेकर स्थानीय विधायक के पास पहुंच रहे हैं, खुदकुशी की धमकी दे रहे हैं और एमएफआई को किसी इलाके में पास भी नहीं फटकने की धमकी मिली हैं। पूरे-पूरे गांव कसम खा चुके हैं कि कर्ज चुकाना ही नहीं है। कई गांवों में 10 एमएफआई से कर्ज लेने के बाद लोग फरार हो जा रहे हैं। यह सब आगे बढ़ने के एमएफआई के लालच की वजह से हो रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ग्रामीण क्षेत्रों में शादी समारोह को सीमित और सूक्ष्म बनाने की आवश्यकता

जिस प्रकार वर्तमान समय में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में शादी समारोह के आयोजन को लेकर अनेक कार्यक्रम एवं तीन से चार दिनों का लंबा समय लगता है। वहीं वर्तमान समय के भागम भाग भरें जीवन में किसी के पास समय नहीं होता है, तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में शादी समारोह में बेफिजूल खर्चे भी किए जाते हैं। वहीं वर्तमान समय में गांव में भी शहरों की तरह अनेक प्रकार की सब्जियां, मीठाइयां, शराब, स्टेंडिंग खाना इत्यादि का चलन शुरू हो चुका है, परंतु शहरों और गांवों की शादियों में एक बड़ा अंतर देखने एवं सुनने को मिलता है, जिसमें कि शहरों में मात्र एक समय का खाना दिया जाता है।

वहीं किसी होटल या खुले स्थान पर शादी समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें खाना बनाने वाले और देने वाले भी स्थानीय कारीगर ही होते हैं, जबकि गांव में एक परिवार की शादी होने पर लगभग एक महीने से गांव के सभी लोग किसी न किसी रूप से सहयोग करते नजर आते हैं, तो वहीं उस परिवार के लिए हर प्रकार की व्यवस्था करना भी एक बड़ी चुनौती एवं चिंता बनी रहती है, जिसमें तीन से चार दिनों का समय अमूमन लग जाता है। वहीं गांवों की शादी आर्थिक रूप शहरों की अपेक्षा अधिक खर्चीली साबित होती है, जिसमें कि गांवों के ऐसे अनेक परिवारों के लिए शादियां करवाना मानों अपनी जीवन भर की जमा पूंजी को चार दिन में तिलांजलि देनी हो तो वहीं अन्य रिश्तेदारों, गांव, समाज से भी अनेक बार जरूरत पड़ने पर पैसों को उधार के रूप में भी मजबूरन लेने पड़ते हैं। वहीं अनेक बार पैसों को मजबूरन ब्याज के रूप में भी लेने पड़ते हैं, जब अन्य कोई विकल्प न मिलें।

इस प्रकार जिला सिरमौर के गिरिपार क्षेत्रों के कुछेक जागरूक एवं बुद्धिजीवियों द्वारा शादी समारोह को सिमित करने एवं लड़कों की शादी समारोह में एक समय का ही भोजन वितरित ऐतिहासिक फैसले लिए जा रहे हैं, जिन महत्वपूर्ण एवं सामाजिक फैसलों से अन्य क्षेत्रों में भी सकारात्मक संदेश जा रहा है, इसलिए आज के परिप्रेक्ष्य में इस बात को समझने एवं आत्मचिंतन करने की परम् आवश्यकता है कि वर्तमान के समय के अभाव एवं आर्थिक रूप से राहत पाने के लिए इस प्रकार के ऐतिहासिक फैसले लेने की परम् आवश्यकता कहीं न कहीं जरूर रहतीं हैं। जिन फैसलों से स्थानीय क्षेत्रों के गरीब लोगों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। जो अपने जीवन को चलाने के लिए उचित मात्रा में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं मानें जाते हैं, इसलिए आज हम सभी युवाओं एवं समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम सभी अपने गांवों क्षेत्रों में इस प्रकार के जनहितैषी फैसले लेने का प्रयास करें, ताकि भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में शादी समारोह जैसे खर्चीले कार्यक्रमों में लोगों को कहीं न कहीं राहत एवं समय की बचत हो सकें, तो वहीं दशकों से चली आ रही बेफिजूल खर्चों पर भी कहीं न कहीं लगाम लगाने की आवश्यकता है अगर ग्रामीण लोग इस और विशेष ध्यान आकर्षित करते हैं तो, क्योंकि आज-कल की खर्चीली एक देखा देखी के कारण मानों परिवार के लिए उन तमाम पैसों को चुकाना एक बड़ी समस्या एवं चिंता का विषय माना जाता है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जानकारी अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे अनेक उदाहरण एवं क्षेत्र देखने एवं सुनने को मिलते हैं, जिन्होंने शादी समारोह में अपने आय से अधिक खर्च करने के कारण अपनी जमीन तक को बेचना एवं गिरवी रखना पड़ता है, जिसका एक कारण यह भी माना जाता है कि गांव समाज में एक दूसरे की जिद एवं उनसे भी अधिक खर्च करने का मानों रिवाज सा बन चुका हो। इसलिए समय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तरह शादी समारोह को सिमित करने एवं समय की नजाकत को देखते हुए बेफिजूल खर्चों को कम करने की परम् आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर में 13 व 25 नवंबर को वाहनों की पासिंग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में आगामी 13 व 25 नवम्बर को वाहनों की पासिंग होगी जबकि 14 व 26 नवंबर को ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करवाना अनिवार्य होगा। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि आगामी 13 व 25 नवंबर को वाहनों की पासिंग जबकि 14 व 26 नवंबर को ड्राइविंग टेस्ट लिया जाएगा। ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वालों को ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करवानी होगी। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 12 नवंबर को जबकि 26 नवम्बर को भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी 23 नवंबर को प्रातः 10 बजे से ऑनलाइन स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ शुरू

**भीम बसेड़ू, महादेव।** श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन महामाया



मंदिर देहरी सुंदरनगर में शुक्रवार से शुरू हो गया। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा समिति महामाया देहरी प्रमुख उत्तम चंद शर्मा ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन 8 से 16 नवम्बर तक रहेगा। कथा वाचक आचार्य संदीप वशिष्ठ सोलन वाले कथावाचन करेंगे। इस आयोजन को लेकर स्थानीय भक्तजनों ने कलस यात्रा भी निकाली।

### सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर प्रारंभ



**अनंत ज्ञान, रखोह।** सरकाघाट क्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रखोह में 7 दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में 27 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं जो सप्ताह भर विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों में संलग्न रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने की। एसएमसी अध्यक्ष अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। विशेष शिविर का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें सामुदायिक सेवा का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

### बरोटी स्कूल में एनएसएस शिविर का आगाज



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को हुआ जिसमें समाजसेवी एवं वेलफेयर सोसाइटी फॉर एल्डरली एंड डेस्टिट्यूट पीपल के निदेशक उमेश ललित ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश पालसरा ने छात्रों से अनुशासन और सेवा भावना को जीवन का ध्येय बनाने का आह्वान किया जबकि कैंप प्रभारी राजेंद्र शर्मा ललित ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही सेवा भावना के गुण राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

### बेटियां फाउंडेशन ने सफल कार्यक्रम का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर उपमंडल के संधोल क्षेत्र की नेरी पंचायत की प्रारंभिक



पाठशाला में बेटियां फाउंडेशन की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला मंडी की जिला अध्यक्षा लता पठानिया तथा हमीरपुर जिला के संयोजक शिवकुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बेटियां फाउंडेशन की तहसील प्रभारी भोला देवी ने किया। कार्यक्रम में नेरी पंचायत के प्रधान जितेंद्र जमवाल सहित तकरीबन 40 महिलाओं,स्कूली बच्चों सहित स्कूली कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को कोमोड सावर, सेनेटरी पैड तथा सर्टिफिकेट वितरित किए। नेरी पंचायत के प्रधान जितेंद्र जमवाल ने बेटियां फाउंडेशन की प्रशंसा की।

### केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ




**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में केंद्रीय छात्र संघ के पदाधिकारियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सत्र 2024-25 की कार्यकारिणी का गठन सरदार पटेल विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप की अध्यक्षता में हुआ। मेरिट के आधार पर बीए तृतीय वर्ष के छात्र संजू ने अध्यक्ष, बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र मनीष कुमार ने उपाध्यक्ष, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रक्षा देवी ने सचिव व बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा तृप्ता देवी ने संयुक्त सचिव पद की शपथ ग्रहण की। सीएसए पदाधिकारियों के पश्चात् कला व वाणिज्य संकाय के कक्षा प्रतिनिधियों व विभिन्न इकाई, क्लब से नामांकित विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण की।

### स्काउट एंड गाइड का 75वां स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।**



राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में रोवर रेंजर युनिट द्वारा भारत स्काउट गाइड का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेंजर पूजा शर्मा ने स्काउटिंग के इतिहास, नियमों, सिद्धांतों व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप ने रेंजर लीडर प्रो. अंजलि परमार, सभी रोवर रेंजर्स, स्टाफ व बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### बीएससी नर्सिंग कॉलेज की छात्रा की संदिग्ध मौत पर परिजनों ने किया प्रदर्शन

# पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के लगे नारे

**पुष्पराज, मंडी**

सुंदरनगर के अरोमा नर्सिंग कालेज के हॉस्टल से गिरकर जान गंवाने वाली बीएससी नर्सिंग कॉलेज की छात्रा अंजना ठाकुर को न्याय दिलाने के लिए शुक्रवार को सराज के सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान अंजना के परिजनों और गांव वासियों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए और न्याय की मांग की। पुलिस की जांच से असंतुष्ठ परिजनों व ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अंजना की मौत सोची समझी साजिश है। जिसको लेकर उन्होंने जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंप कर मामले की गंभीरता से जांच करने की मांग की है। अंजना के पिता भगतराम ने बताया कि अंजना खुद नहीं गिरी, बल्कि उसे हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिराया गया है।

उन्होंने कहा कि अंजना चौथी मंजिल से गिरी होती तो उसको काफी चोटें आती परंतु उसे सिर के अलावा कहीं भी चोट नहीं लगी थी जिसको लेकर उन्हें शक है कि यह किसी की सोची-समझी साजिश हो सकती है, क्यूंकि जब यह घटना घटी तो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद थे और अंजना के हॉस्टल से गिरने की सूचना परिजनों की बजाए उसके मामा-मामी को दी गई। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता तब तक वह चुप बैठने वाले नहीं है।(अनंत ज्ञान)




उपायुक्त एवं एसपी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए अंजना के परिजन एवं ग्रामवासी ।

- कहा-अंजना की मौत नहीं हुई है हत्या
- परिजनों ने की निष्पक्ष जांच करने की मांग

#### मामले की निष्पक्ष जांच करने की उठाई मांग

बता दें कि जिला मंडी के सराज-बालीचौकी के गुराण क्षेत्र की अंजना ने 13 दिन पहले ही सुंदरनगर में यह कॉलेज व हॉस्टल ज्वाइन किया था। 24 अक्तूबर को वह हॉस्टल की बालकनी से गिर जाने से गंभीर रूप से घायल होने पर उसे पीजीआई चंडीगढ़ और मोहाली फोर्टिज तक उपचार के लिए ले जाया जाता है, परंतु उसे बचाया न जा सका।

अंजना के मामा केबल कृष्ण, ग्रामीण शकुंतला, महेंद्र सिंह राणा और जयवंती ने बताया कि जब तक अंजना की मौत का राज नहीं खुलता तब तक वह चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी भरें अंदाज में कहा की अभी शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया है लेकिन यदि सही तरीके से जांच नहीं की गई तो बाद में यह प्रदर्शन और भी उग्र हो सकता है उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## श्री राम कथा के तीसरे दिन महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने बांटा मिष्ठान





गो पूजन करते श्री रामानंदाचार्य स्वामी, श्री रामललाचार्य जी महाराज व अन्य तथा (नीचे) विराजमान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान दरबार।

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी में नौ दिवसीय श्रीरामार्चा महायज्ञ व श्रीराम कथा के तीसरे दिन पूरा पंडाल अवध नगरिया में बज रही आज बधाई से गूंज उठा, जब श्रीराम का जन्म हुआ।

इस मनमोहक दृश्य को देखकर कई श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। तत्पश्चात श्रद्धालुओं से श्रीराम को झूला झुलाया और महंत राजेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने भक्तों को श्रीराम जन्म पर मिष्ठान वितरित किया। गौरतलब है कि श्री मानस पीठ खजुरीताल जिला मैहर मध्य प्रदेश से आए कथा व्यास श्रीमानस पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामललाचार्य जी महाराज ने श्रीराम कथा का आरंभ श्रीराम नाम संकीर्तन से किया।

तदोपरांत श्रीराम जन्म से पूर्व के कई प्रसंग सुनाए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भक्ति से रोमांचित हो गए। इस मौके पर डीआईजी सौम्या साम्बशिवन भी उपस्थित रही और श्रीराम कथा श्रवण का अमृतपान किया।

सायं उपरांत गोमाता और क्षेत्र के सभी आवाहित, स्थापित और आमंत्रित देवी देवताओं को भोग अर्पण कर सभी श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। श्रीराम जन्म की कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पंडाल से अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ी। 9 नवंबर को बंजार घाटी के आराध्य देव श्रृंगा ऋषि यज्ञ में भाग लेने के लिए प्रस्थान करेंगे। उनके साथ हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस सरकार का कार्यकाल विवादों में ही घिरा रहा : पंकज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

भाजपा प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि 'व्यवस्था परिवर्तन' के नाम पर सत्ता में आई इस सरकार की कार्यप्रणाली ने प्रदेश को शर्मसार कर दिया है।

जम्वाल ने 'समोसा प्रकरण' को सरकार की हालिया कारगुजारियों का ताजा उदाहरण बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का कार्यकाल विवादों में ही घिरा रहा है, और सरकार की झूठी गारंटियों का सच अब जनता के सामने आ गया है। भाजपा नेता पंकज जम्वाल ने कहा कि यह हास्यास्पद है कि एक ओर सरकार 'समोसा प्रकरण' की जांच सीआईडी से करवा रही है, लेकिन दूसरी ओर जोगिन्द्रनगर लोक निर्माण विभाग में हुए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार की जांच पूरी होने से पहले ही भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारी को पुनः उसी कुर्सी पर बिठा दिया गया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस सरकार के 'खाने के दांत और, दिखाने के दांत और हैं।' जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता पर नए-नए टैक्सों का बोझ डाल दिया है और विकास कार्य ठप हो गए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और कर्मचारियों को समय पर वेतन भी नहीं मिल पा रहा है, जबकि सरकार की प्राथमिकताएं अव्यवस्थित हैं।

## बच्चों की करवाई लेमन स्पून रेस और चैस प्रतियोगिता



प्रधानाचार्य राजेश डोगरा के साथ विजेता बच्चे।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में पहली से पांचवी कक्षा के छात्रों के लिए लेमन स्पून रेस और चैस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने बताया कि लेमन स्पून रेस में तनिष्का, आराध्य, परिधि, अनिकेत और आराध्या ने अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। चैस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में भगत हाउस ने प्रथम स्थान पाया, जबकि छात्रा वर्ग में शिवाजी हाउस पहले स्थान पर रहा। सभी विजेताओं को वार्षिक समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

## राम नाम ही कल्याण का साधन : पं. प्रभु दयाल

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



कथा वाचन करते पं. प्रभु दयाल शास्त्री।

एकादशी उद्यापन के पावन अवसर पर आयोजित श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का तृतीय दिवस भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। श्री धाम वृंदावन से पधारे श्रद्धेय पं. प्रभु दयाल शास्त्री (धाराधर जी) महाराज ने कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'कलयुग में श्री राम नाम ही मोक्ष और कल्याण का प्रमुख साधन है।

उन्होंने बताया कि भगवान शिव भी श्री राम के नाम में निरंतर लीन रहते हैं, और श्री राम कथा हमारे जीवन में जीने की कला सिखाती है। कथा ने उपस्थित भक्तों के मन में भगवान श्री राम के आदर्शों की अमिट छाप छोड़ी। पं. प्रभु दयाल शास्त्री ने गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस का महत्व समझाते हुए कहा कि तुलसीदास ने यह ग्रंथ अपनी आत्मिक शांति और समाज के मार्गदर्शन के लिए रचा। कथावाचक ने बताया कि कल की कथा में अयोध्या धाम में राम प्राकट्योत्सव का आयोजन होगा, जो भक्तों के लिए एक विशेष अवसर है।

आयोजन के प्रमुख, रोशन लाल शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं को इस अवसर पर उपस्थित होने का सादर निमंत्रण दिया है।

इस कार्यक्रम में आचार्यत्व की भूमिका निभाने वाले साकेत वासी गोविंद दास के साथ लदरूही आश्रम के कृपा पात्र आचार्य मनीष भार्गव विशेष रूप से शामिल हैं, जो अपनी वाणी से कथा में चार चांद लगा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## पुलिस ने 63 चालान काटकर वसूला 24 हजार जुर्माना

**उमेश, सुंदरनगर।** पुलिस टीम ने तेज रफ्तार के साथ-साथ अन्य नियमों कि अवहेलना करने पर कुल 63 वाहनों के चालान काटकर 24 हजार जुर्माना वसूला है।

पुलिस टीम ने वाहनों की ओवर स्पीड के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत पुलिस टीम ने 42 ओवर स्पीड वाहनों के चालान काटे गए हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से 21 हजार रुपए जुर्माना भी वसूला गया। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में 33 और हाईवे पैट्रोल टीम ने 30 ई-चालान वाहनों के किए हैं। इनमें से पुलिस ने 45 चालान न्यायालय को प्रेषित कर दिए हैं। डीएसपी भारत भूषण ने कहा कि नियमों की अवहेलना करने पर चेकिंग अमल में लाई गई है। इसमें पुलिस टीम ने कुल 63 चालान काटकर 24 हजार रुपए जुर्माना वसूला है।

## घरों में जले बिजली के उपकरण

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

विकासखंड धनोटू की पंचायत बग्गी में शुक्रवार सुबह पौने 11 बजे के करीब हाई वोल्टेज से जहां एक ट्रांसफार्मर जल कर राख हो गया वही कई घरों के विद्युत उपकरण जलकर राख हो गए। जिससे उपभोक्ताओं को लाखों रुपए का नुकसान हुआ।

जानकारी के अनुसार बग्गी चैलचौक सड़क पर सीडी ब्लॉक के साथ लगाए गए ट्रांसफार्मर में बिजली की हाई बोल्टेज के कारण ट्रांसफार्म जलकर स्वाह हो गया। उसी समय पंचायत बग्गी के पूर्व प्रधान अंजू देवी, खीमा राम, हरी राम के घर के



सारे उपकरण बिजली की वायरिंग, फ्रिज, गीजर, पंखे, ट्यूब के अलावा जितने भी बिजली के उपकरण लगाए गए थे वह जलकर सारे राख हो गए है।

उपभोक्ता नेक राम और पूर्व प्रधान बग्गी अंजू देवी ने कहा कि जिस समय ट्रांसफार्मर में आग लगी तो पोल से लगी बिजली की तार जलने के कारण मीटर में भी आग लगी और घर के सारे उपकरण भी जलकर राख हो गए। नेकउ और अंजू देवी का कहना है कि अभी हाल ही नई वायरिंग करवाई थी। बिजली के सारे नए उपकरण लगाए थे वह जलकर सारे राख हो गए। उन्होंने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है। ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना मिलते ही कर्मचारियों द्वारा मौका किया गया।

वैकल्पिक सुविधा के साथ मरम्मत के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। राजेंद्र शर्मा सहायक अभियंता विद्युत विभाग बग्गी।

## अटल आदर्श विद्यालय के सफल संचालन के लिए एक समर्पित दृष्टिकोण की आवश्यकता : डॉ. ओपी

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर उपमंडल के मढ़ी कस्बे में निर्मित अटल आदर्श विद्यालय के सफल संचालन के लिए एक समर्पित दृष्टिकोण की आवश्यकता है।



डॉ. ओपी सिंह ने कहा कि सीनियर सेकेंडरी स्कूल मढ़ी को गिराकर अटल आदर्श विद्यालय के रूप में पुनर्निर्मित किया गया है जिसमें 50 लाख से अधिक खर्च किया गया है। इस विद्यालय में आधुनिक सुविधाएं जैसे इनडोर स्टेडियम, हॉस्टल और स्टाफ रेजिडेंस शामिल है लेकिन इस नए विकास के साथ कई महत्वपूर्ण सवाल भी उठते हैं। डॉ ओपी सिंह ने सुझाव दिया है कि अटल आदर्श विद्यालय में स्थानीय पंचायतों के बच्चों के लिए 80 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जानी चाहिए।

इसके अलावा स्टाफ की नियुक्ति में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। डॉ. सिंह का मानना है कि स्कूल के संचालन और प्रबंधन के लिए एक नीति बनानी चाहिए। उन्होंने विद्यालय के उत्थान व क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए अपनी सेवाएं निशुल्क देने की पेशकश भी की है।

## एसडीएम सुरजीत सिंह ने किया कुन्नू गोसदन का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, पधर**

एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत कुन्नू में गो सदन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उपमंडल पधर के ग्राम पंचायत कुन्नू में 50 पशुओं की क्षमता वाला गो सदन है। निरीक्षण के दौरान यहां रखे गए पशुओं को चारे इत्यादि की व्यवस्था, उनके उपचार सहित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

इस बारे में संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने उपमंडल पधर के सभी लोगों तथा मंदिर कमेटियों व अन्य



सामाजिक संगठनों से अपील की कि वह गोदान के पशुओं की सहायता के लिए जरूर दान करें जिसमें लोग पैसे या अनाज आदि दे कर सहायता कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जो दानी सज्जन सहायता करना चाहते हैं, वे एसडीएम कार्यालय पधर, पशु चिकित्सालय पधर या गो सदन कुन्नू में संपर्क कर सकते हैं।

## भाजपा संगठनात्मक जिला सुंदरनगर ने की बैठक



**सुंदरनगर।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान संगठन पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। संगठनात्मक जिला सुंदरनगर की बैठक जिलाध्यक्ष हीरा लाल की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय कलौहड़ में आयोजित की गई।

बैठक में जिला के मुख्य चुनाव अधिकारी एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने शिरकत की और उनके साथ दो चुनाव सह अधिकारी ओम प्रकाश नाइक और राजेंद्र भी उपस्थित रहे।

## छोटी काशी में पहली बार होगा मांडव उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक में उपस्थित विभिन्न संस्था से संबंधित व्यक्ति व अन्य।

ऋर्षि की तपोस्थली छोटी काशी मंडी में प्रथम बार मांडव महोत्सव का होने जा रहा। मंडी नगर मांडव्य ऋर्षि की तपोस्थली रही है और महार्षी मांडव के नाम से नगर का नाम मंडी पड़ा है।

नगर निगम लोक संस्कृति को संरक्षित रखने के अपने प्रयास में एक नया आयाम मांडव्य महोत्सव का आयोजन कर, जोड़ने जा रहा है। आगामी 15 नवंबर को नगर निगम द्वारा नगर की समस्त धर्मसंस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, स्कूली बच्चों, महिला समूहों व आम जनमानस के साथ मिल इस ऐतिहासिक महोत्सव की जाएगी। इसी के मद्दे नजर गत 6 नवंबर को नगर के विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई जिसमें इस कार्यक्रम में सभी स्कूलों को अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने का निवेदन किया।

इसी प्रकार कार्य योजना को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहर के समस्त प्रबुद्धजन धर्मसंस्थाएं, सामाजिक संस्थाएं, महिला मण्डल, व्यापार मंडल आदि सभी के साथ बैठक कर महोत्सव का कार्यक्रम तय किया गया। महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि प्रातः 10 बजे राज देवता माधव राय पूजन के उपरांत एक शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो कि कन्या पाठशाला से बाबा भूतनाथ मंदिर से होकर विपाशा तट पर मौजूद मांडव्य शीला तक जाएगी जहां शीला पूजन के उपरांत यज्ञ का आयोजन किया जाएगा साथ ही लोक गीतों पर आधारित भक्ति रस का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## कृषि

### प्राकृतिक खेती विधि से उगाया अनाज, मक्की की बिक्री में हुई आसानी

# न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलने से चहके मंडी के किसान

**अनंत ज्ञान, मंडी**

प्राकृतिक खेती में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयास रंग लाने लगे हैं। प्राकृतिक खेती से उगाई मक्की पर समर्थन मूल्य घोषित होने का लाभ प्रदेश के साथ-साथ मंडी जिला के किसानों को भी मिला है। इससे उनकी आय में लगभग डेढ़ गुणा तक बढ़ोतरी सुनिश्चित हुई है।

वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना के अंतर्गत राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना



इस वर्ष के बजट में घोषित की गई है। प्रथम चरण में इस योजना के तहत प्रत्येक पंचायत से 10 किसानों को जहर मुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस तरह करीब 36 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना से जुड़े किसान गेहूं व मक्की में रसायनिक खाद के बजाय गोबर का इस्तेमाल करेंगे। इन परिवारों का अधिकतम 20 क्विंटल तक अनाज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा घोषित यह न्यूनतम समर्थन मूल्य पूरे देश में सर्वाधिक है। मंडी के समीप बीर गांव के बलवीर सिंह लगभग छह सालों से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार उनकी अच्छी पैदावार हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा खरीद केंद्र खोलने से उन्हें मक्की की बिक्री में आसानी हुई और दाम भी अच्छे मिले।

गोहर क्षेत्र के कटवांडी गांव की भूपेंद्रा बताती हैं कि प्राकृतिक खेती से उनकी फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। पिछली बार उन्हें मक्की के कम दाम मिले, जबकि इस बार प्रदेश सरकार ने 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से मक्की की खरीद की है। इससे उन्हें फसल के अच्छे दाम प्राप्त हुए हैं। कटवांडी गांव की ही नेहा कुमारी वर्ष 2018 से प्राकृतिक खेती कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इसमें कृषि विभाग का सहयोग उन्हें निरंतर मिलता रहा है।

#### खरीद का दूसरा चरण 18 से होगा आरंभ

**आत्मा** परियोजना मंडी के परियोजना निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि मंडी जिला में प्राकृतिक खेती विधि से उगाई गई मक्की की खरीद के लिए स्थापित चार में से तीन खरीद केंद्रों सुंदरनगर, मंडी व चैलचौक के माध्यम से पहले चरण में लगभग 142 क्विंटल मक्की की खरीद की जा चुकी है।

दूसरे चरण में 18 नवंबर से आरंभ होगा, जिसमें इन तीनों केंद्रों सहित चुराग में भी खरीद केंद्र के माध्यम से मक्की प्रापण का कार्य शुरू किया जाएगा।

## धर्मपुर में 19 को सजेगा उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेला

**धर्मपुर।** धर्मपुर मुख्यालय में 19 को उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला, नशा मुक्त धर्मपुर, स्वस्थ धर्मपुर, थीम पर आधारित होगा। युवाओं को नशा आदि कुरीतियों से दूर रखने के लिए, उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेला के दौरान, मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

मेले में वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्सा-कशी आदि खेलें,रक्तदान शिविर, बेबी शो, स्कूली बच्चों व महिला मंडलों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभाग अपने विभागों से संबंधित प्रदर्शनी स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## सनारली चौक से एसडीएम कार्यालय तक 13 को होगी मैराथन दौड़

**अनंत ज्ञान, करसोग**

करसोग में आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय रेडक्रॉस मेले की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन कार्यकारी एसडीएम व तहसीलदार करसोग वरुण गुलाटी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में खेलकूद समिति व सांस्कृतिक समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यकारी एसडीएम वरुण गुलाटी ने कहा कि कृषि विभाग कार्यालय के समीप आयोजित किए जाने वाले इस दो दिवसीय रेडक्रॉस मेले के पहले दिन 13 नवंबर को सनारली चौक से एसडीएम कार्यालय तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैराथन दौड़ के लिए दो वर्ग बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले वर्ग में 15 से 40 वर्ष तक की आयु वर्ग प्रतिभागी भाग ले सकते है, जबकि दूसरे वर्ग में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, रेडक्रॉस मेले के दौरान बेडमिंटन व महिलाओं के लिए रस्साकसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त करसोग, स्वस्थ करसोग थीम पर आयोजित किए जाने वाले इस दो दिवसीय रेडक्रॉस मेले में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सहित समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है ताकि करसोग को नशा मुक्त बनाने में सभी का सहयोग प्राप्त हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### गोंदपुर बनेहड़ा में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**गोंदपुर बनेहड़ा।** स्कूल के समीप श्रीराधाकृष्ण सीताराम शिवपार्वती दुर्गा मंदिर परिसर का निर्माण सभी गांववासियों से सहयोग से हुआ है और आज समय-समय पर जहां श्रद्धालुओं द्वारा बड़े-बड़े धार्मिक कार्यक्रम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से होते रहते हैं। इसी के तहत स्थानीय मंदिर परिसर में आज 9 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से करवाया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में सभी लोगों का सहयोग रहता है। श्रीमद् भागवत कथा की कथा वाचक महेश कृष्ण ठाकुर मथुरा वृंदावन से यहां पर लोगों को भक्ति रस में पिराएंगे। यह जानकारी आयोजन समिति ने दी।

### भक्तों को सती दहन प्रसंग सुनाया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान एवं समूह शहर निवासियों द्वारा स्थानीय आश्रम टाहलीवाल में पांच दिवसीय शिव कथा कार्यक्रम के दूसरे दिवस में परम पूजनीय आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी गरिमा भारती जी द्वारा सती दहन प्रसंग भगतों के समक्ष रखा गया। उन्होंने बताया जब देवी सती स्वयं को योग अग्नि द्वारा दक्ष के यज्ञ में भस्मीभूत करती है तो अंतिम समय में प्रार्थना करती है कि अगले जन्म हे शिव शम्भु आपको ही पाऊं। उसी मांग के तहत वह पार्वती जी के रूप में जन्म लेकर अपनी अधूरी भक्ति को पूर्ण करती है। हमेशा के लिए शिवमय हो जाती है। नारी सशक्तिकरण पर उन्होंने कहा कि नारी शक्ति है, लेकिन जब तक वह अपनी आत्मा को जान अपनी शक्तियों को प्रकट नहीं कर देती, तब तक न तो अपना कल्याण कर सकती हैं और न ही समाज का। अर्धनारेश्वर रूप में शिव भगवान समाज को संदेश देते हैं कि नारी को सम्मानीय दर्जा दो। जो समाज नारी का सम्मान नहीं कर सकता, वह कभी उन्नति के शिखरों को नहीं छू सकता। जैसे शिव का संग कर देवी पार्वती के जीवन का अमंगल मंगल में बदल गया, ऐसे ही हर मानव के जीवन के दुख चिंताएं प्रभु के ध्यान भक्ति से आनंद में परिवर्तित हो पाएंगे। इसलिए संतों की शरण में कदम बढ़ाएं प्रभु का दर्शन पाएं। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित करने के लिए विशेष रूप से साध्वी उत्तमा भारती और साध्वी उपमा भारती उपस्थित रहे। कथा का समापन आरती से हुआ।

### कृषि सहकारी सभा लठियाणी की कार्यकारिणी गठित



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** दी लठियाणी कृषि सहकारी सभा के सचिव दिनेश ठाकुर ने बताया कि संजय कुमार (शांतनू) की अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने अश्विनी कुमार को प्रधान पद का दायित्व सौंपा है। उपप्रधान सुनील कुमार, प्रमोद सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इस दौरान सभा के सभी सदस्य मौजूद थे। सभा के सचिव ने बताया कि यह कार्यकारिणी 5 वर्ष तक कार्य करेगी । नवनिर्वाचित प्रधान अश्विनी कुमार ने कहा कि सहकारी सभा के लिए लोगों के हित में जो भी कार्य होंगे, उसे मैं बखूबी से निभाने के लिए सभी सदस्यों के सहयोग से बुलंदियों पर ले जाने की कोशिश की जाएगी। नवनिर्वाचित प्रधान अश्विनी कुमार, उपप्रधान सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह एवं अशोक कुमार सदस्य ने कृषि सभा के बारे में सचिव दिनेश कुमार से जानकारी ली और कहा कि जो भी कृषि सहकारी के हित के लिए होगा, उसे दूर करने के लिए भरपूर कोशिश की जाएगी। नई कार्यकारिणी गठन होने के बाद सोसायटी का निरीक्षण भी किया गया, जहां पर कमी पाई गई, वहां पर सभा के सचिव को आगामी सभा की बैठक से पहले ठीक करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सुनील कुमार, प्रमोद सिंह, अशोक कुमार जियालाल, देशराज, मदनलाल, संजय कुमार के अलावा सभा के सचिव दिनेश ठाकुर व विजय कुमार उपस्थित थे। नवनिर्वाचित कमेटी को सभी इलाके के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** शुक्रवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलोई और कलरूही में बच्चों को नशे के बुरे प्रभाव के संबंध में जागरूक किया गया और रिसोर्स परसन के रूप में सतीश शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों को नशा क्या है और नशे से बढ़ रहे अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा नशे से पड़ने वाले बुरे प्रभाव के बारे में भी बच्चों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि 99 अपराधों के पीछे नशे का हाथ होता है, जो आदमी बिना नशा किया बातचीत भी नहीं कर सकता, नशे के बाद वह शेर की तरह दहाड़ता है यदि अपराधों में कमी लानी है तो नशे के ऊपर जबरदस्त चोट करनी होगी, इसकी जड़ पर प्रहार करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नशे क के संबंध में जागरूक करने वाले रिसोर्स पर्सन कि पहले डेमो लेनी चाहिए कि कौन अच्छी तरह से जो ऊना जिले के बच्चे समझते हैं, कौन समझा सकता है। नशा करने वाले व्यक्ति के 5 वर्ष के बाद फेफड़े खराब हो जाते हैं। हार्टबीट बढ़ जाती है। डर लगने लगता है। स्मरण शक्ति खत्म हो जाती है। लिवर डैमेज हो जाता है। समाज का कोई भी व्यक्ति नशा करने वाले पर विश्वास नहीं करता। आंतों में क्रैकर्स आने की वजह से भूख नहीं लगती और वह बेड पर आ जाता है। शरीर सूखकर कांटा हो जाता है। जिस मां-बाप को बुढ़ापे में सहारे की आस थी, वह खुद नशे की चपेट में आकर दूसरों से सहारा मांगता है। सलोई के प्रधानाचार्य कमलदेव शर्मा ने सतीश शर्मा द्वारा बताए गए प्रेरणात्मक तथ्यों को अपने जहन में बच्चों को बिठाने की अपील की ताकि आगामी जीवन में उन्हें काम आए। दोनों स्कूलों के अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### भारत स्काउट एंड गाइड ने मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** द भारत स्काउट एंड गाइडस' संगठन के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर जिला ऊना के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। द भारत स्काउट एंड गाइड्स संगठन की स्थापना भारत में 7 नवंबर 1950 को हुई थी। इसलिए प्रत्येक वर्ष 7 नवंबर को स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। गाइड विंग की डीओसी सोनू कुमारी ने बताया कि इसी संदर्भ में 7 नवंबर अथवा 75वें स्थापना दिवस को जिला ऊना के विभिन्न विद्यालयों में अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्काउट्स व गाइड्स के द्वारा इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट एंड गाइड्स की प्रार्थना से की गई। प्रतिज्ञा, झंडा गीत, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, रंगोली व कविता गायन आदि गतिविधियों का आयोजन किया। जिला ऊना की गाइडस व गाइड कैप्टन के द्वारा स्काउट एवं गाइड सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके द्वारा इस सप्ताह में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां उनके विद्यालयों में आयोजित की गई है। जिला मुख्य आयुक्त राजेंद्र कौशल (शिक्षा उपनिदेशक उच्च) ने भी सभी स्काउट और गाइडस, स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टनस को बधाई दी तथा एक वीडियो के माध्यम से अपना संदेश भी जारी किया। भविष्य में भी बच्चों को इस तरह की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। विश्व में भारत का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटोहड़ खुर्द, नागनोली, बेहड जसवां, मवा कोहला, कांगड़, तलाई, चिंतपूर्णी, लोहारा, बसाल, ईसपुर, चुरडी, पंजावर, अम्बेहड़ा, रैंसरी, ठठल, मंदली, रामनगर नाकडोह, नंगडा, सूरी, व दलोह इन सभी विद्यालयों में स्थापना दिवस को बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया ।

## उपमुख्यमंत्री मुकेश की ऐतिहासिक घोषणा–महान सपूत मोहन लाल दत्त के नाम पर होगा खड्डु कॉलेज का नामकरण, बोले–

# साइंस, फिजिकल एजुकेशन और म्यूजिक की कक्षाएं अगले सत्र से

**राजेश शर्मा, ऊना**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मेधावी छात्रों के साथ।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राजकीय डिग्री कॉलेज खड्डु के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए कॉलेज का नामकरण खड्डु गांव के महान सपूत प्रख्यात समाजसेवी एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय मोहन लाल दत्त के नाम पर करने की घोषणा की।

60 के दशक में गगरेट-चिंतपूर्णी क्षेत्र के विधायक रहे स्व. मोहन लाल दत्त का समाज जीवन में योगदान आज भी क्षेत्रवासियों के दिलों में जीवित है। उपमुख्यमंत्री ने खड्डु गांव के महान सपूत के प्रति क्षेत्रवासियों की श्रद्धा और सम्मान को रेखांकित करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया और कॉलेज के नामकरण के साथ उनकी याद को शाश्वत बनाने की बात कही। स्व. श्री दत्त साल 1962 में गगरेट के विधायक रहे थे, उस समय गगरेट-चिंतपूर्णी एक ही विधानसभा क्षेत्र था तथा यह क्षेत्र होशियारपुर के तहत आता था।

इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने खड्डु कॉलेज में अगले अकादमिक सत्र से साइंस, फिजिकल एजुकेशन और सगींत की कक्षाएं शुरू करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि राजकीय डिग्री कॉलेज खड्डु एक ग्रामीण परिवेश को कॉलेज है, ऐसे में यहां मांग के अनुरूप शैक्षणिक स्ट्रीम आरंभ की जाएंगी। वर्तमान में यहां आर्ट्स और कॉमर्स संकाय संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज में ढांचागत विकास के साथ सुविधाओं के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यहां 8 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। बता दें, उपमुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष सितंबर महीने में इस परियोजना की आधारशिला रखी थी। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने अकादमिक तथा खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरित किए।

इस अवसर पर राजकीय डिग्री कॉलेज खड्डु के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त करते हुए शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कॉलेज का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, प्रशांत राय, कॉलेज स्टॉफ व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**फुटबाल और आलू के लिए है खड्डु की ख्याति :** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खड्डु गांव की फुटबाल खेल और आलू की बंपर पैदावार के लिए पहचान है। उन्होंने इस बात की प्रसन्नता जताई कि गांव की बच्चियां फुटबाल खेल में देश-दुनिया में नाम कमा रही हैं। यह सबके लिए एक प्रेरणा है।

### आलू उत्पादकों के लिए बनेगी सशक्त व्यवस्था

अग्निहोत्री ने कहा कि खड्ड क्षेत्र में आलू की बंपर पैदावार होती है। इस क्षेत्र के साथ-साथ पूरे ऊना जिले के आलू उत्पादकों की फसलों की सुरक्षित और चिंतामुक्त बिक्री सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त व्यवस्था बनाई जाएगी। इस कदम से किसानों के हितों की रक्षा होगी और उन्हें किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ऊना को आलू की खरीद और बिक्री के लिए एक सुदृढ़ तंत्र विकसित करने हेतु विस्तृत अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

**हरोली में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी की नजर :** अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में कोई भी अपराधी अपराध करके अब बच नहीं सकेगा। 2 करोड़ रुपए व्यय करके पूरे क्षेत्र पर सीसीटीवी की निगरानी सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रवेश द्वार, मुख्य मार्गों, महत्वपूर्ण स्थलों, चौराहों और बाजारों में सीसीटीवी लगाए गए हैं। सभी शिक्षण संस्थानों को भी सीसीटीवी से लेस किया जा रहा है। यह पहल क्षेत्र की सुरक्षा को सुनिश्चित करने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण कदम है। (अनंत ज्ञान)

### हरोली में शिक्षा क्षेत्र का क्रांतिकारी दौर

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विस क्षेत्र शिक्षा का क्रांतिकारी दौर देख रहा है। क्षेत्र के सभी स्कूल-कॉलेजों में बच्चों के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा को और बेहतर किया जाएगा। सभी शिक्षण संस्थान सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगे। शिक्षण संस्थानों में खेल मैदानों के सुधार और विकास कार्य प्राथमिकता पर किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह पहली बार विधायक बने तो हरोली में मूलभूत शिक्षा प्राप्त करने के संस्थान उपलब्ध नहीं थे, लेकिन लगातार प्रयासों से जहां हरोली में आज 33 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं, एक केंद्रीय स्कूल है, वहीं उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाने को 3 डिग्री कॉलेज हैं। तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए 2 आईटीआई खोली गई हैं। हरोली में ट्रिपल आईटी ने देश में नाम बनाया है। इसके साथ ही हिमकेप्स सोसायटी के नर्सिंग और लॉ कॉलेज ने उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के तौर पर अपनी खास पहचान बनाई है और देश के मानचित्र में बढ़ेड़ा का बड़ा नाम उभरकर आया है। यह सहकारी क्षेत्र में चलने वाला प्रदेश का पहला कॉलेज है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पालकवाह में 25 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित कौशल विकास केंद्र युवाओं को कुशल बनाने की टकसाल बनेगा। हरोली के रोड़ा में जल्द ही 5 करोड़ रुपए की लागत से एक ऑटोमेटिक वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा।

### 12 करोड़ रुपए से टोबों की रिचार्जिंग

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली क्षेत्र में अनेक प्राचीन टोबे (तालाब) हैं। उनके संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रशासन को किसी को भी तालाबों को मिट्टी से भरकर समतल करने की अनुमति न देने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तालाबों में जल भराव क्षेत्र की जलस्तर गिरावट की समस्या से निपटने के लिए अहम है, इसलिए तालाबों का संरक्षण आवश्यक है। इसे देखते हुए टोबों की रिर्चाचिंग पर 12 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। वहीं, 2-2 करोड़ से पूबोवाल और दुलैहड़ में टोबों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। उन्होंने इनके रखरखाव में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया तथा स्थानीय लोगों से इसे लेकर अपनी जिम्मेदारी समझने और समितियां गठित कर इनके रखरखाव की मजबूत व्यवस्था बनाने का आह्वान किया।

## कृषि सहकारी सभा बंडा के उम्मीदवार मैदान में उतरे

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** द बंडा कृषि सरकारी सभा का चुनाव का चुनाव 22 नवंबर को होने जा रहे हैं। सहकारी सभा के सचिव अमन पॉल ने बताया कि नामांकन पत्र गत एक नवंबर को भरे गए थे। 6 नवंबर को नाम वापस लेने वालों में नंबर एक से शैलेंद्र कुमार नंबर 3 वार्ड नंबर 3 से राम आसरा लखनपाल वार्ड नंबर 5 से महेंद्र सिंह इत्यादि ने अपने नाम वापस लिए हैं।

कार्यकारिणी के 5 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात यह चुनाव करवाए जा रहे हैं। चुनावों के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कृषि सभा के सचिव ने बताया कि 22 नवंबर को 3 बजे के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

## पहाड़ी लोकगीतों से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, ऊना**



डीआरडीए सभागार ऊना में पहाड़ी दिवस का आयोजन किया गया।

संस्कृति विभाग कार्यालय जिला भाषा अधिकारी ऊना द्वारा डीआरडीए सभागार ऊना में पहाड़ी दिवस का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना करते हुए सभी साहित्यकारों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने की। मंच संचालन संतोष शर्मा ने अपने प्रभावशाली अंदाज में किया। प्रथम सत्र पहाड़ी बोली में जिला स्तरीय कवि / साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कवियों द्वारा पहाड़ी बोली में अपनी स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कीं।

कुंदन भारद्वाज ने क्या होई गिया मेरे म्हाचले, अशोक कालिया ने मेरे बिन तेरे बाहजि न्हेरे न, रामपाल शर्मा घायल ने कान्हा की बांसुरी पर नृत्य गोपियों का निस्वार्थ प्रेम की वह दास्तान अब कहां, कुलदीप शर्मा ने घर आंगन वनवास काटते राम जी, जाहिद अबरोल ने कोई रिश्ता नहीं है फिर भी वह रोज मुझको गुलाब भेजता, प्रकाश चंद महरम ऊन्नवी ने जिणे का सुख संतोष पहाड़ों पर है, कृष्ण कुमार लद्दाखी ने खुद सोके खुद को देखो वह नूरो खाकी बन गया, ओम प्रकाश शर्मा ने गुस्से हां तुस्सी वी गुस्से च, संतोष शर्मा ने एक समय था जज्बा था आसमान को छूने का, डॉ. बालकृष्ण सोनी ने मिंजो बड़ी हसीं औंदी, अनिल कुमार जसवाल ने मोहब्बत का मौसम, राम किशन भट्टी ने दो-दो नयना, रचना रानी ने यह क्या किया है क्या किया, स्वपना जसवाल ने अरमान, ओपी डांग ने मातम आज मेरे शहर में एक और मातम हो गया, रामप्रकाश ने पहाड़ी लोकगीत गंभरी, पुष्पा देवी ने तेरा मेरा प्यार नी अड़िये वचुपना रा, किशोरी लाल बैंस ने ऐसी कविता हो जाए, चरणजीत सिंह चन्नी ने गमें हयात पर रित्म ऐसा ढाया गया कत्ल दिल का हुआ कविता सुनाई।

दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया जिसमें सिकंदर कुमार एंड पार्टी जलग्रां ऊना के कलाकारों ने पहाड़ी बोली में लोकगीत अम्मा पुछदी, उड़ी जाया काले या कागा इत्यादि अलग-अलग पहाड़ी लोकगीतों के द्वारा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने पहाड़ी व क्षेत्रीय बोलियों के अपने-अपने महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विभाग का सदैव प्रयास रहता हैं कि हिंदी, संस्कृत, भाषाओं के साथ-साथ पहाड़ी बोली एवं स्थानीय बोलियों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं जिससे युवा पीढ़ी इन बोलियों में रुचि लेकर इनसे जुड़े रहें। अपनी मातृभाषा एवं बोलियों पर सभी को गर्व होना चाहिए, साथ ही उन्होंने विभाग की सभी परियोजनाओं की जानकारी दी।

## चंडीगढ़ में ड्राइविंग लाइसेंस का गलत ढंग से उपयोग

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के निवासी अर्पण शर्मा ने बताया कि मैं 1 वर्ष से जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के आशीर्वाद होटल में कार्यरत हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस का कोई व्यक्ति गलत ढंग से उपयोग कर रहा है। इसकी जानकारी मुझे मोबाइल फोन में आए संदेश के माध्यम से मिली, लेकिन हैरानी इस बात की है कि लाइसेंस तो मेरे पास है तो यह चालान का संदेश मेरे फोन पर बार-बार क्यों आ रहा है।

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस का चालान दूसरी बार हुआ है , लेकिन समझ नहीं आ रहा कि जो चालान पहले हुआ था, उसकी भरपाई किसने की और कब की परंतु अब फिर मेरे फोन पर चंडीगढ़ पुलिस के द्वारा एक संदेश ड्राइविंग लाइसेंस के चालान के बारे में आया है, परंतु मैं एक वर्ष से चंडीगढ़ भी नहीं किया हूं और न ही मेरे पास किसी भी प्रकार का वाहन है। इसकी वजह से मैं बहुत ही मानसिक रूप से परेशान हूं। अर्पण कुमार पुत्र अशोक कुमार गांव झंमबर जिला ऊना ने पुलिस स्टेशन बंगाणा में अपनी शिकायत दर्ज करवा दी है कि मेरे लाइसेंस का चालान किस कारण बार-बार किया जा रहा है और कौन व्यक्ति मेरे लाइसेंस का दुरुपयोग कर रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आरटीआई में लोनिवि के पास से नहीं मिला कोई रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

लोक निर्माण विभाग का नया कारनामा सामने आया है। बता दें कि लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता भरवाई को 5 सितंबर को एक आरटीआई आवेदन किया गया था जिसमें पूछा गया था कि संतोषगढ़ के वीरभद्र चौक से लेकर अजौली मोड़ तक सड़क की चौड़ाई कितनी है और सड़क के किनारे बने हुए मकान व अन्य इमारतें जो बनी हैं, क्या वे सरकारी जमीन पर बनी हुई हैं। उसकी फरदें व ततिमा मांगा गया था।

इसके साथ यह भी पूछा गया था कि क्या किसी इमारत को रोकने के लिए किसी ने शिकायत की थी। हैरानी की बात तब हुई, जब लोक निर्माण विभाग ऊना द्वारा मेरे द्वारा डाली गईआरटीआई के जवाब में लिखा था कि संतोषगढ़ नंगल मार्ग वीरभद्र चौक से लेकर भटोली कॉलेज तक इस विभाग में कोई भी जानकारी नहीं है। और आगे इस सड़क को कितना चौड़ा करना है, इसकी भी कोई जानकारी नहीं है। सड़क के किनारे बनी दुकानें, मकान व अन्य इमारत किसकी जमीन में बनी है, इनकी भी कोई जानकारी नहीं है। और इसकी फरदें ततिमा भी इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

सड़क के आसपास बनी इमारत दुकानें व मकान सही बने हैं, इसके बारे में भी कार्यालय में जानकारी नहीं है। किसी भी इमारत का काम रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग को कोई शिकायत नहीं आई थी। यह सभी बातें लोक निर्माण विभाग अधिशाषी अभियंता ऊना मंडल लिखकर भेज रहा है। हैरानी की बात यह भी है सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन आती है, पर इनके पास जानकारी एक भी नहीं है।

## बहडाला में बाल विज्ञान मेले की शुरुआत पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, ऊना**



शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक सोमलाल धीमान जानकारी लेते हुए।

राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहडाला में दो दिवसीय जिला स्तरीय 32वें बाल विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक सोमलाल धीमान ने किया। इस दौरान विशेष रूप से उनके साथ मेजबान स्कूल के प्रिंसिपल हरीश जोशी, प्रिंसिपल दिनेश कौंडल, विज्ञान पर्यवेक्षक राजन शर्मा एवं जिला विज्ञान अध्यापक संघ के अध्यक्ष रमेश मेहरा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्यतिथि द्वारा द्वीप प्रज्जलित कर एवं मेजबान स्कूल की छात्राओं द्वारा बंदे मातरम एवम स्वागत गीत गाकर की गई। मुख्य अतिथि उपनिदेशक प्रारंभिक सोमलाल धीमान ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है अत: प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षा एवं खेलकूद गतिविधियों के साथ-साथ वैज्ञानिकगतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से भी कहा कि बच्चों को नवाचार के लिए प्रेरित करें ताकि विज्ञान के माध्यम से समाज को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में प्रतिभा होती है सिर्फ उसे तराशने की जरूरत है। इस दौरान मुख्य अतिथि सोमलाल धीमान ने ऊना जिला के विभिन्न स्कूलों से आए नन्हे वैज्ञानिकों के मॉडलों, क्विज प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं एवं वैज्ञानिक क्रियाकलापों का अवलोकन कर उनके प्रयासों को सराहा। इस मौके पर उन्होंने नन्हे वैज्ञानिकों को विज्ञान की बारीकियों के बारे में भी अवगत करवाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि को स्कूल प्रिंसिपल हरीश जोशी एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया, जबकि जिला विज्ञान अध्यापक संघ के अध्यक्ष रमेश मेहरा ने भी अपनी टीम द्वारा मुख्य अतिथि को संघ की ओर से सम्मानित किया।

इस मौके पर मंच का संचालन मेजबान स्कूल के शारीरिक प्रवक्ता डॉ मुनीश राणा ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम के दौरान इंस्पायर मानक अवॉर्ड योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट मॉडल प्रदर्शित करने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाडला की छात्रा साक्षी भारद्वाज को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजन शर्मा ने बताया कि विज्ञान मेले में 50 स्कूलों के करीब 190 नन्हे वैज्ञानिक हिस्सा लेकर अपना ज्ञान परख रहे हैं।

**देखरेख** डीएफओ ऊना सुशील राणा फील्ड में टीम सहित सरकारी भूमि में खैर के पेड़ों की करवा रहे मार्किंग

# बंगाणा, रामगढ़ धार और भरवाई रेंज की सरकारी भूमि पर दस हजार खैर के पेड़ों का होगा कटान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



डीएफओ अपनी टीम के साथ जंगल में डेरा लगाए हुए।

उपमंडल बंगाणा में फॉरेस्ट रेंज बंगाणा और रामगढ़ धार में जिला ऊना के फॉरेस्ट विभाग द्वारा सरकारी भूमि पर से सूखे ओर हरे खैरों की मार्किंग शुरू हो चुकी है और इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि जिले के फॉरेस्ट विभाग के डीएफओ अधिकारी सुशील राणा टीम सहित खुद हर दिन जंगलों में जाकर सरकारी भूमि पर खैरों की मार्किंग करवा रहे हैं।

ज्ञात रहे उपमंडल बंगाणा की दोनों फॉरेस्ट रेंज बंगाणा, रामगढ़ धार और साथ में चिंतपूर्णी के भरवाई रेंज को मिलाकर कुल 9 हजार हेक्टेयर भूमि पर कटान होने जा रहा है और करीब दस हजार खैर के पौधे का कटान होगा।

ज्ञात रहे कुटलैहड़ विस क्षेत्र के रामगढ़ धार और बंगाणा रेंज में अवैध कटान की ज्यादा सूचनाएं मिलती रही हैं और जिला पर्यवेक्षक अधिकारी सुशील राणा ने अवैध कटान को रोकने ओर माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर सरकारी भूमि पर खैर कटान के आदेशों पर खुद मोर्चा संभाला है। वह सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक फॉरेस्ट टीम के साथ सरकारी जंगलों में जाकर खैर के पेड़ों की मार्किंग और एक-एक पेड़ की लोकेशन लेकर जिस खैर के पेड़ का कटान करना है, उसे लाल रंग की पट्टी लगाई जा रही है, ताकि कटान करते समय कोई समस्या न हो।

जहां मलकीयत भूमि की सीमा है, वहां पर पीली पट्टी लगाकर यह संदेश दिया जा रहा है कि मलकीयत भूमि के कटान करने वाले ठेकेदार इस लक्ष्मण रेखा को पार न करें। यानी अवैध कटान को अंजाम न दें। इस वर्ष सरकारी भूमि से खैर कटान पर राज्य सरकार को करोड़ों रुपए का फायदा होगा। वहीं, जिला फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी डीएफओ सुशील राणा ने कहा कि सरकारी जंगल से खैर कटान की अनुमति माननीय सुप्रीम कोर्ट ने दी है, ताकि सरकारी जंगलों में जो छोटे पौधे हैं, उन्हें भी बढ़ने के लिए जगह मिले और दूसरा सरकारी जंगलों में खैर के पेड़ ज्यादा सूखे हैं ओर कुछ खैर के पेड़ आठ फुट से ज्यादा हो चुके हैं, इसलिए दो फुट से ज्यादा मोटाई वाले खैर के पेड़ों के कटान के लिए हम मार्किंग कर रहे है ताकि खैर कटान के समय हमारे कॉरपोरेशन विभाग को कोई समस्या न हो और लाल पट्टी वाले पेड़ों का ही कटान होगा और हर पेड़ की हमने लोकेशन भी ले ली है।

उन्होंने कहा कि चार फॉरेस्ट विभाग के एसीएफ जो तीन कुल्लू और एक भरमौर से आए हैं, वे हमारे साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। 31 मार्च 2025 तक करीब 9 हजार हेक्टेयर भूमि से दस हजार के करीब खैर के पौधों का कटान होगा। (अनंत ज्ञान)

### अवैध कटान रोकने का ढूंढा है नया तरीका

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में खैर की किस्म देश में प्रथम स्थान पर है, इसलिए कुटलैहड़ में अवैध कटान भी ज्यादा होता रहा है, लेकिन अब जिला फॉरेस्ट विभाग अधिकारी सुशील राणा ने अवैध कटान को रोकने का नया तरीका ढूंढ लिया है और हर दिन कभी रामगढ़ धार तो कभी बंगाणा रेंज में पूरा दिन जंगलों में टीम के साथ बिताकर फॉरेस्ट विभाग को सतर्क और बन काटुओं को यह बता दिया है कि मैं टीम सहित जंगलों में जाऊंगा ताकि सरकारी भूमि पर वन काटुए सरकारी भूमि पर अवैध कटान न कर सकें। जिला ऊना के डीएफओ सुशील राणा राज्य के अन्य फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### सुशासन सूचकांक में लाहौल-स्पीति चौथे स्थान पर

**केलांग।** डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि हालही में जारी सुशासन सूचकांक में प्रदेशभर में लाहौल-स्पीति चौथे पायदान पर रहा है। कांगड़ा जिला पहले स्थान पर है, जबकि बिलासपुर और हमीरपुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। डीसी ने इस उपलब्धि का श्रेय जिले की प्रशासनिक टीम को देते हुए कहा कि यह स्थानीय नेताओं और नागरिकों के दृढ संकल्प और समर्पण को दर्शाती है, जिन्होंने लाहौल-स्पीति की इस उल्लेखनीय प्रगति में योगदान दिया है। सुशासन सूचकांक में जिले की सफलता उनके कठिन परिश्रम और रणनीतिक पहलों का प्रमाण है, जो भौगोलिक और मानव संसाधन की सीमाओं को पार करने के लिए की गई है। डीसी ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में, लाहौल-स्पीति जिला चौथे स्थान पर उभरा है, जो पिछले वर्ष के तीसरे स्थान से थोड़ी गिरावट को दर्शाता है। हालांकि यह गिरावट प्रतीत होती है, यह रैंकिंग लाहौल-स्पीति की महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है, जो इस से पहले लगातार दो वर्षों तक बारहवें स्थान पर था। यह प्रगति जिले की सुशासन और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। डीसी ने कहा कि लाहौल-स्पीति की यह प्रगति अपनी अनूठी चुनौतियों के बावजूद महत्वपूर्ण है। जिले की दूरदराज की स्थिति और कठिन भू-भाग में बुनियादी ढांचे का विकास, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और सार्वजनिक सेवाओं की निरंतरता में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। इन सीमाओं के बावजूद, जिले ने बुनियादी ढांचे, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कानून एवं व्यवस्था, और पारदर्शिता जैसे कई प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में सुधार कर उल्लेखनीय क्षमता प्रदर्शित की है।

### पुस्तकों का आज ढालपुर में होगा लोकार्पण

**कुल्लू।** हिमतरु प्रकाशन समिति की ओर से शनिवार को जिला मुख्यालय ढालपुर स्थित जिला परिषद सभागार में एक दिवसीय साहित्यिक, पुस्तक लोकार्पण समारोह एवं चित्रकला व पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कला संस्कृति भाषा अकादमी शिमला के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दो महत्तवपूर्ण पुस्तकों का लोकार्पण होगा तथा समारोह में देश-प्रदेश से आमंत्रित साहित्यकार एवं शिक्षाविद अपना वक्तव्य देंगे। इस कार्यक्रम में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, मंडी की उपकुलपति (प्रो. वीसी) प्रो. अनुपमा सिंह मुख्यातिथि होंगी, जबकि मिरांडा हाऊस यूनिवर्सिटी, दिल्ली में एसिसटेंट प्रो. अंकिता चौहान कार्यक्रम की अध्यक्ष होंगी। हिमतरु प्रकाशन समिति के सचिव किशन श्रीमान ने जानकारी दी कि कला संस्कृति भाषा अकादमी, शिमला के सहयोग से आयोजित होने वाले इस एकदिवसीय कार्यक्रम में प्रमुख तौर उपन्यास 'देव नगरी' तथा पनारसा कॉलेज व अन्य कॉलेजों तथा शिमला विवि के शोधार्थियों की ओर से तैयार किया गया हिमतरु विशेषांक 'स्मृतियों में कुल्लू दशहरा' का लोकार्पण किया जाएगा। ये दोनों पुस्तकें पाठकीय दृष्टि से महत्तवपूर्ण हैं।

### नशा हमारे प्रदेश को खोखला करता जा रहा



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में नशे का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। नशा उस दीमक की तरह हो गया है, जो अंदर से हमारे प्रदेश को खोखला करता जा रहा है। आज इसी संदर्भ को देखते हुए नेहरू युवा केंद्र द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन डीआरडीए हाल कुल्लू में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में इस बुराई के खिलाफ एकजुटता की भावना को प्रबल करना था। कार्यक्रम के मुख्यातिथि हेम राज (डीएसपी, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) कुल्लू थे, जिन्होंने नशे के कारण समाज में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला और युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। नशे के कारण युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और इसके रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। यह सभी अभिभावकों एवं माता-पिता की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने बच्चों के जीवन में आने वाले बदलावों को समझने का प्रयास करें एवं उनका ध्यान रखें। इस अवसर पर संकल्प फाउंडेशन और एक पुनर्वास केंद्र के प्रबंध निदेशक विशाल शर्मा ने कार्यक्रम में बतौर संसाधन व्यक्तित्व भाग लिया।

# सायरन की आवाज से गूंजा केलांग बाजार

## केलांग में भूकंप और भूस्खलन की घटना पर आधारित मॉकड्रिल आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में शुक्रवार 11 बजे अचानक सायरन की तेज आवाजें बजना शुरू हुईं, जिसे सुनकर केलांग व आसपास के लोग घबरा गए, लेकिन थोड़ी ही देर में पता चला कि केलांग में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति के तत्वाधान में भूकंप और भूस्खलन की घटना पर आधारित मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान दो परिदृश्य तैयार कर ओल्ड पुलिस लाइन में भूकंप से क्षतिग्रस्त भवन में 6 लोगों के अंदर फंसे होने तथा नाले में भूस्खलन की घटना होने पर चार घायल लोगों को राहत पहुंचाने तथा सड़क, बिजली, पानी बहाल करने का अभियान चलाया गया।

इस दौरान एनडीआरएफ, पुलिस, सिविल डिफेंस, स्वास्थ्य, जलशक्ति, होमगार्ड, लोकनिर्माण, बिजली बोर्ड, राजस्व सहित अन्य विभागों ने आपसी समन्वय से मॉकड्रिल में बचाव अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया। पहली घटना में सुबह 11 बजे ओल्ड पुलिस लाइन में भूकंप आने पर 6 लोगों के अंदर फंसे होने की सूचना प्रशासन को मिलती है। जिला प्रशासन के निर्देश पर पुलिस, सिविल डिफेंस, मेडिकल की टीम मौके पर पहुंचती है। मुश्किल हालात होने पर एनडीआरएफ की टीम को बचाव कार्य के लिए बुलाया गया। एनडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल पर रेस्क्यू कार्य शुरू किया और अंदर फंसे 2 मृतकों और 2 घायलों को बाहर निकाला। टीमों द्वारा 2 घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया और 2 को मौके पर उपचार दिया गया। मृतकों के परिवारों को फौरी राहत के तौर पर 25-25 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। दूसरी घटना में शक्स नाले में भूस्खलन से यातायात, बिजली और जल आपूर्ति बाधित हो गई थी। सिविल डिफेंस, पुलिस, लोक निर्माण, जलशक्ति और स्वास्थ्य विभाग की टीमों को मौके पर भेजा गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क को बहाल किया गया और इस घटना में तीन लोग घायल हुए, जिसमें गंभीर रूप से घायल दो लोगों को केलांग अस्पताल पहुंचाया गया तथा एक का मौके पर ही प्राथमिक उपचार किया गया।

लोक निर्माण, बिजली और जलशक्ति विभाग ने बहुत कम समय में सड़क, बिजली और पानी की आपूर्ति को बहाल करने का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान इंसिडेंट कमांडर एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मॉकड्रिल में भूकंप और भूस्खलन आने की स्थिति में घटना स्थल पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने, उन्हें प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ ही राहत और बचाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई, ताकि वास्तविक घटना होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत पहुंचाई जा सके। एनडीआरएफ-सहायक कमांडेंट संतोष एनडीआरएफ, इंस्पेक्टर जीडी नीरज, भारती परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास विभाग मनोज कुमार, तहसीलदार रमेश ठाकुर व थाना प्रभारी केलांग ज्वाला सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों सहित जवानों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।



मॉकड्रिल के दौरान आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास करते हुए।

### बचाव कार्यों को लेकर किया पूर्वाभ्यास

**रजनीश** ने कहा कि मॉकड्रिल को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य किसी आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर पूर्वाभ्यास करना था। बचाव अभियान सभी एजेंसियों के सहयोग से ही संभव होता है। मॉकड्रिल बहुत महत्वपूर्ण है इससे हम वास्तविक आपदा की स्थिति आने पर इससे निपटने की तैयारियों को परख पाते हैं। इससे विभागों को उनके दायित्वों की जानकारी मिलती है। आपदा से निपटने के लिए इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम कार्यशील है। मॉकड्रिल से इसे भी परखा गया है।

# चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे के जल्द संवरेंगे दिन

मोहन कपूर, पतलीकूहल



**बाढ़ में बहे कुल्लू-मनाली एनएच की अलाइनमेंट-सर्वे कर रही पुणे की कंपनी**

चीन और पाकिस्तान की सीमा तक जाने वाले चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे के दिन संवरने वाले है। ब्यास नदी की भीषण बाढ़ में बही सड़क को दुरुस्त करने के लिए एनएचएआई ने कमर कस ली है।

इसके लिए बाकायदा महाराष्ट्र के पुणे की एक कंपनी बाढ़ की भेंट चढ़ी सड़क का सर्वे और अलाइनमेंट कर रही है। बताया जा रहा है कि कुल्लू-मनाली के बीच 40 किमी के दायरे में बाढ़ में बहे 13 स्थानों पर नए सिरे से सड़कों और पुलों का निर्माण होगा। परिणामस्वरूप पतलीकूहल, 14 मील, 15 मील, आलू ग्राउंड, क्लाथ और मनाली बाईपास रोड़ फिर से चकाचक नजर आएंगे। इसकी डीपीआर तैयार कर केंद्र सरकार को भेजी जानी है। बता दें कि सामरिक महत्व की इस सड़क के पुनर्निर्माण पर मनाली दौरे के दौरान केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी तीन हजार करोड़ रुपए तक खर्च करने की बात कह चुके हैं। कारगिल युद्ध के हीरो ब्रिगेडियर खुशहाल ठाकुर का कहना कि उस समय सिर्फ कुल्लू-मनाली सड़क से होते ही सैनिक और असला कारगिल तक पहुंच पाए। लिहाजा पर्यटन के अलावा सामरिक महत्व के इस रोड को सही रहना समय की मांग है। मनाली होटलियर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनूप ने इस सड़क को मनाली के पर्यटन की लाइफ लाइन बताते हुए इसे अविलंब सही करने की बात कही है। एनएचएआई के अशोक चारी ने कहा कि जल्द ही कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे पुनर्निर्माण के बाद चकाचक नजर आएगा। (अनंत ज्ञान)

## बुजुर्गों के अधिकार व सरकार की चलाई जा रही योजनाओं के बारे में दी जानकारी

अनंत ज्ञान, भुंतर

बुजुर्गों के लिए काम कर रही हेल्पेज इंडिया संस्था द्वारा भुंतर में बुजुर्गों के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा बुजुर्गों के अधिकार व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। धर्मेंद्र शर्मा अधिवक्ता कुल्लू द्वारा माता-पिता यानी बुजुर्गों के भरण पोषण अधिनियम-2007 के बारे में वसीहत कैसे बनाई जाए, उसके बारे विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, विनोद मोडगिल जिला सचिव रेडक्रॉस सोसायटी ने भी बुजुर्गों के अधिकारों बारे जानकारी दी। आशीष जरनल मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम कुल्लू ने बुजुर्गों को इंश्योरेंस के बारे में बताया। हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख डॉ. राजेश ने कहा कि हेल्पेज इंडिया की ओर से राज्य में कई तरह की कल्याणकारी कार्यशालाएं चलाई जा रही हैं। शिविर में सिविल अस्पताल कुल्लू में बुजुर्गों के लिए स्पेशल जेनेटिक वार्ड की आवाज उठी, जिसमें डॉ. राजेश ने बताया कि इसके लिए कानून बना है और जिले में बुजुर्गों के लिए जेनेटिक वार्ड होना बहुत ही आवश्यक है। इस शिविर में कुल्लू के विभिन्न स्थानों से आए 45 बुजुर्गों ने भाग लिया।



## सप्ताहांत में पर्यटन कारोबार ने पकड़ी रफ्तार

### रोहतांग दर्रे में पहुंचे 461 वाहन, छाई रौनक, आक्यूपेंसी 60 के पार

अनंत ज्ञान, मनाली

पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटन कारोबार ने गति पकड़ ली है। सप्ताहांत में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है और कारोबार भी बढ़ा है। शुक्रवार को एक हजार से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे हैं। लग्जरी बसों की संख्या भी 60 के पार हो गई है।

शिमला व डलहौजी से भी तीन सौ से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे हैं। सप्ताहांत के चलते लग्जरी बसों की संख्या भी बढ़कर 60 हो गई है। विंटर सीजन के गति पकड़ने से सभी ने राहत की सांस ली है। हर रोज बाहरी राज्यों से सात हजार से अधिक पर्यटक मनाली पहुंचने लगे हैं। मॉल रोड के पर्यटन कारोबारी राकेश, अंकुर, प्रीतम, रमन व रणजीत ने बताया कि सप्ताहांत में पर्यटकों की आमद बढ़ी है।

होटल कारोबारी हैप्पी, रोशन, इंद्र, बंशी, रवि व किशन राणा ने बताया कि होटलों में ऑक्यूपेंसी बढ़कर 60 के करीब पहुंच गई है। वीकेंड में कारोबार ने गति पकड़ी है। विंटर सीजन के गति पकड़ने से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनयना शर्मा ने बताया कि बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक वहानों में बढ़ोतरी हुई है। पर्यटकों को पर्यटन स्थलों में आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं।



पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटक चहलकदमी करते हुए।

## खेत में काम कर रही महिला के साथ दुष्कर्म का आरोप

**कुल्लू।** कुल्लू में एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने खेत में काम कर रही थी कि तभी आरोपी वहां पहुंचा और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता को लगातार परेशान किया और उसे धमकाया भी। पुलिस ने आरोपी की पहचान शिव कुमार पुत्र डोला राम निवासी गांव रशंडी आनी, जिला कुल्लू के रूप में की है। पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया है और उसे कानूनी सहायता प्रदान की जा रही है। पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का प्रयास कर रही है।

### अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में पंजाब के चित्रकार की चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

## फूलों का गुलदस्ता बनाकर धर्मों की एकता का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल



अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने रिबन काटकर कर किया।

यह चित्रकला प्रदर्शनी पंजाब के नवाबों के शहर मलेरकोटला के प्रसिद्ध चित्रकार खब्बाब अहमद, जो पेशे से व्यवसायी हैं उनकी है और 'द बिगनिंग' शीर्षक पर आधारित है। चित्रकार खब्बाब अहमद की रौरिक आर्ट गैलरी में यह प्रथम प्रदर्शनी है। चित्रकार खब्बाब अहमद ने कहीं से कोई डिग्री नहीं ली है, चित्र बनाने की कला उन्हें भगवान की ओर से तोहफा है, इसमें उनकी पत्नी आईषा भरपूर सहयोग करती हैं। चित्रकार के चित्रों का माध्यम तैलरंग है। इनके हर चित्र में कोई ने कोई संदेश छिपा होता है। इनके बेटे मोहम्मद मोहसिन और मोहम्मद मोमिन भी चित्रकारी करते हैं। दोनों बेटे चित्रकार खब्बाब अहमद के हर प्रकार के चित्रों के संदेशों को बखूबी ब्यां करते हैं। चित्रकार के चित्र प्रकृति, जीवन यात्रा और आध्यात्मिक ध्यान पर हैं, जिनका उद्देश्य दूसरों से जुड़ना और प्रेरित करना है। बहुत से चित्र शांति, संघर्ष, जीवन यात्रा, एकता और आश्चर्य को ब्यां कर रहे हैं। चित्रकार ने एक चित्र में फूलों का गुलदस्ता बनाकर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई की एकता को दर्शाया है। पंजाब के गेहूं के खेत का चित्र बहुत ही मनमोहक है। एक चित्र में बिजली महादेव के पहाड़ी रास्ते को दिखाया और दूसरे चित्र में अटल टनल के समीप के पहाड़ी दृश्य को बनाकर प्राकृतिक सौन्दर्य को ब्यां किया है। चित्र में चंडीगढ़ की सुखना झील का सुंदर चित्रण है। एक चित्र में दिखाया है कि जीवन की गति कितनी तेज चली है। मुख्यातिथि ने चित्रकार के हर एक चित्र को बड़े ही गौर से देखा और चित्र क्या ब्यां कर रहे हैं बड़ी बारीकी से बताया।

मुख्यातिथि ने कलाकार के कार्यों की कला क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी निश्चित रूप से रौरिक आर्ट गैलरी में पधारने वाले पर्यटकों एवं नवोदित कलाकारों को लाभान्वित करेगी। इस अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा विशेष रूप से मौजूद रहे। सुरेश ने चित्रकार, उनके परिवार के सदस्यों और मौजूद जनसमूह का चित्रकला प्रदर्शनी में आने के लिए धन्यवाद किया।

## नवोदय विद्यालय बंदरोल में 19 तक करें आवेदन

**कुल्लू।** जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने कहा कि कुल्लू के सभी अभिभावक, जिनके बच्चे कक्षा 8वीं 10वी में पढ़ रहे हैं वे अभिभावक जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल में कक्षा नौंवी, 11वीं के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 से बढ़ाकर 19 तक कर दी गई है। नवोदय विद्यालय पार्शव चयन परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। कक्षा 9वीं में आवेदन के लिए अभियार्थी की जन्म तिथी 01.05.2010 से 31.07.2012 व कक्षा 11 में आवेदन के लिए अभियार्थी की जन्म तिथि 01.06.2008 से 31.07.2012 होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय कुल्लू के कार्यालय के फोन नं. 9418538510 पर संपर्क कर सकते हैं व स्वयं विद्यालय में आकर फार्म भरवा सकते हैं। सभी जानकारी व फार्म भरने के लिए लिंक नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https://cbseitms.nic.in/w®wy/nvsi पर उपलब्ध है।

## 50 सदस्य बनाने वाला ही बनेगा सक्रिय सदस्य : पायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला भाजपा की ओर से कुल्लू में संगठन पर्व के अंतर्गत सक्रिय सदस्यता अभियान एवं संगठनात्मक चुनावों को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं कुल्लू जिला चुनाव प्रभारी पायल वैद्य का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पायल वैद्य ने विस्तार पूर्वक सदस्यता अभियान पर्व के अंतर्गत सक्रिय सदस्यता अभियान और आने वाले दिनों में बूथ से लेकर प्रदेश तक होने वाले चुनावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जिस कार्यकर्ता ने 50 सदस्य बनाए होंगे। वही कार्यकर्ता आगे चल कर सक्रिय सदस्य बनेंगे। वहीं, आगे चलकर संगठन के पदाधिकारी बनेंगे। जिले के चारों मंडलों में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यशाला में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जिले में चल रहे सक्रिय सदस्यता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सक्रिय सदस्यता को लेकर पात्रता के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने इस कार्यशाला में संगठन पर्व के लिए कार्य में जुटे सभी कार्यकताओं का उत्साह बर्धन किया। कार्यशाला में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पायल वैद्य का पारंपरिक स्वागत किया व कार्यशाला के उद्देश्य की विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में कुल्लू विधानसभा से 2022 के भाजपा प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष भीम सेन, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद, दानवेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धनेश्वरी ठाकुर, आदित्य विक्रम सिंह, अर्चना ठाकुर, राहुल सोलंकी, जिला चुनाव सह प्रभारी जोगिंदर शुक्ला, जिला महामंत्री अमर ठाकुर, बलदेव महंत, जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण विमल, सुभाष शर्मा, रेखा गुलेरिया, गोवर्धन नारायण, जिला भाजपा प्रवक्ता रविंद्र पाल आदि कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।





अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## महिलाओं को सुरक्षित सभ्य समाज की जरूरत



बिमला ठाकुर, कुल्लू।

बेटियों को अपने निर्णय लेने खुद लेने दें और उनके लिए निर्णयों के सम्मान करें इससे बेटियों के आत्मविश्वास में इजाफा होगा और बेटियां वो कर के दिखाएंगी, जो बेटे भी नही कर पाए हैं। महिलाओं को बस सुरक्षित और सभ्य समाज की जरूरत है, जो महिलाओं की काबिलियत को सम्मान देते हो और जो महिलाओं को ऐसा माहौल देते हैं, जहां पर महिलाएं अपनी क्षमता को और निखारने के कार्य करती हैं और हर क्षेत्र में कामयाबी का पताका फहरा कर आती हैं। वर्तमान समय में बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए माता, पिता का सहयोग व विश्वास बहुत मायने रखता है। बेटियां आज अपना ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज का नाम रोशन करने की काबिलियत रखती हैं, लेकिन जब घर में सहयोग न मिले तो बेटियों के लिए कामयाबी का रास्ता तय करना मुश्किल हो जाता है। बेटा और बेटी का फर्क घर से ही शुरू हो जाता है इसलिए सभी माता-पिता को चाहिए कि वो अपनी बेटियों को हर वो सुविधा प्रदान करे, जिससे बेटी आगे बढ़ कर सभी का नाम रोशन कर सके।

# नारी शक्ति का है रूप, आत्मनिर्भर बनकर समाज को देगी सुख

**बेटियों को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाने की जरूरत, खुद लेने दें निर्णय**

नारी को शक्ति का रूप माना गया है। नारी शक्ति घर से निकलकर समाज को दिशा दे रही है। समय के साथ-साथ नारी शक्ति और सशक्त होती जा रही है, लेकिन आज भी कुछ महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों में उलझी हुई हैं और अपनी क्षमता और अपने सामर्थ्य से अनभिज्ञ हैं। आज महिलाओं को अपनी क्षमता और काबिलियत को पहचानने के साथ-साथ खुद को हर मुश्किल परिस्थिति में मजबूत बनाने की भी जरूरत है, ताकि महिलाएं हर क्षेत्र में कामयाबी का डंका बजा सके। इसके लिए जरूरी है अपने-अपनों का सहयोग। सबसे पहले घर परिवार में बेटियों को बचपन से ही मजबूत बनाने की जरूरत है और बेटियों को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही अभिभावकों को चाहिए कि वो घर में बेटे और बेटी के बीच फर्क न करें, बल्कि सभी अभिभावक अपनी बेटियों को ऐसा माहौल दें कि बेटियां अपनी कामयाबी का रास्ता खुद तय कर सकें। नारी शक्ति से जुड़े इस विषय को लेकर महिलाओं से चर्चा के पेश है उसके कुछ अंश। कमलेश वर्मा, कुल्लू।

## आत्मनिर्भर महिला समाज में बदलाव लाने में होती है सक्षम

एक महिला का शिक्षित होना बेहद जरूरी है तभी वह आत्मनिर्भर बन सकती है। आत्मनिर्भर महिला समाज में बदलाव लाने में सक्षम होती है और अपनी पहचान बनाने में सफल रहती है। शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता से महिलाएं अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं और समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। आत्मनिर्भरता से महिलाएं मजबूत और प्रेरणादायक बनती हैं। महिलाओं को सर्वप्रथम आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना पड़ेगा, जब महिलाएं अपने घरेलू वातावरण से बाहर निकल कर कोई कार्य करेंगी तभी वह पूर्ण रूप से स्वतंत्र बन पाएंगी। यह तभी संभव है जब समाज बेटी व बेटे को एक समान समझेगा और बेटा और बेटी में भेदभाव नहीं होगा। मेरी भी दो बेटियां हैं और उन दोनों को सपने देखने से लेकर उनको पूरा करने की पूरी आजादी दी है। मेरे पति और हमारा पूरा परिवार दोनों बेटियों को अच्छे संस्कार देने के साथ-साथ उनको बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। बेटियां शिक्षित होंगी तभी आत्मनिर्भर हो पाएंगी और अगर आत्मनिर्भर होंगी तो समाज का विकास होगा।



सुनीता तिलक, बदाह।

## बेटियां भी परिवार का नाम कर रही रोशन



पूजा, कुल्लू।

महिलाओं को मजबूत और ताकतवर बनाने के लिए परिवार को उन्हें हर एक चीज में सहयोग और समर्थन देने की जरूरत है। आज बेटे ही नहीं, बल्कि बेटियां भी परिवार का नाम रोशन कर रही हैं और बेटियों के बिना किसी खुशहाल परिवार और खुशहाल समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। बेटियों को अपनी कमजोरी को नजरअंदाज कर अपनी काबिलियत को निखारने की जरूरत है, ताकि वो बिना किसी के सहयोग के ही अपना और अपने परिवार का नाम रोशन कर सके। साथ ही बेटियों को उच्च शिक्षा दी जाए और बेटों की ही तरह उन्हें भी आत्मनिर्भर बनाया जाए। महिलाओं को समाज में अपनी जगह बनाने के लिए वह करना चाहिए, जिसकी वो सही मायने में हकदार हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में घर परिवार का समर्थन होना आवश्यक है। स्वजन अपने बच्चों को एक समान समझें और लड़का, लड़की दोनों को एक जैसी परवरिश दें।

## महिलाओं की आत्मनिर्भरता देश और समाज के विकास से जुड़ी



हेमा, मौहल

महिलाओं की आत्मनिर्भरता वास्तव में देश और समाज दोनों के विकास से जुड़ी है, जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं और नौकरी के अवसरों तक उनकी पहुंच होती है, तो इससे कई सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं, इसलिए अपनी बेटियों को शिक्षित करें, ताकि वह बड़ी होकर आत्मनिर्भर बन सके। यदि महिलाएं शिक्षित होंगी और उसके अपनों का सहयोग होगा, तो उसे किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। महिला तो स्वयं अपने आप में शक्ति का स्वरूप हैं और महिलाओं में हर वो काबिलियत विद्यमान है, जिसकी समाज को जरूरत है, महिलाएं अक्सर खुद को कम आंकने की भूल कर बैठती हैं, जिस कारण उनकी जन्मजात काबिलियत दब कर रह जाती है। इसलिए आत्मनिर्भर बनें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिलाएं अपने बच्चों के लिए आदर्श और रोल मॉडल बन जाती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मतदाता सूची में नाम दर्ज के लिए 28 तक आवेदन

**बीबीएन।** भारत के निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार 51-नालागढ़ व 52-दून विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 28 तक चलाया जा रहा है। यह जानकारी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम नालागढ़ राजकुमार ने दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की अवधि में प्रथम जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले ऐसे पात्र युवा अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं, जिनका नाम अभी मतदाता सूची में नहीं है। पात्र नागरिक, संबंधित मतदान केंद्र पर नियुक्त अभिहित अधिकारियों व संबंधित बूथ स्तर अधिकारियों के पास प्रारुप 6 में अपना आवेदन 28 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 9 व 10 और 23 व 24 को मतदान केंद्रों पर बूथ स्तर के एजेंटों के साथ विशेष अभियान दिवस निर्धारित किए गए हैं। इन विशेष अभियान दिवसों पर अभिहित अधिकारी व बूथ स्तर अधिकारी कार्यालय समय में संबंधित मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे तथा पात्र नागरिकों से दावे तथा आक्षेप प्राप्त करेंगे। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ने कहा कि अपात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए प्रारुप 7 पर और मतदाता सूची की प्रविष्टियों में शुद्धि, स्थानांतरण, दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने व नया मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए प्रारुप-6 में भी अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### नाहन में 21वां हेल्थ वेलनेस सेंटर शुरू

**नाहन।** जिला मुख्यालय की आदर्श यशवंत विहार कॉलोनी को हेल्थ वेलनेस सेंटर की सौगात मिली है। ये प्रदेश का 21वां वेलनेस सेंटर है, जिसका स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले सीएमओ सिरमौर डॉ. अजय पाठक और बीएमओ धगेड़ा डॉ. मोनीषा अग्रवाल समेत कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विधायक अजय सोलंकी ने क्षेत्र के लोगों को हेल्थ वेलनेस सेंटर की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस वेलनेस सेंटर के खुलने से न केवल यशवंत विहार कॉलोनी, बल्कि आसपास की दर्जनों पंचायतों के लोगों को भी प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सोलंकी ने कहा कि इस सेंटर से रूरल हेल्थ मिशन की योजनाओं सहित आशा वर्कर्स के कार्यों का संचालन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल ये वेलनेस सेंटर डॉ. वाइएस परमार स्नातकोत्तर कॉलेजों के कमरों में शुरू किया गया है। आने वाले समय में इसके लिए जमीन तलाशकर भवन भी तैयार किया जाएगा। विधायक ने कहा कि इस सेंटर में चिकित्सक के साथ।साथ फार्मासिस्ट समेत अन्य पैरामेडिकल स्टाफ भी नियुक्त कर दिया है।

### नशे के खिलाफ संकल्प ब्रेक ड्रग चेन अभियान शुरू



**नाहन।** छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ संकल्प ब्रेक ड्रग चेन अभियान शुरू किया है, जिसके तहत जगह-जगह पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जिला मुख्यालय स्थित संस्कृत महाविद्यालय में इसी कड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए अभिनंदन ने कहा कि पूरे प्रदेश में कॉलेज के युवाओं को नशे के खिलाफ इस अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है और अभी तक वह खुद प्रदेश के कई कॉलेजों में विजिट कर चुके हैं। नशा माफिया अक्सर कॉलेज के छात्रों को टारगेट करते हैं और कॉलेज के छात्र आसानी से नशा माफिया के झांसे में आ जाते हैं, ऐसे में कॉलेज के छात्रों को जागरूक करने का निर्णय लिया है। विभिन्न कॉलेजों में जाकर छात्रों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई जा रही है और उनसे नशे के खात्मे के लिए सहयोग मांगा जा रहा है।

### लोहारघाट स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**अर्की।** लोहारघाट स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान रघुराज पाराशर मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित रहे व एसएमसी प्रधान छोटू राम विशेषातिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर व एनएसएस गीत गाकर किया गया। एनएसएस प्रभारी श्याम लाल ने बताया कि शिविर में 18 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। उन्होंने एनएसएस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए शिविर की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यातिथि के समक्ष रखी। पाठशाला के प्रधानाचार्य श्यामलाल ने स्वयंसेवियों को विशेष संदेश के माध्यम से अनुशासन एवं सहयोग की भावना से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन किया।



### दाड़लाघाट में छात्रों को दिखाई भगत सिंह फिल्म



**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट कॉलेज में टाइम ट्रैवलर्स सोसायटी द्वारा द लेजेंड ऑफ भगत सिंह नामक फिल्म दिखाई गई। यह फिल्म स्वाधीनता आंदोलन के प्रखर क्रांतिकारी नेता भगत सिंह के जीवन पर आधारित है। इतिहास विभाग की अध्यक्ष सहायक आचार्य भूवि शर्मा ने बताया कि इस फिल्म का प्रदर्शन विद्यार्थियों को भगत सिंह के जीवन से परिचित करवाने के लिए किया गया। इतिहास विभाग के सभी विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### स्वस्थ आहार के लिए स्टूडेंट्स को किया प्रेरित



**दाड़लाघाट।** अंबुजा प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट में जीडीए फैसिलिटेटर स्वाति गौतम की ओर से एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं में हो रहे एनीमिया की पहचान करना और उन्हें स्वस्थ आहार के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में सरकारी टीम के सदस्यों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वाति गौतम ने बताया कि एनीमिया विशेष रूप से बच्चों के इस आयु वर्ग में देखा जाता है, क्योंकि वे अपने खानपान का ध्यान नहीं रख पाते हैं। कार्यक्रम में 110 प्रशिक्षुओं और 15 प्रशिक्षकों ने भाग लिया, जिनका एचबी टेस्ट किया गया। कम एचबी स्तर वाले प्रशिक्षुओं के लिए परामर्श और आहार संबंधी आदतों के सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### बकाया एरियर जल्द प्रदान करने की अपील

**अर्की।** अर्की में हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन प्रधान हेमेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में सभी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सर्वसम्मति से कई मांगों को उठाया गया। प्रमुख मांगों में बिजली बोर्ड के 75 वर्ष से अधिक आयु वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों को राज्य सरकार के पेंशनर्स की तर्ज पर बकाया एरियर जल्द प्रदान करने की अपील की गई। सदस्यों ने बिजली बोर्ड द्वारा 28 को डीए और पेंशन जैसी सुविधाओं के आवंटन के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया। इस अवसर पर रिटायर हुए 7 नए सदस्यों ने एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की और सभी सदस्यों ने अपने जीवन प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) भी बिजली बोर्ड में जमा करने के लिए वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सौंपे।

### लोगों को बैंक की योजनाओं की दी जानकारी

**रिकांगपिओ।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा लियो ने नाबॉर्ड की ओर से प्रायोजित एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया। शिविर में ग्रामीणों को बैंक की योजनाओं के बारे में बताया गया। शिविर में लियो बैंक शाखा प्रभारी निशांत ने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### स्काउट एंड गाइड ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

**रिकांगपिओ।** स्काउट एंड गाइड की 75वीं स्थापना दिवस को केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ में बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रॉचार्य संजीव राणा ने की। स्काउट एंड गाइड की स्थापना 7 नवंबर, 1950 को हुई थी। इस दिन को हर साल भारत स्काउट एंड गाइड का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर केंद्रीय विद्यालय रिकांगपिओ में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें गाइड्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एचएब्ल्यूबी हीरा सिंह नेगी ने बताया कि साल 1986 में संयुक्त राष्ट्र ने भारत स्काउट एंड गाइड को अंतरराष्ट्रीय शांति वर्ष में मानद 'शांति दूत' के रूप में चुना था। वहीं, इस वर्ष स्काउट एंड गाइड का 75वां स्थापना दिवस डायमंड जुबली के रूप में मनाया गया।

# सोलर फेंसिंग स्कीम बंद, अब बारबेड वायर फेंसिंग पर मिलेगी सब्सिडी

**आर मोहन चौहान, सोलन**



बारबेड वायर फेंसिंग।

हिमाचल प्रदेश सरकार के कृषि विभाग की मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना के तहत किसानों को सोलर फेंसिंग पर मिल रही सब्सिडी को समाप्त कर दिया गया है, अब योजना के तहत बारबेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग पर ही सब्सिडी मिलेगी।

खास बात है कि सोलर फेंसिंग की सब्सिडी के लिए हजारों की संख्या में किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया है, अब यदि उन्हें सरकार से मिलने वाली सब्सिडी का लाभ उठाना है, तो बारबेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग का ही चुनाव करना होगा। इसके लिए किसान निकटतम विभागीय कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इन दो योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए सरकार ने कृषि विभाग सोलन को डेढ़ करोड़ का बजट जारी कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### किसानों को हर साल करोड़ों का नुकसान

**हिमाचल** में हर साल बंदर और जंगली जानवर फलों और फसलों को 500 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाते हैं। सरकार ने बंदरों की बढ़ती समस्या को नियंत्रित करने के लिए अनेक उपाय किए, लेकिन अभी भी बहुत किया जाना बाकी है। सरकार ने बंदरों को पकड़ कर अलग स्थानों पर बसाने के लिए लाखों रुपए खर्च किए हैं। बंदरों की नसबंदी पर भी करोड़ों रुपए खर्च किए गए। कई तहसीलों में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले बंदरों व कुछ अन्य जानवरों को वर्मिन घोषित करवाया, लेकिन बात नहीं बनी पर सोलर फेंसिंग, बारबेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग किसान, बागवानों के लिए कारगर साबित हो रही हैं।

“खेतों में लगी फसलों और फलों को बंदर और जंगली जानवर से बचाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना के तहत बारबेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग लगाने के लिए किसान, बागवानों को सरकार की तरफ से सब्सिडी दी जा रही है। इसके लिए सरकार ने डेढ़ करोड़ रुपए जारी किए हैं। वहीं, सरकार ने सोलर फेंसिंग पर सब्सिडी बंद करने का निर्णय लिया है, अब सब्सिडी के लिए बारबेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग पर ही सब्सिडी मिलेगी।



**देवराज कश्यप, उपनिदेशक, कृषि विभाग सोलन।**

### बंदरों और वन्यजीवों से फसल का संरक्षण

**राज्य** में बंदरों और वन्यजीवों के आतंक से हर साल फसलों को भारी नुकसान होता है। हाथ से रखवाली करके फसल बचाने की मौजूदा सोलर फेंसिंग, बारबेड वायर फेंसिंग और चैन लिंक फेंसिंग किसानों की फसल सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करती थी। अभी तक किसान-बागवानों सौर बाड़बंदी के नाम से मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना का लाभ मिल रहा था पर अब सरकार ने इसे बंद कर दिया है। अब दो ही योजना पर सब्सिडी का लाभ मिलेगा। जानकारी के मुताबिक इस योजना के तहत अगर तीन या उससे अधिक किसान सौर बाड़ लगाने का विकल्प चुनते हैं, तो उन्हें लागत की 85 फीसदी सब्सिडी दी जाती है और अगर किसान व्यक्तिगत भूमि पर बाड़ लगाने का विकल्प चुनते हैं, तो उन्हें 80 फीसदी सब्सिडी मिलती है। खेतों के चारों ओर मौजूदा बाड़ आवारा जानवरों, जंगली जानवरों और बंदरों को खेतों से दूर रखने में मददगार होता है।

# हाटी समुदाय के लिए जगी एक नई उम्मीद की किरण



हाटी कल्याण मंच शिलाई की विशेष बैठक में उपस्थित सदस्य।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

गिरिखंड की दशकों पुराने हाटी जनजातीय दर्जे पर विधानसभा चुनाव के दौरान खूब राजनीति हुई। केंद्र से पारित बिल राज्य की राजनीतिक दांव-पेंच में फस गया। राजनीतिक का शिकार हाटी दो धडों में बट गया और जनजातीय मुद्दा कोर्ट में लटक गया।

केंद्रीय हाटी समिति और हाटी कल्याण मंच में बटा हाटी के एक-दूसरे पर राजनितिक पार्टियों के आरोप-प्रत्यारोप ने गिरिखंड के हजारों युवाओं के सपनों को रोंध दिया। उच्च न्यायालय के स्टे से पूर्व में बने 90 प्रमाण पत्र की मान्यता के फैसले से गिरिखंड के लोगों में एक उम्मीद की किरण जगी है, राजनीतिक फेर में फसे हाटियों ने फिर से एक बार एकजुट होने का मन बना लिया है। हाटी कल्याण मंच ने शिलाई पीडब्लूडी विश्राम गृह में अध्यक्ष जेलदार प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई प्रेसवार्ता में हाटियों को एकजुट होकर एसटी की लड़ाई लड़ने का संदेश दिया। हाटी कल्याण मंच अध्यक्ष प्रताप सिंह जेलदार, रतन चौहान, हरिराम शास्त्री, रंजित नेगी, रमेश देसाई व अन्य सदस्यों ने बताया कि शिमला में प्रतिनिधिमंडल मंत्री हर्षवर्धन चौहान से मिला। जनजातीय मुद्दे को लेकर हर्षवर्धन चौहान पर खूब दबाव बनाया गया। हर्षवर्धन ने सरकार में सबसे बड़े बकीलों की टीम के साथ बैठक रखी, जिसमें उन्होंने बताया कि अतिरिक्त बकील देने से हाटी मुद्दा और सश्क्त हो जाएगा, लेकिन 21 को होने वाली सुनवाई के लिए हाटी मामले के पक्ष में मजबूत दलीलें हैं, जिससे अंतिम फैसला मिलने की पूरी उम्मीद है। उसके बाद प्रतिनिधिमंडल की बैठक पांवटा साहिब में बकील यशवर्धन चौहान के साथ हुई, जिन्होंने न्यायायिक लड़ाई लड़ने में हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# सुनीता बंसल बनी अध्यक्ष



आशा कार्यकर्ताओं का अधिवेशन कुनिहार में हुआ संपन्न।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

आशा कार्यकर्ताओं का अधिवेशन जिले के कुनिहार में संपन्न हुआ, जिसमें सोलन के पांचों ब्लॉक से आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इसमें सर्वसम्मति से अर्की ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन आगामी तीन वर्षों के लिए किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष अनीता कुमारी व आशा सह प्रभारी देशराज, जिला अध्यक्ष हृदय राम शर्मा ने की। अर्की ब्लॉक आशा कार्यकारिणी संबंधित बीएमएस के गठन व पदाधिकारी की अध्यक्ष सुनीता बंसल, वरिष्ठ अध्यक्ष रमा शर्मा, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, रजनी बंसल, निशा शर्मा, वंदना, संगठन मंत्री मीरा, सचिव गीता, कोषाध्यक्ष नीलम, प्रेस अनिता गौतम, कार्यकारिणी सदस्य गीता देवी, जया, अनिता, प्रोमिला, कुसुम, अनुपमा, उर्मिला, रजनी, रीना, सुनीता, अंबिका, सुनीता, निर्मला, पम्मी को चुना गया।

### आज व 11 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 33/11 केवी उपकेंद्र औच्छघाट के रखरखाव के दृष्टिगत 9 व 11 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 9 को प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक नंदल, गवाहली, नगाली, दौलांजी, कालाघाट, टटुल, शूलिनी विश्वविद्यालय, मंझोली एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजलर आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी दिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक नौणी बाजार, शमरोड़, रंगाह, धारों की धार, कोईघाट, बदलेच एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 को प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक औच्छघाट, जटोली, कोठों, बावरा, कुंडला, मंझगांव एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक दीपक एग्रो, पंडाह, थुरान, जोहड़ी, नौणी विश्वविद्यालय एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# संगठन को मजबूत करने के लिए किया कार्य : अंकुश सूद

**अनंत ज्ञान, सोलन**



शहरी कांग्रेस सोलन के निवर्तमान अध्यक्ष अंकुश सूद ने कार्यकाल पूरा होने पर अपने सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। उन्होंने मंत्री कर्नल डॉक्टर धनीराम शांडिल का भी आभार जताया, जिन्होंने लगातार तीन बार उन्हें शहरी कांग्रेस अध्यक्ष बनने का मौका दिया।

उन्होंने कहा कि शांडिल के साथ रहना और उनसे सीखना बड़ी बात थी। अंकुश सूद ने बताया कि बतौर शहरी कांग्रेस अध्यक्ष रहते उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला और इस दौरान उन्होंने काफी उतार-चढ़ाव भी देखे। इस दौरान उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य किया और उसमें सफल भी रहे। विशेष कर के कोरोना काल में जो पूरी टीम के साथ काम किया। वह जिंदगी भर याद रहेगा। अंकुश ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की टीम का हिस्सा हैं, जो बेहद दूरदर्शी और हिमाचल को विकास के पथ पर आगे ले जाने वाले हैं। बतौर शहरी कांग्रेस अध्यक्ष उन्होंने जहां संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य किया, वहीं शहर के विकास के लिए भी काम किया। डमरोग रोड का जीर्णोद्धार किया गया, जिसका शहर के साथ-साथ विभिन्न गांवों को भी फायदा मिला। इसी तरह विकास के अनेक कार्य उन्होंने करवाए।

### हिम परिवेश संस्था एसपी बद्दी इल्मा अफरोज के समर्थन में उतरी, कहा-नेताओं के कहने पर न हो तबादला

# ईमानदारी से काम करने का ये कैसा तोहफा दे रही सरकार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज को जिले से बदलने की कोशिशों पर हिम परिवेश संस्था ने रोष प्रकट किया। शुक्रवार को नालागढ़ में हिम परिवेश संस्था ने आपात बैठक बुलाई, जिसमें एसपी बद्दी इल्मा अफरोज को साजिश के तहत छुट्टी पर भेजने का आरोप लगाया।

प्रदेश सरकार ईमानदार एसपी को छुट्टी पर भेजकर बदलना चाहती है, जो कि गलत फैसला है क्योंकि एसपी पूरी सच्ची निष्ठा के साथ एरिया में सेवाएं दे रही थी। हिम परिवेश संस्था के लीगल एडवाइजर नरेश घई ने कहा कि एसपी



बद्दी के 9 माह के कार्यकाल में सालों से चल रहे अवैध खनन को काफी हद तक रोक दिया है और माफिया एनजीटी के डर से अवैध माइनिंग छोड़ने पर मजबूर हो चुके हैं। नालागढ़ में पिछले कई सालों से अवैध खनन हो रहा था, लेकिन एसपी के प्रयासों से अवैध खनन पर लगाम लगी और नशा माफिया भी जिस तरह से एरिया में सक्रिय चल रहा था, उस पर भी लगाम कसी है।

उन्होंने सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे ईमानदार अधिकारियों को बदलने की बजाय सरकार को उनका समर्थन करना चाहिए। हिम परिवेश संस्था के सह सचिव हरदीप सिंह बावा ने कहा कि एसपी के द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा था और अवैध माइनिंग को रोकने के लिए कड़े कदम भी उठाए जा रहे थे। सरकार को ऐसे अधिकारियों का छोटे से कार्यकाल व नेताओं के दबाव में तबादला करना निंदनीय है, जिसकी हिम परिवेश संस्था निंदा करती है।

### 9 माह के कार्यकाल में माइनिंग, नशा और जुआ माफिया पर कसी नकेल : पूर्व विधायक

**बीबीएन।** दून से पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी भी एसपी बद्दी इल्मा अफरोज के समर्थन में आ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने ही नेता के कहने पर एसपी का तबादला साजिश के तहत किया है, जो कि बहुत ही शर्म की बात है। एसपी ने अपने 9 माह के कार्यकाल में बीबीएन से अवैध खनन माफिया, नशा व जुआ माफिया को पूरी तरह से खत्म कर दिया था और एसपी पूरी ईमानदारी व जोश के साथ काम कर रही थी, लेकिन कांग्रेस के नेता को रास नहीं आया। कांग्रेस नेता की पत्नी के कुछ समय पहले अवैध खनन पर चालान किया था, जिसका बदला एसपी का तबादला करवाकर लिया गया है। उन्होंने सीएम से आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे ईमानदार अधिकारी को इस तरह से भेजना गलत है इससे अधिकारियों का मनोबल टूटता है।



### आज सलोगड़ा में आधार शिविर

**सोलन।** डाक मंडल सोलन की ओर से सलोगड़ा पंचायत में 9 को आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में स्थानीय निवासियों को आधार अपडेट करने और नए आधार नामांकन की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह जानकारी डाक विभाग के प्रक्ता ने दी। इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों को आधार संबंधित सेवाएं उनके निकटतम स्थान पर उपलब्ध करवाना है। सोलन डाक मंडल की ओर से आधार के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह प्रयास किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने आधार कार्ड को अपडेट कर सकें एवं जो नागरिक अभी तक आधार से वंचित हैं, वे अपना आधार बनवा सकें।

# 54 हजार क्विंटल धान की हुई खरीद

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

सिरमौर में 54000 क्विंटल धान की खरीद अभी तक हो चुकी है। विभाग द्वारा यहां पर दो धान केंद्र भी खोले गए हैं। सिरमौर में इस बार धान की बंपर पैदावार हुई थी, तो वहीं खरीद के लिए भी विभाग द्वारा अच्छी सुविधा किसानों के लिए दी जा रही हैं, जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है। पांवटा साहिब के कृषि मंडी में किसानों ने बताया कि यहां पर उनके लिए बेहतरीन सुविधा दी जा रही है।

24 घंटे के भीतर धान की राशि उनके अकाउंट में पहुंच जाती है, जबकि पहले की बात करें, तो यहां के किसान धान हरियाणा की मंडियों में सस्ते दामों पर बेचने को मजबूर थे,



लेकिन यहां पर हिमाचल सरकार की ओर से किसानों को बेहतरीन सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि प्रदेशभर में 2978 किसानों से 168826 क्विंटल धान की फसल खरीदी जा चुकी है, जिसमें से 2272 किसानों को करीब 32.37 करोड़ रुपए की पेमेंट भी अब तक प्रदान कर दी गई है। हिमाचल मेंब 7231 किसान पंजीकृत हो चुके हैं, जिसमें से 7034 किसानों को टोकन जनरेट किए जा चुके हैं। सिरमौर की बात करें, तो यहां पर 650 किसानों ने धान बेचा है।

### परवाणू में स्कूटर की नीलामी 11 को

**सोलन।** पुलिस विभाग सोलन द्वारा 11 नवंबर को पुलिस थाना परवाणू में स्कूटर की नीलामी की जाएगी। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि नीलामी पुलिस उपअधीक्षक परवाणू की अध्यक्षता में गठित नीलामी समिति की देखरेख में प्रातः 11 बजे पुलिस थाना परवाणू में आरंभ होगी। नीलामी होने वाले स्कूटर पुलिस थाना धर्मपुर में देखे जा सकते हैं। इसके लिए पुलिस उपअधीक्षक परवाणू की अनुमति प्राप्त करनी होगी। बोली कर्ता को बोली आरंभ होने से पूर्व पुलिस थाना परवाणू में 5 हजार रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। अधिक जानकारी के लिए पुलिस थाना परवाणू में संपर्क किया जा सकता है।

# छठ पर्व पर यमुना नदी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

छठ महापर्व चौथे-पांचवें दिन काफी महत्वपूर्ण होता है। इस दिन सूर्यास्त पर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है। छठ पर्व कठिन व्रत में से एक माना जाता है। पांवटा साहिब में छठ पूजा बड़े धूमधाम से हर वर्ष मनाई जाती है।

इस वर्ष भी भारी संख्या में श्रद्धालु मां यमुना घाट पर पहुंचे और विधि विधान से पूजा-पाठ किया। बृहस्पतिवार को शाम तकरीबन 4 से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था मौके पर मिले श्रद्धालुओं ने बताया कि पांवटा साहिब के विभिन्न इलाकों से दूर-दूर से महिला व्रती पैदल ही यमुना घाट पहुंची। पैदल जाने वाली महिलाएं छठी माई की गीत गाते हुए यमुना किनारे पहुंच रही थी। छठ पर्व के पहले दिन



नहाय-खाय किया जाता है। इसके दूसरे दिन खरना पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन व्रती महिलाएं मिट्टी का नया चूल्हा बनाती हैं। गुड़ और चावल की खीर का प्रसाद बनाती हैं। इसके बाद खरना पूजा होती है और छठी मैया को प्रसाद का भोग अर्पित किया जाता है। इस प्रसाद को व्रती महिलाएं ग्रहण करती हैं और परिवार के सदस्यों में प्रसाद का वितरण किया जाता है। इसके बाद से निर्जला व्रत शुरू होता है। इसके अगले दिन व्रत किया जाता है और डूबते हुए सूर्य को विधिपूर्वक अर्घ्य दिया जाता है और अंतिम दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। इस दौरान छठी मैया और सूर्य देव की पूजा-अर्चना की जाती है। छठ पूजा पर सबसे महत्वपूर्ण दिन तीसरा होता है।

इस दिन संध्या अर्घ्य का होता है। इस दिन व्रती घाट पर आकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। चौथा दिन यानी सप्तमी तिथि छठ महापर्व का अंतिम दिन होता है। इस दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण का होता है। शुक्रवार को महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया।

**चर्चा** नालागढ़ में हुई पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक, पुलिस पेंशनर्स की लंबित मांगों को लेकर हुई चर्चा

# पेंशनर्स के बच्चों के लिए पुलिस भर्ती में कुछ सीटें हों आरक्षित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सोलन के पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक नालागढ़ में वरिष्ठ मुख्य सलाहकार धनीराम तनवर व जिला प्रधान श्यामलाल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में पुलिस पेंशनर्स की लंबित मांगों को लेकर चर्चा हुई। धनीराम तनवर ने कहा कि पुलिस पेंशनर्स 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को भी बढ़े हुए वेतन का पूरा एरियर व अन्य उनके वित्तिय लाभ एकमुश्त देने का आग्रह किया। उन्होंने सरकार से गुहार



नालागढ़ में जिला सोलन की पुलिस पेंशनर्स की बैठक में हिस्सा लेते हुए पेंशनर्स।

लगाते हुए कहा कि जिन रिटायर पुलिस पेंशनर्स की कम्युनिकेशन रिकवरी की अवधि 10 वर्ष 8 माह हो चुकी है, उसे सरकार तुरंत बंद करने के आदेश जारी करें। धनीराम तनवर ने कहा कि सीएम की घोषणा के मुताबिक जो भी पेंडिंग डीए व 42 माह का एरियर बकाया पड़ा है, उसे भी जल्द एक मुश्त में सभी पेंशनर्स को प्रदान किया जाए। उन्होंने सरकार का आभार करते हुए कहा कि सीएम की घोषणा के अनुसार पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का भुगतान किया जा रहा है और भविष्य में भी मेडिकल बिलों का भुगतान 2 माह के अंदर होना चाहिए, ताकि वह लोग जो गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं अपना इलाज समय पर करवा सकें। एसोसिएशन ने सभी जिले के पेंशनर्स से आग्रह किया कि वह अपने-अपने थानक में जाकर यह सुनिश्चित करें कि क्या पुलिस विभाग द्वारा जो अंतिम सम्मान के आदेश हर थाने के नोटिस बोर्ड पर लगाने के हुए हैं क्या उन आदेशों का पालन हो रहा है या नहीं, अगर नहीं हुआ हो रहा तो संगठन को सूचित करें, ताकि इसकी शिकायत पुलिस हेडक्वार्टर को भेजी जा सके।

वरिष्ठ मुख्य सलाहकार धनीराम तनवर व जिला प्रधान श्यामलाल ने कहा कि कुछ समय पहले पुलिस लाइन सोलन में हिमाचल पुलिस डीजीपी की अध्यक्षता में पुलिस पेंशनर्स के साथ मीटिंग हुई थी, उसमें भी कुछ जरूरी मांगें उठाई गई थी, जिसमें से एक बहुत पुरानी मांग है कि फौजी पैटर्न के मुताबिक पुलिस कर्मियों व पुलिस पेंशनर के बच्चों के लिए भी पुलिस भर्ती में कुछ सीटें आरक्षित की जाएं, मगर आज तक पुलिस विभाग ने इस मुद्दे को सरकार के समक्ष नहीं उठाया है। वहीं, इसके अलावा जिला लाइनों में चल रही पुलिस कैंटीन को फौजी पैटर्न की तरह प्रदेश के हर थाना क्षेत्र में मोबाइल कैंटीन की तरह दिन तय कर भेजी जाए, ताकि पेंशनर इसमें सस्ता सामान लेकर अपने घर के नजदीक लाभ उठा सके।

# विधायक बनना आसान, सरपंच का चुनाव जीतना मुश्किल : केजरीवाल

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के लुधियाना के गांव धनानसू स्थित साइकिल वैली में नवनियुक्त 10 हजार सरपंचों को शपथ दिलाई जा रही है। इस कार्यक्रम में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल भी पहुंचे हैं। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित अन्य पार्टी के नेता कार्यक्रम में पहुंचे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि सरपंच बनने पर आप सभी को बधाई। आपको जनता ने चुना है इसलिए अपने गांव व लोगों के लिए काम करना है। क्योंकि आपको यह सेवा का मौका मिला है।

ऊपर वाला आपके जरिए आपके गांव का भला करना चाहता है। केजरीवाल ने कहा कि विधायक बनना आसान है और सरपंच का चुनाव जीतना मुश्किल है। लोगों ने आपके ऊपर भरोसा जताया है। इसलिए लोगों के लिए अपने गांव के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि पंजाब को नशा मुक्त बनाना है। गांव से नशा खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाएं।

**10 हजार सरपंचों का शपथ समारोह**



### सर्वसम्मति से चुने गए 3037 सरपंच

पंचायत चुनावों के दौरान राज्य में 3037 सरपंच सर्वसम्मति से चुने गए। इनमें से सबसे अधिक फिरोजपुर जिले में 336 सरपंच, गुरदासपुर में 335 और तरनतारन में 334 सरपंचों का सर्वसम्मति से चयन हुआ। समारोह में 19 जिलों के 10,031 सरपंचों को मुख्यमंत्री द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। शेष चार जिलों श्री मुक्तसर साहिब, होशियारपुर, बरनाला और गुरदासपुर के सरपंचों और 23 जिलों के 81,808 नव-निर्वाचित पंचों को उपचुनाव के बाद शपथ दिलाई जाएगी।

### गांव को नशा मुक्त बनाना है: भगवंत मान

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हमें गांवों नशा मुक्त बनाना है। क्योंकि गांव के लोगों पता रहता है कि कौन नशा बेचता है और कौन



खरीदता है। कई गांवों में तो युवाओं ने क्लब बना लिए हैं, जो नशे के खिलाफ काम कर रहे हैं। इसके अलावा गांवों को हरा-भरा भी बनाना है। मान ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट आई है, जिसमें पता चला है कि पंजाब के पानी का स्तर अब ऊपर आने लगा है। यह एक अच्छा संकेत है। गांवों में एकता कायम रखनी है। 45 हजार युवाओं को नौकरियां दी हैं।



पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट करके रक्षा मंत्रालय से जुड़े अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## जालंधर में मुठभेड़ के बाद कौशल बंबीहा गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब और हरियाणा के अपराधियों को हथियारों की आपूर्ति करने के आरोपी कौशल-बंबीहा गिरोह के दो कथित गुर्गों को पंजाब के जालंधर में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान हुई गोलीबारी में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी कई आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं और दोनों राज्यों में गिरोहों को रसद सहायता और हथियार मुहैया करा रहे थे। उन्होंने बताया कि उनके पास से दो पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद किए गए।

## पंजाब सरकार ने एनजीटी से कहा

## सितंबर-नवंबर के बीच पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई

**नई दिल्ली।** पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीपीसीबी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को अवगत कराया कि सितंबर और नवंबर के बीच राज्य में पराली जलाने की घटनाओं में 'काफी कमी' आई है। एनजीटी ने पंजाब में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं के बारे में बोर्ड से एक रिपोर्ट मांगी थी।

गत दिवस अधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड की गई पांच नवंबर की तिथि वाली रिपोर्ट में कहा गया, "पंजाब सरकार के विभिन्न विभागों के निरंतर प्रयासों से, 2024 में 15 सितंबर से चार नवंबर की अवधि के लिए पराली जलाने की घटनाओं में 2023 और 2022 की समान अवधि की तुलना में काफी कमी आई है।"

रिपोर्ट में कहा गया कि 2022 में पराली जलाने की 26,583 घटनाएं, 2023 में 14,173 घटनाएं और इस साल 4,145 घटनाएं दर्ज की गईं।

यह भी कहा गया कि इन घटनाओं पर निगरानी और इसे रोकने के लिए 9,492 अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब पुलिस ने 18 सितंबर से 30 अक्टूबर तक पराली जलाने वालों के खिलाफ 1,626 प्राथमिकी दर्ज कीं और पराली जलाने के खिलाफ जागरुकता के लिए उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों द्वारा 762 संयुक्त दौरे किए गए।

## डीएपी उर्वरक आपूर्ति की कोई 'कमी' नहीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा में डायअमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की कमी होने के विपक्षी दलों के दावों का खंडन करते हुए राज्य के मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकार ने किसानों को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राणा ने विपक्षी नेताओं पर डीएपी उर्वरक की आपूर्ति को लेकर गलत सूचना फैलाने और "किसानों को गुमराह करने" का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार रबी फसलों के मौसम में उन्नत पैदावार को लेकर डीएपी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गुरुवार को डीएपी उर्वरक की "कमी" के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था।

# रिश्वत लेने के आरोप में दमकल विभाग के दो अधिकारी गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सुरक्षा उपकरणों का कारोबार करने वाली एक कंपनी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में चंडीगढ़ दमकल विभाग के दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अधिकारियों में से एक दमकल केंद्र अधिकारी शामिल हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने बृहस्पतिवार को मनीमाजरा केंद्र के 'लीड फायरमैन' कमलेश्वर नेहरा को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह एसएफओ (दमकल केंद्र अधिकारी)



दशेरू सिंह की ओर से एक इंजीनियर से कथित तौर पर 80 हजार रुपए की रिश्वत ले रहा था, और बाद में सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

एजेंसी ने अग्नि सुरक्षा उपकरणों का कारोबार करने वाली एक कंपनी के इंजीनियर की शिकायत पर कार्रवाई की। इंजीनियर ने शिकायत में कहा कि उनकी कंपनी ने चंडीगढ़ में एक व्यावसायिक परिसर में अग्निशमन एवं अग्नि अलार्म प्रणाली स्थापित की थी।

सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, "यह भी आरोप लगाया गया कि मनीमाजरा केंद्र के आरोपी एसएफओ ने परिसर का दौरा किया तथा अग्निशमन एवं अलार्म प्रणाली के लिए एनओसी जारी करने के लिए एक लाख रुपए की मांग की।"

प्रवक्ता ने बताया कि सीबीआई ने गिरफ्तारी के बाद मनीमाजरा अग्निशन केंद्र और दोनों अधिकारियों के आवासों पर छापेमारी की और एजेंसी ने आरोपी एसएफओ के घर से चार लाख रुपए नकद तथा आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दुष्कर्म करने वाले पिता को 10 साल की सजा



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की एक अदालत ने 50 वर्षीय व्यक्ति को अपनी बेटी से करीब चार साल तक दुष्कर्म करने के मामले में दोषी ठहराते हुए उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फरीदाबाद हेमराज मित्तल ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए दोषी पर 60,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। पुलिस के अनुसार, दोषी पिता ने अपनी पत्नी की मौत के बाद करीब चार साल तक बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिसके बाद पीड़िता ने 2021 में एक गैर-सरकारी संस्था के माध्यम से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि उसकी शादी 2017 में हुई थी, लेकिन सास से विवाद के बाद वह अपने पति के साथ ससुराल से अपने घर लौट आई थी। उन्होंने बताया कि जब भी उसका पति घर पर नहीं होता था, तो दोषी पिता अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करता था। बाद में उसने हिम्मत जुटाई और गैर सरकारी संस्था की मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद 12 जून 2021 को मामला दर्ज किया गया।

### दिल्ली से हवाई मार्ग से जुड़ा पिथौरागढ़

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड का सीमावर्ती जिला पिथौरागढ़ दिल्ली से हवाई मार्ग से जुड़ गया और राष्ट्रीय राजधानी से पहली वाणिज्यिक उड़ान यहां नैनी सैनी हवाई अड्डे पर यात्रियों को लेकर पूर्वाह्न 11 बजे उतरी। नैनी सैनी हवाई अड्डे के प्रबंधक दीपक सैनी ने कहा, '42 सीट वाला 'एलायंस एयर' का विमान सप्ताह में तीन दिन दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पिथौरागढ़ के लिए उड़ान भरेगा। आज इसकी पहली उड़ान थी।'

### जयपुर में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा एक ट्रक (डंपर) द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मार देने के कारण हुआ। हादसा हरमाड़ा थाना क्षेत्र में न्यू लोहा मंडी रोड माचड़ा के पास हुआ। डंपर ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को टक्क र मार दी जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शव कांवटिया अस्पताल के शवगृह में रखवाए हैं। परिजनों को इस बारे में सूचना दे दी गई है।

### जरूरतमंदों की सेवा करने से बड़ा कोई एहसास नहीं : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने भारतीय न्यायपालिका के 50वें प्रमुख के रूप में शुक्रवार को अपने अंतिम कार्य दिवस पर कहा कि जरूरतमंदों और उन लोगों की सेवा करने से बड़ा कोई एहसास नहीं है, जिन्हें वह नहीं जानते थे या जिनसे कभी नहीं मिले थे। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने चार न्यायाधीशों की रस्मी पीठ की अध्यक्षता की। इस पीठ में मनोनीत प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल थे। यह पीठ न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को विदाई देने के लिए बैठी थी। प्रधान न्यायाधीश ने न केवल अपने कार्य बल्कि देश की सेवा करने का मौका मिलने के लिए भी संतुष्टि व्यक्त की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के पिता वाई वी चंद्रचूड़ लंबे समय तक (1978 से 1985) प्रधान न्यायाधीश रहे थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ नौ नवंबर, 2022 को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किए गए थे। वह 10 नवंबर (रविवार) को पदमुक्त हो जाएंगे।



### बीड़ी को लेकर हुए झगड़े में युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** शहादरा के ज्वाला नगर इलाके में एक व्यक्ति ने बीड़ी मांगने पर 20 वर्षीय युवक की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान कस्तूरबा नगर निवासी सनी के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने बताया कि पुलिस ने मामले में मुख्य संदिग्ध के तौर पर ज्वाला नगर निवासी राजेश को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने बताया कि बृहस्पतिवार को विवेक विहार थाने में एक एंबुलेंस से फोन आया कि ज्वाला नगर स्थित श्मशान घाट के पास एक युवक मृत मिला है। पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची तो वहां युवक मृत अवस्था में मिला जिसकी नाक से खून बह रहा था। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपने से पहले सब्जी मंडी शवगृह में रख दिया गया है।' राजेश ने पुलिस को बताया कि सनी उसके पास आया और उससे बीड़ी मांगी, जिससे वह क्रोधित हो गया और दोनों के बीच बहस शुरू हो गई जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। गुस्से में आकर राजेश ने एक बड़ा पत्थर उठाया और सनी पर घातक प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ छठ पर्व



**नई दिल्ली/मुजफ्फरपुर ।** लोक आस्था के प्रतीक चार दिवसीय महापर्व छठ के अंतिम दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। भारी संख्या में आस्थावान दिल्ली में बने विभिन्न घाटों पर पहुंचे और भगवान भास्कर को नमन किया। यमुना घाट पर ऐसे व्रती भी थे जो किसी कारणवश अपने गांव घर नहीं जा पाए और उन्होंने यहीं पर अपने अपनों संग छठ मनाया। वहीं, दिल्ली के अलावा झारखंड के दुमका और बिहार के मुजफ्फरपुर में भी व्रती विधिवत अर्घ्य देती दिखीं। 36 घंटे बाद महिलाओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर उपवास तोड़ा।

### सिडनी: विमान की आपात लैंडिंग के बाद रनवे पर लगी आग

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से उड़ान भरने वाले एक यात्री विमान के इंजन में शुक्रवार को खराबी आने के कारण विमान को सुरक्षित आपात लैंडिंग से पहले कई चक्कर लगाने पड़े। क्वांटस एयरलाइन ने यह जानकारी दी। सिडनी हवाई अड्डे ने एक बयान में कहा कि उसी समय रनवे के एक तरफ मौजूद घास में आग लग गई। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि दोनों घटनाएं आपस में जुड़ी हुई हैं या नहीं। आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन उड़ानों में देरी की आशंका है। 'क्वांटस' एयरलाइन ने यह नहीं बताया कि ब्रिस्बेन जा रहे ट्विन जेट बोइंग 737-800 में जब जोरदार धमाके के साथ इंजन फेल हुआ तो उस वक्त विमान में कितने यात्री सवार थे।



### अमेरिका हमारा पुराना दोस्त : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद पाकिस्तान का चीन के साथ संबंधो का समीकरण थोड़ा-बहुत हिलता हुआ नजर आ रहा है। बात इसकी पारदर्शिता की करें तो यह बात साफ तब हुई जब पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्ते लंबे समय से हैं और वे इन रिश्तों को और मजबूत करने की उम्मीद करते हैं, लेकिन इसका असर चीन के साथ संबंध पर नहीं पड़ेगा। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता से चीन के संबंध पर किए गए सवाल पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पाकिस्तान और चीन के रिश्ते बहुत मजबूत और स्थिर हैं। ये रिश्ते सदाबहार और रणनीतिक हैं, जो किसी भी अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम से प्रभावित नहीं होते। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपने देश में चीनी नागरिकों परियोजनाओं और संस्थाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### टीवी एक्टर नितिन का 35 साल की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** रियलिटी शो स्प्लिट्सविला और क्राइम पेट्रोल से फेमस हुए एक्टर नितिन चौहान की मौत हो गई है। नितिन ने 35 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनके साथ काम कर चुके एक्टर्स और फ्रेंड्स ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। नितिन की फैमिली या फिर पुलिस की तरफ से अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### महाकुंभ 2025: एप पर मिलेगी गंदे शौचालय की जानकारी

**प्रयागराज।** स्वच्छता के मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के लिए इस बार स्वच्छ महाकुंभ का आह्वान किया गया है। इसको लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 1.5 लाख टॉयलेट्स और यूरिनल्स को पूरे मेला क्षेत्र और पार्किंग स्थलों पर स्थापित किया जाना है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती इन टॉयलेट्स की साफ-सफाई को लेकर है, जिसकी पुख्ता तैयारी की गई है। क्यूआर बेस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से टॉयलेट्स में स्वच्छता का सर्वे किया जाएगा और एप के माध्यम से जिस टॉयलेट में गंदगी की जानकारी मिलेगी, उसे चंद मिनटों में क्लीन कर दिया जाएगा। सफाई के लिए जेट स्प्रे क्लीनिंग सिस्टम अपनाया जाएगा, ताकि मैनुअल सफाई की आवश्यकता न पड़े। वहीं, सेप्टिक टैंक को खाली करने के लिए भी सेसपूल ऑपरेशन प्लान रेडी कर लिया गया है।

## देश-विदेश

## भ्रष्ट लोगों के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई बहुत ही जरूरी है: राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्ट लोगों के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई बहुत ही जरूरी है, क्योंकि देरी या कमजोर कार्रवाई से ऐसे लोगों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने यहां केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वास सामाजिक जीवन का आधार है।

मुर्मू ने कहा, "यह एकता का स्रोत है। सरकार के काम और कल्याणकारी योजनाओं में जनविश्वास शासन की शक्ति का स्रोत है। भ्रष्टाचार न केवल आर्थिक प्रगति में बाधा है, बल्कि यह समाज में विश्वास को भी घटाता है। यह लोगों में भाईचारे की भावना पर प्रतिकूल असर डालता है। इसका देश की एकता और अखंडता पर भी व्यापक प्रभाव पड़ता है।" राष्ट्रपति ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा, "कार्रवाई में देरी या कमजोर कार्रवाई अनैतिक व्यक्तियों को बढ़ावा देती है, लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि हर कार्रवाई और व्यक्ति को संदेह की नजर से न देखा जाए। हमें इससे बचना चाहिए। व्यक्ति की गरिमा को ध्यान में रखा जाना चाहिए एवं कोई भी कार्रवाई दुर्भावना से प्रेरित नहीं होनी चाहिए। किसी भी कार्रवाई का उद्देश्य समाज में न्याय और समानता स्थापित करना होना चाहिए।" प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और ई-निविदा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

### उत्तराखंड में सरकारी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी

**उत्तराखंड।** लोक सेवा आयोग ने 23 भर्तियों की मुख्य परीक्षाओं के लिए संभावित परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। हाल ही में उत्तराखंड लोक लेवा आयोग ने 25 नवंबर से 24 अगस्त 2025 तक होने वाली परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। आयोग ने 23 भर्तियों की परीक्षा का टाइम टेबल यानी एग्जाम कैलेंडर आधिकारिक वेबसाइट *psc.uk.gov.in* पर जारी कर दिया है। जिसमें माध्यमिक शिक्षा विभाग, पीसीएस परीक्षा, सचिवालय प्रशासन से लेकर पुलिस विभाग की परीक्षाओं की तिथियां बताई गई हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए इस परीक्षा कैलेंडर से अभ्यर्थियों को उनकी तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

## न्यायालय ने तिरुपति लड्डू विवाद की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका की खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने पूर्ववर्ती वाई एस जगन मोहन रेड्डी नीत सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने में पशु चर्बी के कथित इस्तेमाल की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली जनहित याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया।



न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन 'ग्लोबल पीस इनिशिएटिव' के अध्यक्ष के ए पॉल द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी।

पीठ ने कहा कि आपके निवेदन के अनुसार, हमें सभी मंदिरों, गुरुद्वारों आदि के लिए अलग व्यवस्था बनानी होगी। हम यह निर्देश नहीं दे सकते कि किसी विशेष धर्म के लिए एक अलग व्यवस्था बनाई जाए।" पॉल ने अपनी याचिका में लड्डू प्रसादम की खरीद और निर्माण में भ्रष्टाचार तथा कुप्रबंधन के आरोपों की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से व्यापक जांच कराए जाने का आग्रह किया था।

शीर्ष अदालत ने करोड़ों लोगों की भावनाओं को देखते हुए चार अक्तूबर को तिरुपति लड्डू तैयार करने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय स्वतंत्र एसआईटी का गठन किया था। इसने स्पष्ट किया था कि अदालत का इस्तेमाल "राजनीतिक युद्ध के मैदान" के रूप में नहीं किया जा सकता।

## भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार

**एजेंसी, मॉस्को**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार है, क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था वर्तमान में किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। सोचि में 'वल्दाई डिस्कशन क्लब' के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि भारत के साथ रूस सभी दिशाओं में संबंध विकसित कर रहा है और द्विपक्षीय संबंधों में एक-दूसरे पर दोनों देशों का गहरा विश्वास है। उन्होंने कहा, "डेढ़ अरब की आबादी, दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज प्रगति, प्राचीन संस्कृति और भविष्य में विकास की बहुत अच्छी संभावनाओं की वजह से भारत को निसंदेह महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए।" भारत को महान देश बताते हुए पुतिन ने कहा, "हम भारत के साथ सभी दिशाओं में संबंध विकसित कर रहे हैं। भारत एक महान देश है, अब जनसंख्या के मामले में सबसे बड़ा देश है जहां की आबादी 1.5 अरब है और साथ ही जहां हर साल आबादी में एक करोड़ की वृद्धि होती है।" उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक प्रगति में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। हमारा सहयोग हर साल कई गुना बढ़ रहा है।" सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में भारत तथा रूस के बीच संपर्क विकसित हो रहे हैं।

## भारत-आसियान सहयोग समसामयिक मुद्दों से निपटने में हो सकता है महत्वपूर्ण : जयशंकर

**एजेंसी, सिंगापुर**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत और आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) के सदस्य जनसंख्या के लिहाज से बड़े देश हैं और उनका सहयोग समसामयिक मुद्दों के समाधान, खाद्य एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा म्यांमा जैसे साझा क्षेत्र में राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण हो सकता है। जयशंकर ने यह टिप्पणी आसियान-'इंडिया नेटवर्क ऑफ थिंक टैंक्स' के आठवें गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करने के दौरान की। इस गोलमेज सम्मेलन का विषय था, 'परिवर्तनशील विश्व में मार्गदर्शन: आसियान-भारत सहयोग के लिए एजेंडा'। एक दिवसीय यात्रा पर यहां आए जयशंकर ने कहा, "भारत और आसियान के सदस्य जनसंख्या के लिहाज से प्रमुख देश हैं, जिनकी उभरती मांगें न केवल एक-दूसरे को सहायता प्रदान कर सकती हैं।

### जयशंकर ने सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री गान किम योंग तथा विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात कर दोनों देशों की द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।दोनों नेताओं की इस बातचीत में औद्योगिक पार्क, नवाचार और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जयशंकर दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में सिंगापुर पहुंचे हैं।

## राहुल गांधी का एनडीए पर कड़ा प्रहार, कहा- मोदी, शाह चाहते हैं अंबानी-अडानी चलाएं देश

**एजेंसी, लोहरदगा**



लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह चाहते हैं कि देश अंबानी और अडानी चलाएं।

उन्होंने कहा कि आज देश में लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है-एक तरफ कांग्रेस, झामुमो और विपक्षी गठबंधन, जो संविधान की रक्षा के लिए खड़े हैं, तो दूसरी तरफ भाजपा-आरएसएस, जो संविधान को नष्ट करने और पूंजीपतियों के हितों की सेवा करने में लगे हैं। भाजपा बिरसा मुंडा की सोच को दबाना चाहती है, बाबा साहेब अंबेडकर और महात्मा गांधी के विचारों को खत्म करना चाहती है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा पर संविधान को खत्म करना का भी आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहकर उनके जल, जंगल और जमीन पर कब्जा करना चाहती है। अंग्रेजों ने भी आपको वनवासी कहा था और अब भाजपा भी वही कर रही है। राहुल ने कहा कि भाजपा आपको शिक्षा, रोजगार और अधिकारों से वंचित करना चाहती है।

### अमेरिका में ब्याज दर सस्ता होने से बढ़ सकती है सोने की चमक

**मुंबई।** सर्राफा बाजार का अनुमान है कि ब्याज दरों में कमी की शुरुआत होने के दौर में सोने की कीमतों में तेजी बनी रहेगी। अमेरिका के संघीय बैंक फेड कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती की घोषणा के बाद सोने के पर कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक (एमडी) कॉलिन शाह ने शुक्रवार को अपनी एक टिप्पणी में कहा कि जैसे-जैसे हम कम दर के युग में आगे बढ़ रहे हैं, सोने की कीमत में तेजी जारी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस समय सोने का भाव 1 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2710 डॉलर के स्तर पर चल रहा है। श्री शाह का मानना है कि यह दिशा मुख्य रूप से कल रात अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा नीतिगत ब्याजदर में 0. 25 अंक की दर कटौती के कारण है।

## मार्केट

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

# सेंसेक्स 55 अंक और टूटा

**एजेंसी, मुंबई**

विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने और रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 55.47 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,486.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 424.42 अंक फिसलकर 79,117.37 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 51.15



अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 24,148.20 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने वीरवार को 4,888.77 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

# ट्रेनिंग के लिए दक्षिण अफ्रीका जाएंगे नीरज चोपड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अगले साल होने वाली प्रतियोगिताओं की शुरुआती तैयारी शुरू करने की मुहिम में सत्र के इतर ट्रेनिंग के लिए इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम जाएंगे।ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता 26 वर्षीय नीरज अंतिम बार सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में खेले थे। वह दक्षिण अफ्रीका के इस शहर में ट्रेनिंग के लिए 31 दिन रहेंगे।

चोपड़ा की ट्रेनिंग का खर्चा खेल मंत्रालय उठाएगा। मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, ''वह अपनी ट्रेनिंग जल्दी शुरू करेंगे और 31 दिन के लिए पोटचेफस्ट्रूम में रहेंगे। ''

इसके अनुसार, ''नीरज की ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा, जिसमें उनके और उनके फिजियोथैरेपिस्ट के दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान रहने, खाने-पीने और ट्रेनिंग का खर्च शामिल होगा।'' चोपड़ा ने पहले भी टोक्यो और पेरिस ओलंपिक से पहले कई बार पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग की है।




उन्होंने जनवरी 2020 में भी वहां एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जो दुनिया भर में कोविड-19 महामारी फैलने से ठीक पहले हुई थी। चोपड़ा पूरे वर्ष जांघ की मांसपेशियों की परेशानी से जूझते रहे, जिससे पेरिस ओलंपिक और डायमंड लीग फाइनल में उनका प्रदर्शन भी प्रभावित हुआ। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से परामर्श लेने की बात कही थी ताकि वह इस समस्या से निजात पाने के लिए सर्जरी कराने या नहीं कराने पर फैसला ले सकें, लेकिन 27 सितंबर को चोपड़ा ने चोट की चिंताओं को खारिज कर दिया था और कहा था कि वह अपनी तकनीक सुधारने की कोशिश करेंगे।

**▶ ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा जिसमें उनके और उनके फिजियोथैरेपिस्ट का खर्च शामिल होगा**

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के तीन साल बाद पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले इस स्टार एथलीट ने कहा था, ''यह चोटों से घिरा हुआ वर्ष रहा लेकिन अब चोट ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह फिट रहूंगा।''

हाल में वह जर्मनी के कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज से अलग हो गये जिन्होंने पारिवारिक प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी के साथ अपनी पांच साल की साझेदारी समाप्त कर दी।

# बैडमिंटन : भारत के किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, इक्सान सिटी**

भारत के किरण जॉर्ज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां जापान के 5वीं वरीयता प्राप्त ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी ओबायाशी को केवल 39 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 प्रतियोगिता में एक और उलटफेर भरी जीत दर्ज की।

पहले गेम में जॉर्ज ने शुरू से लेकर आखिर तक बढ़त बनाए रखी। पहले गेम में जब जॉर्ज ने 15-6 की बढ़त बना ली थी, तब ओबायाशी ने वापसी की कोशिश की और स्कोर 12-16 कर दिया




लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने लगातार चार अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरा गेम काफी करीबी था और दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। जॉर्ज शुरुआत में 7-3 से आगे थे, लेकिन ओबायाशी ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर दिया। इसके बाद मुकाबला कांटे का रहा, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने फिर से अंतिम क्षणों में दबदबा बनाया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### कप्तान के साथ बहस के कारण जोसेफ 2 मैचों के लिए निलंबित

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय



क्रिकेट मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण की सजावट को लेकर कप्तान शाई होप के साथ सार्वजनिक रूप से असहमति जताने पर दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया है। वेस्टइंडीज ने बुधवार को खेला गया यह मैच आठ विकेट से जीतकर तीन मैचों की सीरीज अपने नाम की थी। इस मैच के दौरान जोसेफ ने क्षेत्ररक्षण को लेकर विरोध जताया था और वह कुछ समय के लिए मैदान छोड़कर बाहर चले गए थे। जोसेफ और होप के बीच चौथे ओवर से पहले लंबी बहस हुई। आलम यह था कि अंपायरों को खेल फिर से शुरू करने के लिए आग्रह करना पड़ा। ओवर के दौरान एक गेंद को ऑफ साइड पर खेले जाने के बाद जोसेफ ने होप पर गुस्सा भी उतारा। ओवर पूरा करने के बाद यह तेज गेंदबाज मैदान से बाहर चला गया, लेकिन कुछ देर बाद ही वापस लौट आया।

### बारबोरा क्रेजिसिकोवा सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली ।** बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने कोको गॉफ को सीधे सेटों में 7-5, 6-4 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक जीत दर्ज करने के बावजूद वर्ष के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। क्रेजिसिकोवा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अंतिम खिलाड़ी है। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका, झेंग किनवेन और गॉफ पहले ही अंतिम-4 में अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी थी।



### शतरंज : अर्जुन एरिगेसी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

**चेन्नई।** भारत के अर्जुन एरिगेसी चन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2024 में एलेक्से सरना पर जीत की बदौलत विश्व शतरंज रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वह तीन दौर के बाद अमीन तबाताबेई के साथ मास्टर्स वर्ग में संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। काले मोहरों से खेलते हुए 21 वर्षीय अर्जुन ने सरना पर जीत की बदौलत फिर से अपनी 2,800 ईएलओ रेटिंग हासिल कर ली और फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर लिया है। मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में अमीन तबाताबेई ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस बीच लेवोन अरोनियन ने ईरान के परम मघसूदलू पर शानदार जीत हासिल की। भारत के विदित गुजराती ने स्थानीय दावेदार अरविंद चिदंबरम से अंक बांटे। इसके अलावा प्रणव वी ने चैलेंजर्स वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और कार्तिकियन मुरली को हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की।



### बोपन्ना-इबडन की जोड़ी को एटीपी फाइनल्स में छठी वरीयता मिली

**तूरिन (इटली)।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडन को साल के अंत में होने वाले एटीपी फाइनल्स में छठी वरीयता दी गई है जिसमें यह जोड़ी अपना अभियान सोमवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावासोर की चौथी वरीय जोड़ी के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ी और शीर्ष आठ युगल जोड़ियां साल के अंत में होने वाले फाइनल्स में हिस्सा लेंगी जिससे सत्र का समापन होगा। टूर्नामेंट 11 से 17 नवंबर तक खेला जाएगा। बोपन्ना-इबडन की जोड़ी को बॉब ब्रायन ग्रुप में रखा गया है जिसमें अन्य दो जोड़ियां जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज तथा क्रोएशिया के मार्सेलो अरेवालो और एल साल्वाडोर के माटे पाविच की हैं। टूर्नामेंट में दूसरे ग्रुप का नाम बॉब ब्रायन के जुड़वा भाई माइक ब्रायन के नाम पर है। अमेरिका के जुड़वां भाईयों की जोड़ी ने लंबे समय तक युगल सर्किट में दबदबा बनाए रखा था। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष-2 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।



# राहुल का खराब प्रदर्शन जारी, फिर चरमराया भारत-ए का शीर्षक्रम

**एजेंसी, मेलबोर्न**

लोकेश राहुल का खराब प्रदर्शन जारी रहा जबकि शीर्षक्रम के अन्य बल्लेबाज भी तेज और उछाल लेती पिच पर संघर्ष करते नजर आए, जिससे भारत-ए की टीम ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ चार दिवसीय क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 73 रन बनाकर बैकफुट पर चली गई।

रोहित शर्मा अगर 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाते हैं तो राहुल सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में शामिल होने के एक दावेदार हैं, लेकिन भारत-ए की तरफ से वह दोनों पारियों में केवल 14 रन बना पाए। राहुल दूसरी पारी में 10 रन बनाकर आउट हुए।

भारतीय टीम में सलामी बल्लेबाज के एक अन्य दावेदार अभिमन्यु ईश्वरन भी मूव करती गेंदों पर संघर्ष करते नजर आए जबकि अन्य बल्लेबाजों का भी यही हाल रहा। भारत-ए की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी है जबकि उसे केवल 11 रन की बढ़त हासिल है।

ऑस्ट्रेलिया-ए ने भारतीय टीम को पहली पारी में 161 रन पर आउट करने के बाद अपनी पहली पारी में 223 रन बनाए और इस तरह से उसने 62 रन की बढ़त हासिल की।


विकेट लेने के बाद खुशी मनाते प्रसिद्ध कृष्णा।

भारतीय टीम के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन दूसरी पारी में भी जारी रहा, जिससे ऑस्ट्रेलिया की टीम दो मैच की सीरीज में 'क्लीन स्वीप' करने के करीब पहुंच गई है। उसने पहला मैच सात विकेट से जीता था। मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे मैच में राहुल अजीब तरीके से आउट हुए। उन्होंने हल्की उछाल लेती गेंद को खेलने का प्रयास ही नहीं किया जो उनके पैड से लगकर विकेटों में समा गई। राहुल 44 गेंद की अपनी पारी के दौरान रन बनाने के लिए जूझते रहे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए बैकअप सलामी बल्लेबाज के रूप में भारतीय टीम में चुने गए अभिमन्यु दूसरी पारी में भी नाकाम रहे। अभिमन्यु पहली पारी में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 31 गेंद पर 17 रन बनाए।

शीर्षक्रम के अन्य बल्लेबाजों के भी नहीं चल पाने के कारण भारत-ए का स्कोर पांच विकेट पर 56 रन हो गया। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (नाबाद 19) और नितीश कुमार रेड्डी (नाबाद 9) ने इसके बाद टीम को आगे कोई झटका नहीं लगने दिया।

इससे पहले प्रसिद्ध कृष्णा के चार विकेट और मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया की टीम को 62.1 ओवर में 223 रन पर आउट कर दिया।

ऑस्ट्रेलिया-ए की तरफ से मार्कस हैरिस ने 138 गेंदों में 74 रन बनाए, जबकि निचलेक्रम के बल्लेबाज रोचिसिओली ने 28 गेंदों में 35 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें दो छक्के और तीन चौके शामिल हैं।

# यूरोपीय प्रतियोगिता में एक साल बाद जीता मैनचेस्टर




**एजेंसी, मैनचेस्टर (इंग्लैंड)**

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अमाद डायलो के दो गोल की मदद से यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पीएओके को 2-0 से हराया जो उसकी किसी यूरोपीय प्रतियोगिता में पिछले एक साल से भी अधिक समय में पहली जीत है।

अमाद डायलो ने दोनों गोल दूसरे हॉफ में किए, जिससे यूनाइटेड की प्रतियोगिता में आगे बढ़ने की उम्मीदों को मजबूती मिली। यूनाइटेड ने इससे पहले किसी यूरोपीय प्रतियोगिता में अपनी आखिरी जीत पिछले साल 24 अक्तूबर को चैंपियंस लीग में कोपेनहेगन के खिलाफ दर्ज की थी। इस बीच टोटेनहम का प्रतियोगिता में विजय अभियान गैलाटसराय से 3-2 की हार के साथ समाप्त हो गया।

पेड्रो रोड्रिग्ज के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से लाजियो ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की।

# खोई प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए अपना पुराना जोश और जुनून जगाएं कोहली-रोहित : चैपल

**एजेंसी, मेलबोर्न**

भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को अगर अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करनी है तो उन्हें अपने युवा दिनों के जोश और जुनून को फिर से जगाना होगा।

भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार खेलने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है जहां पांच मैच की सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। कोहली और रोहित इस महत्वपूर्ण सीरीज से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। चैपल ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड में अपने कॉलम में सचिन तेंदुलकर के साथ 2005 में हुई बातचीत का जिक्र करते हुए उम्र बढ़ने के साथ खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया है।



तेंदुलकर ने चैपल के विचार जानने के लिए उनसे पूछा,''ग्रेग उम्र बढ़ने के साथ बल्लेबाजी करना मुश्किल क्यों हो जाता है जबकि उसे आसान होना चाहिए। चैपल ने लिखा है,''मैंने उनसे कहा कि उम्र बढ़ने के साथ पहले की तरह बल्लेबाजी करने के लिए मानसिक जरूरतें बढ़ जाती है।'' उन्होंने कहा,''बल्लेबाजी करना मुश्किल हो जाता है क्योंकि आपको अहसास हो जाता है कि इस स्तर पर रन बनाना कितना मुश्किल हो जाता है तथा एकाग्रता बनाए रखना कितना कठिन हो जाता है जो कि सफल होने के लिए आवश्यक हैं।''

चैपल ने कहा, ''उम्र बढ़ने के साथ आपकी आंखों की रोशनी या रिफ्लेक्स कम नहीं होते बल्कि वह एकाग्रता है जिसे बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है। जब आप युवा होते हैं तो आपके दिमाग की एकाग्रता रन बनाने पर होती है। उम्र बढ़ने के साथ विरोधी टीम भी आपकी कमजोरी को जानने लगते हैं तथा आप परिस्थितियों को लेकर अधिक सजग हो जाते हैं।''

# आईपीएल के जरिए खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाना चाहते हैं जेम्स एंडरसन

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि उन्होंने खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आगामी मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। एंडरसन (42 वर्ष) ने साल के शुरु में टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाज के रूप में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त किया था।

उन्होंने आखिरी बार 2014 में अपना अंतिम टी-20 मैच खेला था। वह आईपीएल में कभी नहीं खेले हैं। उन्होंने 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत किया और अपना आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपए रखा है। एंडरसन ने साल के शुरू में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया और इंग्लैंड के लिए 188 मैच में 704 विकेट लिए। इससे वह श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के स्पिन जादूगर शेन वार्न (708) के बाद तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।




एंडरसन ने कहा, ''मेरे अंदर अब भी कुछ ऐसा है जिससे लगता है कि मैं अब भी खेल सकता हूं। मैंने कभी आईपीएल नहीं खेला है। मैंने कभी इसका अनुभव नहीं किया है और कई कारणों से मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है। ''

उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग में खेलकर वह बतौर गेंदबाज अपना ज्ञान ही नहीं बढ़ाना चाहते बल्कि बतौर कोच और अनुभव और ज्ञान हासिल करना चाहते हैं।

**क्रिकेट** मेजबान ऑस्ट्रेलिया को दूसरे वनडे में 9 विकेट से हराकर 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की

# पाकिस्तान की जीत में चमके रउफ और अयूब

**एजेंसी, एडिलेड**

तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने 29 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 82 रन की आकर्षक पारी खेली, जिससे पाकिस्तान ने शुक्रवार को यहां दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज बराबर की।

रउफ की अच्छी लेंथ और गति से कराई गई गेंदों के सामने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए और उसकी पूरी टीम 35 ओवर में 163 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में एक विकेट पर 169 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की सीरीज को ध्यान में रखते हुए अपने पांच प्रमुख खिलाड़ियों को इस मैच से विश्राम दिया है। ऑस्ट्रेलिया के आठ बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, लेकिन कोई भी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। उसकी तरफ से स्टीवन स्मिथ ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से रऊफ के अलावा तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने 26 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने विकेट के पीछे पांच कैच लपके। इनमें से चार कैच उन्होंने रऊफ की गेंदों पर लिए।




ऑस्ट्रेलिया ने मिशेल स्टार्क, स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड को अंतिम मैच से विश्राम दिया है। इस मैच के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को अंतरिम कप्तान बनाया गया है।

मिशेल मार्श और ट्रैविस हेड के पितृत्व अवकाश पर होने के कारण इंगलिस अगले सप्ताह पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 मैचों में भी टीम का नेतृत्व करेंगे।

## अयूब-शकीफ के बीच 137 रन की साझेदारी

164 रन के जवाब में उतरी पाकिस्तान टीम ने 141 गेंद पहले ही एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। साइम अयूब ने सबसे ज्यादा 82 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 6 छक्के लगाए। अयूब और शकीफ के बीच 137 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। जम्पा ने 20.2 ओवर में अयूब को आउट किया। उनके पवेलियन लौटने के बाद शफीक और बाबर आजम मिलकर पाकिस्तान को जीत की दहलीज तक लेकर आए। शकीफ ने 69 गेंदों में नाबाद 64 रन और बाबर ने 20 गेंदों में नाबाद 15 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सीरीज का आखिरी वनडे मैच 10 नवंबर को खेला जाएगा।

# आईसीसी रेटिंग में चेपक 'बहुत अच्छा'

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश के खिलाफ भारत के टेस्ट मैच के लिए इस्तेमाल की गई चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच को 'बहुत अच्छा' माना है जबकि सत्र के दौरान इस्तेमाल किए गए अन्य चार घरेलू केंद्रों को 'संतोषजनक' माना गया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ इस्तेमाल किए गए सभी तीन टेस्ट स्थल (बेंगलुरू का चिन्नास्वामी स्टेडियम, पुणे के गहुंजे में महाराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम और मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम को आईसीसी मैच रेफरी से 'संतोषजनक' रेटिंग मिली। हालांकि कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम के आउटफील्ड को आईसीसी मैच रेफरी जेफ क्रो ने 'असंतोषजनक' रेटिंग दी है।

सरकारी स्वामित्व वाले स्टेडियम की खराब जल निकासी प्रणाली के कारण बांग्लादेश के खिलाफ केवल दो पूरे दिन का खेल हो सका और पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग दिए जाने के बावजूद आउटफील्ड न्यूजीलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर की नाराजगी से नहीं बच पाई।